दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 120 | जयपुर | मंगलवार, 04 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
28.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स 73,085.94 -112.16 (0.15%)
निफ्टी 22,119.30 -5.40 (0.024%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना 87,825 /10g
चांदी 97,000 /Kg

## चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल
## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला






बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल खेला जाएगा। दुबई में खेले जाने वाले पहले सेमीफाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने-सामने होंगी। आईसीसी वनडे इवेंट्स के नॉकआउट मैचों में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें 6 बार आमने-सामने हो चुकी हैं। इस तरह भारत और ऑस्ट्रेलिया 7वीं बार आईसीसी वनडे इवेंट्स के नॉकआउट मैच में भिड़ेंगी।

मंगलवार, 4 मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल खेला जाएगा। दुबई में खेले जाने वाले पहले सेमीफाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने-सामने होंगी। आईसीसी वनडे इवेंट्स के नॉकआउट मैचों में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें 6 बार आमने-सामने हो चुकी हैं। इस तरह भारत और ऑस्ट्रेलिया 7वीं बार आईसीसी वनडे इवेंट्स के नॉकआउट मैच में भिड़ेंगी। जानें आईसीसी वनडे इवेंट्स के नॉकआउट मैचों में किसका पलड़ा भारी रहा है?

आईसीसी वनडे इवेंट्स के नॉकआउट मैचों में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 3 बार हराया है। चैंपियंस ट्रॉफी 1998 क्वॉटर फाइनल में दोनों टीमें पहली बार भिड़ीं। जिसमें भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 44 रनों से हरा दिया। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 20 रनों से हराया। इसके बाद वनडे वर्ल्ड कप 2011 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने भारतको आईसीसी वनडे इवेंट्स के नॉकआउट मैचों में 3 बार हराया है। वनडे वर्ल्ड कप 2003 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 125 रनों से हराया। इसके बाद वनडे वर्ल्ड कप 2015 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को हराया। इसके अलावा वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हरा दिया।

हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2 बार हराया है। वहीं, अब तक चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को हराने में ऑस्ट्रेलिया नाकाम रहा है। लेकिन वनडे फॉर्मेट में ओवरऑल रिकॉर्ड उल्ट है। अब तक भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 151 वनडे खेले गए हैं। जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 84 जीते हैं, जबकि भारत को 67 मैचों में जीत मिली है।

### संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली सीएम बोलीं- बजट सत्र 24-26 मार्च के बीच होगा
### सुझाव के लिए मेल और वॉट्सएप नंबर जारी किए, कहा- हम हर वादे पूरे करेंगे


बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 से 26 मार्च के बीच होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उनके साथ कैबिनेट के 6 मंत्री भी मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने बजट के लिए दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। रेखा गुप्ता ने बताया कि हम दिल्ली की जनता का बजट लाना चाहते हैं।

इसके लिए हमनें दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। हमारे सभी मंत्री और विधायक भी लोगों से मिलेंगे और दिल्ली की बेहतरी के लिए लोगों से जरूरी सुझाव लेंगे। सीएम ने कहा कि सरकार छुट्टियों में भी काम कर रही है। सचिवालय में शनिवार और रविवार को भी अफसर काम कर रहे हैं। मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहती हूं कि हमनें जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे।

सत्र के आखिरी दिन सीएजी रिपोर्ट पर हंगामा दिल्ली विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सोमवार को सीएजी की पेश दो रिपोर्ट- शराब नीति और हेल्थ पर चर्चा हो रही है। सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। 25 और 28 फरवरी को दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने विधानसभा में दोनों की रिपोर्ट रखी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई।





## पीएम मोदी का गुजरात दौरा, गिर में शेर देखने पहुंचे...
### फोटोग्राफी भी की, राजकोट में परियोजनाओं का उद्घाटन कर दिल्ली के लिए हुए रवाना

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के मौके पर सोमवार सुबह वे गिर नेशनल पार्क में एशियाटिक शेरों को देखने पहुंचे। उन्होंने फोटोग्राफी भी की। पीएम के गिर पहुंचते ही वहां मोदी-मोदी के नारे लगे। मोदी रात में सासण में रुके थे। गिर के सिंह सदन से लौटने के बाद मोदी नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके बाद राजकोट में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने के बाद दिल्ली रवाना हो गए।

मोदी ने रविवार को सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इससे पहले वे वनतारा गए थे। जामनगर स्थित वनतारा पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र है।

इसकी देखरेख मुकेश अंबानी के बेटे अनंत करते हैं। शनिवार से गुजरात दौरे पर हैं पीएम पीएम मोदी ने शनिवार रात को जामनगर में रोड शो किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार की रात 8 बजे जामनगर पहुंचे। जामनगर एयरपोर्ट से पायलट हाउस तक करीब 5 किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद उन्होंने जामनगर के पायलट हाउस में ही रात्रि विश्राम किया।

## विधानसभा में कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार ने दी गाली
### शाति धारीवाल पर तंज कस रहे थे; बोले- सदन में मोबाइल नहीं चलता,तो जेल में क्यों चलता है...?



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विधानसभा में गृह विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार ने गाली दे दी। श्रवण कुमार कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल पर तंज कस रहे थे, उसी दौरान फ्लो में बोलते हुए उन्होंने गाली दे दी। श्रवण कुमार ने कहा- विधानसभा में मोबाइल नहीं चलता, तो जेल का मोबाइल क्यों चलता है? अभी धारीवाल जी भाषण (गाली) दे रहे थे। अरे, तुमने सुधार किया ही नहीं, आप ढाई साल मंत्री रहे, थैला लेकर घूमते रहे। मैं कहता था तो कहते थे,मेरे बस की बात नहीं है, बस की बात नहीं तो क्या करोगे?

**गणेश घोघरा ने जूते वाली टिप्पणी के लिए लिखित माफी मांगी :** कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने जूते वाली टिप्पणी के लिए लिखित में माफी मांगी है। घोघरा ने स्पीकर वासुदेव देवनानी को चिट्ठी लिखकर टिप्पणी पर खेद जताया है। इससे पहले विधानसभा में सोमवार को आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश होने पर जमकर हंगामा हुआ था। कांग्रेस के विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। इससे पहले जमकर नारेबाजी भी की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि विधायकों को डराने-धमकाने की साजिश की जा रही है। स्पीकर (विधानसभा अध्यक्ष) वासुदेव देवनानी ने कहा कि विशेषाधिकार समिति इस पर फैसला करेगी।

**गलत तथ्य देकर समय जाया करने का आरोप :** सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग का तर्क था कि सुभाष गर्ग ने 24 फरवरी को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान भरतपुर के लोहागढ़ में रहने वालों को नोटिस देने के मामले को उठाया। गलत तथ्य देकर विधानसभा का समय जाया किया।

## खाटू नगरी में आस्था की गूंज, भक्ति और उल्लास का संगम, फाल्गुन मेले में भक्तों का जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**खाटूश्याम।** श्रद्धा, आस्था और भक्ति के संगम खाटू नगरी में बाबा श्याम के वार्षिक फाल्गुनी मेले की रौनक चरम पर है। मेले के चौथे दिन श्याम प्रेमियों का जनसैलाब खाटूधाम में उमड़ पड़ा। पूरा क्षेत्र हारे के सहारे, शीश के दानी, लखदातार की जय के जयकारों से गूंज रहा है।

### सेवा भाव में जुटे श्रद्धालु, भंडारों में उमड़ी भीड़

भक्तों के स्वागत के लिए हर जगह भंडारे लगाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को गर्मागरम भोजन और चाय परोसी जा रही है । खाटू नगरी का हर कोना जगमगा उठा है, मंदिर को भव्य सजावट से अलौकिक रूप दिया गया है। गर्मी से राहत के लिए जगह-जगह सुगंधित फव्वारों की व्यवस्था की गई है, जिससे भक्तों को ठंडक मिले।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 7000 जवान तैनात

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। 7000 पुलिसकर्मी, होमगार्ड और मंदिर कमेटी के गार्ड सुरक्षा संभाल रहे हैं। भक्त 14 लाइनों में व्यवस्थित रूप से बाबा श्याम के दर्शन कर रहे हैं। मेले का उल्लास जारी है और हर पल खाटू नगरी भक्ति रस में डूबी हुई नजर आ रही है।




Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers


Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur

## मायावती ने भतीजे आकाश को पार्टी से निकाला
### कहा- वे ससुर के इशारों पर काम कर रहे थे 15 महीने में 2 बार उत्तराधिकारी बनाया और हटाया

बढ़ता राजस्थान

**उत्तर प्रदेश ( एजेंसी )।** बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि आकाश को पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन आकाश ने जो प्रतिक्रिया दी, वह राजनीतिक मैच्योरिटी नहीं है। वो अपने ससुर के प्रभाव में स्वार्थी, अहंकारी हो गया है। बसपा सुप्रीमो ने एक दिन पहले ही आकाश को पार्टी के सभी पदों से हटाया था और कहा था कि वे उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं।

उन्होंने कहा था, मेरे जीते-जी और आखिरी सांस तक पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मेरे लिए पार्टी और आंदोलन सबसे पहले हैं, परिवार और रिश्ते बाद में आते हैं। जब तक मैं जीवित रहूंगी, तब तक पूरी ईमानदारी से पार्टी को आगे बढ़ाती रहूंगी।

### 15 महीने में 2 बार उत्तराधिकारी बनाया

आकाश मायावती के सबसे छोटे भाई के बेटे हैं। उन्हें 15 महीने में 2 बार उत्तराधिकारी घोषित किया गया, लेकिन दोनों ही बार हटा दिया। सबसे पहले 10 दिसंबर, 2023 को उत्तराधिकारी बनाया। 7 मई, 2024 को गलतबयानी की वजह से सभी जिम्मेदारियां छीन ली गईं। 23 जून 2024 को फिर से उत्तराधिकारी बनाया और नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी सौंप दी, लेकिन 2 मार्च 2025 को उनसे फिर सारी जिम्मेदारियां छीन लीं। 3 मार्च को उन्हें पार्टी से ही बाहर कर दिया गया।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## निराश्रित, बेसहारा, व्याकुल नंदी की सेवा के लिए की नंदी गौशाला की स्थापना : महामंडलेश्वर सीताराम दास

- आगामी 5 साल में होगी 5000 से अधिक नंदी और गौमाता की सेवा
- समय-समय पर होते है, नंदी गौशाला में कई अनूठे कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले की ग्राम पंचायत आगरिया में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान नंदी गौशाला में विगत 6 वर्षों से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घूमती, निराश्रित बेसहारा नन्दी व गौमाता की देखभाल करते हुए यह गौशाला ने नए आयाम स्थापित किए है। पिछले कुछ वर्षों में ही इस गौशाला के कार्यो व गौसेवा के प्रति समर्पित गौशाला समिति के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष व संस्थापक महामंडलेश्वर संत सीताराम दास महाराज की देखरेख में गौ, नन्दी सेवा से अनेक गौवंशो को नया जीवन मिला है। वहीं नगर सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से भी अनेक समाजसेवी, गौभक्तो द्वारा दिल खोलकर की गई गौसेवा में जीवन के अर्थ को समर्पित करते हूए इस गौशाला को व्यवस्थित रूप से चलाने में बड़ी मदद की गई है। इन्ही गौभक्त भामाशाह के द्वारा की गई आर्थिक सहायता से इस गौशाला में अनेक प्रकार के निर्माण कार्य करवाए गए जिससे गौ, नन्दी की देखभाल करने में सहायता मिली है। गौशाला समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन गौ माता के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्यान्न सामग्री के साथ ही देसी घी की लापसी, गुड़, हरा रचका इत्यादि गौ, नन्दी को खिलाया जाता है। समय समय पर गौ चिकित्सको के द्वारा समस्त गौवंशो की मेडिकल जांच व इलाज के साथ उचित देखभाल की जा रही है।

### नंदी गौशाला की स्थापना क्यों व कैसे हुई

संत सीताराम दास महाराज ने बताया कि जीव दया के कारण मन ये विचार आया कि हिंदू धर्म में जो नंदी, है उनका बहुत महत्व है, वैदिक काल से ही बेल के माध्यम से खेती होती आ रही है, बेल से जो खेती होती हैं उससे उत्पादित अनाज में पाप नहीं होता है। किंतु आज के समय में ट्रैक्टर से खेती होने लग गई जिससे नंदी बेल को लोग सडक़ों पर छोड़ देते है, जिससे उनका बहुत तिरस्कार, अवहेलना हो रही है। नंदी कुल्हाड़ी खाने को मजबूर है। नंदी की बड़े बेरहमी से कत्लखानों में हत्या हो रही है। नंदी रोड पर कूड़ा, कचरा खाने को मजबूर है, क्योंकि गौचर, ओरण भूमि पर लोगो ने कब्जा कर दिया। इसी पीड़ा को देख कर मन में नंदी गौशाला स्थापित करने का विचार मन में जगा।

## सदर थाना पुलिस ने वन विभाग की टीम पर हमला करने के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, एलएनटी मशीन को भी किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( नि.स. )।** सदर थाना पुलिस ने वन विभाग की टीम पर हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया-वन विभाग की टीम अवैध खनन रोकने के लिए 4 दिसंबर को सांकड़ा गांव पहुंची थी। टीम ने मौके पर अवैध खनन में प्रयोग की जा रही एलएनटी मशीन को जब्त कर सीजर मार्का लगाया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने वन कर्मियों के साथ मारपीट की।आरोपियों ने वन विभाग की सरकारी जीप में तोड़फोड़ की और सीजर मार्का को फाड़ दिया। इस घटना में सहायक वनपाल पिंटी सिंह घायल हो गए। उन्होंने थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने तीन महीने की जांच के बाद दो आरोपियों घनश्याम मीना और किल्लू मीना को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध खनन में प्रयुक्त एलएनटी मशीन को भी जब्त कर लिया गया है। करवाई टीम में बदन सिंह रजन लाल शिव सिंह हेड कांस्टेबल शिवलाल हेड कांस्टेबल प्रधान महेंद्र संजय शुगर सिंह रामभान समय सिंह, लक्ष्मी, शकुंतला शादी की अहम भूमिका रही।

## वर्ल्ड लाइफ डे पर दी उपयोगी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** अणुव्रत समिति उदयपुर द्वारा वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के अवसर पर तुलसी निकेतन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासनमुनि सुरेश कुमार के साहवर्ती मुनिश्री संबोध कुमार ने कहा कि हमारा जीवन बहुत उपयोगी है। इसे दूसरों की भलाई के लिये काम में लेना चाहिये। अपने लिये तो सभी जीते है लेकिन दूसरों के लिये जीना ही वास्तविक जीवन है। इस अवसर पर अणुव्रत समिति के अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा ने सभी का स्वागत किया।

# शुद्ध आहार, मिलावट पर वारः खाद्य सुरक्षा टीम का बड़ा एक्शन

## होली पर मिलावट नहीं चलेगी- खाद्य सुरक्षा विभाग का सख्त अभियान

## स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं- ब्यावर में खाद्य सुरक्षा टीम का कड़ा संदेश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के बाजारों में औचक निरीक्षण पर निकली शुद्ध आहार, मिलावट पर वार को लेकर खाद्य सुरक्षा टीम ने की कई दुकानों पर जांच कर सेम्पल लिए। ब्यावर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शुद्ध आहार, मिलावट पर वार के तहत जिला कलक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत एवं अति जिला कलक्टर मोहनलाल खटनावलिया के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा खाद्य पदार्थों की शुद्धता जांच हेतु औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया।



**महावीर लस्सी भंडार पर भी निरीक्षण :** जांच दल ने महावीर लस्सी भंडार का भी निरीक्षण किया, जहां से लस्सी, रबड़ी एवं कलाकंद के सैम्पल लिए गए। संस्थान को स्वच्छता के आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

**साहू ट्रेडर्स पर घी और तेल के सैंपल लिए गए :** साहू ट्रेडर्स पर खाद्य सुरक्षा टीम ने छापा मारा, जहां से घी एवं तेल के सैंपल लिए गए।

### गणेश मिष्ठान भंडार पर बड़ी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा टीम ने गणेश मिष्ठान भंडार पर औचक निरीक्षण किया, जहां 50 किलोग्राम अवधि पार मिठाइयाँ एवं खाद्य सामग्री (तिलपट्टी, सोहन पापड़ी, रसगुल्ला, बिस्कुट, ब्रेड आदि) पाई गईं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट किया गया। इसके अलावा, बदबूदार चासनी व उपयोग में लिया गया तेल भी जांच दल को संदिग्ध मिला, जिसे तत्काल नष्ट किया गया। संस्थान में साफ-सफाई की स्थिति बेहद अव्यवस्थित पाई गई, जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिठाइयों पर लैबल नहीं लगे हुए थे, जिसके लिए दुकान संचालक को तुरंत लैबलिंग करने के निर्देश दिए गए।

### सैंपल लैब जांच के लिए भेजे गए, होगी सख्त कार्रवाई

सभी लिए गए सैंपल अजमेर स्थित लैब में परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। यदि रिपोर्ट असंतोषजनक आती है, तो संबंधित संस्थानों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी लनारायण सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए विशेष खाद्य शुद्धता अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी तरह की मिलावट या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अवधि पार नमकीन भी पाई गई, जिसे मौके पर नष्ट कराया गया। इसके अलावा, नमकीन उत्पादों पर उचित लैबल नहीं थे, जिस पर दुकानदार को सख्त निर्देश दिए गए।

## झारेडा में हुआ कन्हैया दंगल का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( नि.स. )।** झारेडा गाँव सपेरे बाले बाबा के सानिध्य में खारी बाले हनुमान जी के स्थान पर कन्हैया दंगल का हुआ आयोजन।दीना मीना ने बताया कि कन्हैया दंगल में दादनपुर,नांगल,मीना बड़ौदा,बूकना(सपोटरा)कि कन्हैया पार्टीयों ने अपनी प्रस्तुतिया दी,सभापति राजेश कुमार मीना ने बताया कि नांगल कि कन्हैया पार्टी ने गोवर्धन कि कथा,दादनपुर कि पार्टी ने बाणासुर कि कथा,मीना बड़ोदा कि पार्टी ने शिखण्डी के जन्म कि कथा,बूकना कन्हैया पार्टी ने भक्त पूरणमल कि कथा को अपने शब्दों में पिरोकर प्रस्तुत किया।दंगल में कन्हैया पार्टीयों ने पौराणिक और धार्मिक कथाओं कि प्रस्तुति दी।कन्हैया पार्टीयों के मेडीयाओ का साफा बंधन कर स्वागत किया गया।धवलेराम मीना लालाराम का पुरा,इमारत मेडीया गाजीपुर,रामा मेडीया खेड़ी घाटम,जगन मेडीया अलीपुरा का भी स्वागत किया गया। आसपास के गांवों के लोगों ने प्रस्तुतियों का आनंद लिया ।

## अंधेरी देवरी से ब्यावर तक डिवाइडर लगाने की मांग

## भारतीय श्री सीमेंट कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** भारतीय श्री सीमेंट कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ) के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला कलेक्टर, ब्यावर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अंधेरी देवरी से ब्यावर तक की सड़क पर डिवाइडर लगाने की मांग की गई।

संघ के महामंत्री शंकर सिंह लगेत ने बताया कि इस सड़क पर भारी संख्या में वाहन चलते हैं, साथ ही आसपास के गांवों के लोग और श्री सीमेंट फैक्ट्री के कर्मचारी इसी मार्ग से रोजाना आवाजाही करते हैं। सड़क पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए डिवाइडर लगाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को मेगा हाईवे के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे यातायात का दबाव और बढ़ेगा और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाएगी।




संघ के अध्यक्ष दिलीप ताक ने जानकारी दी कि ब्यावर क्षेत्र में उदयपुर रोड चुंगी नाका, अजमेर रोड सहित कई इलाकों को एक्सीडेंटल ज़ोन घोषित किया गया है। इन स्थानों पर भी जल्द से जल्द डिवाइडर और स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की आवश्यकता है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके। संघ ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि डिवाइडर लगाने की अनुमति जल्द से जल्द दी जाए, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके और लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से राहत मिले। इस मौके पर संघ के संरक्षक दिलीप सेन, ब्यावर भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री दिलीप जांगिड़, मनोहर सिंह, अजीत सिंह, पप्पू सिंह, नीरू काठात, रोशन काठात, अशरफ काठात, राजेंद्र भाटी, हितेश शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया : सचिन पायलट

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** प्रदेश के पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट का जयपुर से पाली जाते समय ब्यावर में भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत जीरो पुलिया पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य और कांग्रेस के प्रत्याशी रहे पारस पंच के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस सेवादल और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने माला, तिरंगा दुपट्टा और एनएसयूआई के दुपट्टे पहनाकर उनका अभिनंदन किया। डिप्टी सीएम पायलट ने प्रदेश एनएसयूआई द्वारा आयोजित नशा मुक्ति अभियान नशा छोड़ो...जीवन जोड़ो के तहत पाली से सोजत साइकिल यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर



हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान शासन में अपराध बढ़ते जा रहे हैं। गली-मोहल्लों में महिलाओं के साथ छेड़छाड़, चैन स्नेचिंग, लूट और हत्या जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता को जागरूक करें और भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करें। सचिन पायलट अपने निर्धारित समय से करीब दो घंटे देरी से ब्यावर पहुंचे, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के प्रदेश संगठन मंत्री सोहन मेवाड़ा, जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, राजेंद्र ओस्तवाल, शमशेर चाचा, पूर्व सरपंच पप्पू काठात, जशोदा गुर्जर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पप्पू काठात, ऋषि लाम्बा, हरि सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## राजपुरा दरीबा वॉलीबाल टूर्नामेंट में जिंक सम्राट टीम बनी विजेता



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** दरीबा में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की ओर से राजपुरा दरीबा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। टूर्नामेंट का आयोजन लोकेशन हेड बलवंत सिंह राठौड़ के निर्देशन में किया गया, जिसमें कर्मचारियों की 9 टीमों ने भाग लिया। पांच दिनों तक आयोजित इस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला 1 मार्च को जिंक सम्राट और राइनो रेंजर्स टीमों के बीच हुआ, जिसमें जिंक सम्राट ने विजय प्राप्त कर टूर्नामेंट की विजेता टीम बनी। टूर्नामेंट का शुभारंभ 25 फरवरी को हुआ था। आयोजन के अंतिम दिन बलवंत सिंह राठौड़, दरीबा खान मजदूर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरहरीदेव सिंह राठौड़ सहित जिंक के अधिकारी एवं मजदूर संघ के प्रतिनिधि उपस्थिति थे। टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों की भी भारी संख्या थी, जिन्होंने पांच दिनों तक इस आयोजन का भरपूर लुत्फ उठाया। यह टूर्नामेंट कर्मचारियों के बीच एकता, सामूहिकता और खेल भावना को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन अवसर साबित हुआ।

## राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ कर रही राजसमंद संसदीय क्षेत्र का लगातार दौरा

## स्कूलों में विद्यार्थियों से संवाद, धार्मिक स्थल पर दर्शन और विकास कार्यों का उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने आज अपने दौरे के दौरान राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा बनते हुए लोगों से मुलाकात की और कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया। सांसद महिमा कुमारी ने सबसे पहले राम कथा में भाग लिया, जो लावा सरदारगढ़ में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संतों से आशीर्वाद लिया और राम कथा श्रवण किया। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों से धर्म, संस्कृति और सेवा की भावना को बढ़ावा देने की अपील की।इसके बाद, सांसद महिमा कुमारी ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुवारिया का दौरा किया। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें अपने जड़ों से जुड़ने का महत्व समझाया। सांसद महिमा कुमारी




ने विद्यार्थियों से कहा कि आपका शिक्षा जीवन और संस्कार आपकी जड़ों से जुड़ा होना चाहिए। जीवन में सफलता पाने के लिए अपने मूल्यों और संस्कृति को समझना और अपनाना बहुत जरूरी है। इसके पहले, सांसद ने विद्यालय परिसर का दौरा किया, जहां *पहल संस्थान और विद्यालय प्रबंधन ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के कमरों में आवश्यक उपकरणों की स्थापना की गई थी। इस आयोजन में सांसद ने पहल फाउंडेशन और दानदाताओं की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। विद्यालय कार्यक्रम के बाद, महिमा कुमारी मेवाड़ ने *चारभुजा मंदिर (कुंवारिया) में दर्शन किए और *चारभुजा जी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और क्षेत्रवासियों के लिए सुख-शांति की कामना की।इसके बाद, उन्होंने हनुमान मंदिर (कुंवारिया) का दौरा किया, जहां उन्होंने बजरंगबली से आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर परिसर में स्थित *गौशाला* का निरीक्षण किया। इसके बाद, महिमा कुमारी मेवाड़ ने जुणदा खेड़ी में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा कक्षों के निर्माण,विज्ञान प्रयोगशाला, स्नानघर,शौचालय,शमशान घाट, ट्यूबवेल और *साराय निर्माण* जैसे कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के स्थानीय लोग उपस्थित थे।सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपने भाषण में कहा, हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारे क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर चल रहे हैं और हम लगातार अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। इन कार्यों से लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और यह क्षेत्र समृद्ध होगा।

## जांच अधिकारी बदलने और दोबारा मेडिकल कराने की मांग को लेकर नाबालिक गैंगरेप की पीड़िता चढ़ी टावर पर

### टंकी और मोबाइल टावर पर चढ़ने का जिल में बढ़ता चलन प्रशासन के लिए चिंता का विषय

बढ़ता राजस्थान

**दौसा( भरत सिंह )।** दौसा जिले के सिकराय के एक गांव में लगे मोबाईल टावर पर पोक्सो के केस में पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाते हुए एक नाबालिक गैंगरेप की पीड़िता टावर पर चढ़ गई और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता के द्वारा जांच अधिकारी बदलने और दोबारा मेडिकल कराने की मांग करने को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ी थी। नाबालिक पीड़िता करीब 4 घंटे मोबाइल टावर पर चढ़ी रही। सूचना पर मौके पर पहुंचे मानपुर थाना अधिकारी व एसडीएम नवनीत घूमने काफी समझाइस की लेकिन पीड़ित अपनी मांग पर अडिग रही। 4 घंटे के पश्चात आश्वासन देने के बाद पीड़िता मोबाइल टावर से उतरी। गौरतलब है कि मानपुर थाने में 7 महीने पहले लड़की ने पोक्सो एक्ट में गैंगरेप का मामला दर्ज कराया था। उसके साथ दो आरोपीयो ने रेप किया था। लेकिन पुलिस ने आरोपियों के दबाव में कार्रवाई नहीं कि ऐसे में जयपुर रेंज आईजी और एसपी को भी शिकायत दे चुकी थी। न्याय की गुहार को लेकर पीड़िता मोबाइल टावर पर चली थी। बताया जा रहा है कि जांच अधिकारी नांगल राजावत डीएसपी चारुल गुप्ता को बदलने व मेडिकल दोबारा करने की मांग पीड़िता के द्वारा की गई थी। लेकिन पीड़िता को न्याय नहीं मिलने के चलते मोबाइल टावर पर चढ़कर न्याय के लिए गुहार लगाई। हालांकि समझाइए इसके बाद पीडिता करीब 4 घंटे के बाद



मोबाइल टावर से नीचे उतरी तो प्रशासन ने रहत की साँस ली। लेकिन लगातार दौसा जिले में पानी की टंकी और मोबाइल टावर पर चढ़ने का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है जो प्रशासन के लिए चिंता की विषय बनता जा रहा है।

## संघ की शाखा व्यक्तिनिर्माण से राष्ट्रोत्थान का सतत प्रवाह - निंबाराम

### सिणधरी खंड में संघ का शाखा संगम कार्यक्रम संपन्न, 24 स्थानों से 31 शाखाओं के साढ़े 5 सौ से अधिक स्वयंसेवको ने एक ही मैदान लगाई शाखा

बढ़ता राजस्थान

**सिणधरी, (कैलाश गोस्वामी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड सिणधरी के तत्वाधान में शाखा संगम का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। शाखा संगम इस कार्यक्रम में चौबीस स्थानों से इकतीस शाखाएं और दो मिलन के 550 स्वयंसेवक शामिल हुए। इस शाखा संगम कार्यक्रम में मुख्यव्यक्ता क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम, बालोतरा जिला संघ चालक डॉ.घेवरराम भील, सिणधरी खंड संघ चालक कमलेश कुमार खंडेलवाल रहे। मुख्यव्यक्ता क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने परम वैभवी भारत होगा, संघ शक्ति का हो विस्तार गूंज उठे – गूंज उठे, भारत मां की जय जयकार के साथ उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का भाव, नागरिक शिष्टाचार और संघ के 100 वर्ष होने पर स्वयंसेवकों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि एक घंटे की शाखा से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। स्वयंसेवक सामान्य खेल खेलते हुए पुरुषार्थ, त्याग, तप, देशभक्ति, विवेक के गुणों का विकास करते हुए भारत को परम वैभवी बनाने का भाव दृढ़ करते जाते है। उन्होंने बताया कि संघ के स्वयंसेवकों के इसी भाव और प्रमाणिकता के कारण आज समाज के साथ साथ भिन्न विचारधारा के लोगों में भी संघ की स्वीकार्यता लगातार अच्छे, आदर्श, अनुकरणीय सामाजिक संगठन के रूप में बढ़ रही है।



## ब्राह्मण समाज होली मिलन समारोह 7 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में गंगापुर सिटी शहर में चाणक्य परिवार ब्राह्मण समाज, गंगापुर सिटी द्वारा होली मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा । इस संबंध में 2 मार्च (रविवार) को आयोजित चाणक्य परिवार की बैठक में 7 मार्च (शुक्रवार) को दोपहर 1 बजे विजय पैलेस मैरिज हॉल में आयोजन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

इस फाग महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा होली के पारंपरिक गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही, फूलों की होली खेली जाएगी, जिससे इस आयोजन को विशेष आकर्षण मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान स्वल्पाहार एवं ठंडाई की विशेष व्यवस्था भी की गई है।

# अमिताभ- महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक ने फीता काटकर किया दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड का उद्घाटन

## फुलेरा रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहें 34 करोड़ के कार्यों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के फुलेरा जंक्शन पर सोमवार दोपहर रेल महाप्रबंधक अमिताभ ने दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड फुलेरा का प्रवीण कुमार प्रबंध निदेशक-डीएफसीसीआईएल एवं विकास पुरवार मंडल रेल प्रबंधक जयपुर, शिवेंद्र मोहन प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर की गरिमामयी उपस्थिति में उद्घाटन किया। जानकारी देते हुए कृष्ण कुमार मीना वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर नें बताया कि जयपुर मंडल के फुलेरा रेलवे स्टेशन पर सोमवार कों महाप्रबंधक अमिताभ ने दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड फुलेरा का उद्घाटन एवं वृक्षारोपण किया। साथ ही लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर,ट्रैकमैन व अन्य विभाग सहित ट्रेन संचालन से जुड़े कर्मचारियों से संरक्षा संवाद कर उनकी समस्याएं सुन उन्हें शीघ्र सुलझाने का आश्वासन दिया। फुलेरा में निरीक्षण के दौरान वैगन कैयर कॉम्पलेक्स,पारिस्थितिक पार्क में नई स्काउट और गाइड सुविधाओं का निरीक्षण,सामुदायिक भवन, रेलवे हॉस्पिटल,इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कंट्रोल टॉवर साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण में महाप्रबंधक के साथ प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक मदन राम देवड़ा,प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर पीयूष माथुर,अपर मंडल रेल प्रबंधक संजीव दीक्षित,सीटीई- उत्तर पश्चिम रेलवे जितेंद्र पाट्टवा,सीई/एलई राजेश कुल्हारी,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर प्रमोद रावत,मंडल वाणिज्य प्रबंधक जगदीश कुमार साथ ही मुख्यालय व मंडल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी साथ रहे। फुलेरा रेलवे स्टेशन पर नागरिकों द्वारा महाप्रबंधक का स्वागत किया गया व अपनी रेल से संबंधित समस्याओं का ज्ञापन दिया। इस दौरान फुलेरा-अजमेर दैनिक रेलयात्री संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में दैनिक रेलयात्रियों ने रेल महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि फुलेरा शहर व आस-पास के गांवो से अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए सरकारी व निजी क्षेत्र में जाने वाले प्रतिदिन सैकडो यात्री यात्रा करते है। जिनके लिए प्रात: 7 बजे पश्चात 10.30 तक कोई भी रेल साधन इस मार्ग पर उपलब्ध नहीं है। ट्रेन नं.19620 शटल रेवाडी जंक्शन से चलकर फुलेरा जंक्शन पर प्रात: 9 बजे आती है जो कि उक्त ट्रेन नं.



19619 बनकर दोपहर 12.20 बजे फुलेरा से रेवाडी वापिस जाती है। यदि इस ट्रेन का विस्तार किशनगढ-अजमेर तक कर दिया जाता है तो हम दैनिक यात्री गणो को एक बहुत उपयोगी सुविधा तो मिलेगी ही रेल राजस्व की भी वृद्धि होगी, साथ ही अजमेर किशनगढ की जनता को भी अराध्य देव श्री खाटू श्यामजी रींगस के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। तथा फुलेरा में करीबन 3.30 घण्टे का इस ट्रेन के ठहराव का सदुपयोग हो सकेगा। इसी प्रकार फुलेरा पालिका नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक ने फुलेरा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट को चौड़ा करवाने एवं शुलभ शौचालय बनाने की मांग की।

# मुण्डियारामसर में 8 मार्च को होगा मेगा रोजगार मेले का आयोजन

- मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे मेगा रोजगार मेले का उद्घाटन
- 40 से ज्यादा निजी नियोजक हजारों युवाओं के रोजगार के सपने को करेंगे साकार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आगामी 08 मार्च, 2025 को जयपुर के मुंडियारामसर में उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का उद्घाटन उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे।

उपनिदेशक, उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय नवरेखा ने बताया कि मेगा रोजगार मेले में निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा,सिक्योरिटी,कॉल सेन्टर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 40 निजी नियोजक अपनी रिक्तियों के अनुसार मौके पर ही युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभान्वित करेंगें। विभिन्न सरकारी विभाग मेले में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आशार्थियों को लाभांवित करेगें। मेगा रोजगार मेले का अधिक से अधिक युवा आशार्थी एवं नियोजक लाभ प्राप्त कर सकें, इस उद्देश्य से माननीय मंत्री महोदय एवं रोजगार विभाग के अधिकारियों द्वारा क्यूआर कोड जारी किया गया, जिसके माध्यम से आशार्थी एवं नियोजक मेले में पंजीकृत हो कर भाग ले सकतें है।

# पी.जी. में चयनित चिकित्सकों को दी विदाई



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** सोमवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पी.जी. में चयनित चिकित्सक डॉ. प्रमोद गुर्जर, डॉ. तनिषा गोयल, डॉ. पूजा, डॉ. नेहा यादव, डॉ. अश्विनी चौधरी, डॉ. दिव्या यादव, डॉ. भगत दायमा, डॉ. पूजा चौधरी, डॉ. मनिषा यादव, डॉ. वैशाली, डॉ. निशान्त, डॉ. सरोज, डॉ. अन्जू, डॉ. विजय यादव, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा को विदाई दी गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह भदोरिया व डॉ. जयभगवान यादव, पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत रहे। संचालन बीपीएम विजय तिवाड़ी ने किया। इस दौरान डॉ. अनिल यादव, डॉ. दिलीप पंवार, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. मनोज सांखला, डॉ. रोहित चौधरी, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. राहुल लाटा, बीसीएमओ पावटा डॉ. कृष्ण सिंह शेखावत, बीसीएमओ बहरोड़ डॉ. रवि यादव, बीसीएमओ विराटनगर डॉ. सुनिल कुमार, बीसीएमओ नीमराणा डॉ. सुरेश यादव, डॉ. पवन सैनी, डॉ. प्रियंका सैनी, डॉ. बालकिशन, संजीव सिरोहीवाल, महेन्द्र स्वामी, राजवीर गुर्जर, लालचन्द रहीसा, राजेन्द्र सिंह राठौड, प्रेमप्रकाश सैनी, सुरेश सैनी, रामरतन रावत, घनश्याम सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

# राज्य सरकार दवाईयों और ड्रग्स के दुरूपयोग पर कठोर कदम उठाएगी - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सोमवार को विधान सभा में कहा कि युवा पीढ़ी पर देश का भविष्य निर्भर है। गंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर के कई क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में उपचार के लिए उपलब्ध आवश्यक दवाईयों और ड्रग्स का दुरूपयोग कई युवाओं द्वारा नशे के लिए हो रहा है। इस क्षेत्र में बिकने वाले 9 ड्रग्स को सरकार ने बैन भी किया हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस गंभीर विषय पर जांच कर कठोर कदम उठाएगी। शून्यकाल के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने सदन के सदस्य श्री गुरवीर सिंह के ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए गए सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने सक्रियता के साथ दवाईयों और ड्रग्स के दुरूपयोग के संबंध में 1 जनवरी से 3 दिसंबर 2024 तक 23 हजार 247 जांच करवाई गई है, 565 लाइसेंस रद्द किए गए है तथा कई दोषी लोगों को निलंबित कर हिदायत भी दी गई है।

# फुलेरा दौज पर पितामह फाउंडेशन द्वारा सामूहिक विवाह एवं तुलसी सालिगराम विवाह का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** फुलेरा दौज के अवसर पर 1 मार्च 2025 को पितामह फाउंडेशन द्वारा सर्व समाज के 10 जोड़ों तथा एक तुलसी-सालिगराम विवाह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। यह आयोजन रजत पैरेडाइज, दादी का फाटक, मुरलीपुरा में सम्पन्न हुआ।पितामह फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती मेनका शर्मा और प्रदेश संरक्षक छबल लाल नवलानी ने बताया कि अत्यधिक महँगी शादियों पर नियंत्रण और समाज को एक सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से इस पुनीत कार्य को संपन्न किया गया। समाज के सहयोग से 10 जोड़ों का पूरे सनातन परंपरा के अनुसार विवाह संपन्न हुआ, जिसमें उन्हें गृहस्थी के अनुरूप आवश्यक उपहार भी प्रदान किए गए।




साथ ही, तुलसी विवाह के दौरान उपयोग किए गए सभी सामग्री एक सहायक वर्ग की निर्धन कन्या के विवाह हेतु उसके परिवार को दी गई। कार्यक्रम में संत श्री हरि शंकर वेदांती और बसंतानंद जी ने वर-वधू सहित उपस्थित जनसमुदाय को आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, माननीय उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार दिया कुमारी, विधानसभा सत्र में व्यस्त होने के कारण स्वयं उपस्थित नहीं हो सकीं, लेकिन उन्होंने अपनी टीम के माध्यम से वर-वधू को आशीर्वाद और उपहार भेजे। इस आयोजन ने समाज में सादगीपूर्ण और सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# विधार्थियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध करवाना प्राथमिकता : पटेल

## ग्राम दांतिल के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोसव एवं खेल दिवस का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** निकटवर्ती ग्राम दांतिल स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं खेल दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने विद्यालय के नवनिर्मित कम्प्यूटर कक्ष और कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया एवं एक बड़ा हॉल तथा अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय के रिक्त पदों को जल्द ही भरा जायेगा। पटेल ने विद्यालय के प्रति ग्रामीणों और भामाशाहों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुये कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल बन रहा है। यही एक सशक्त समाज की पहचान होती है। विद्यालय के प्राचार्य अजय सिंह यादव ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें विद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रगति और भविष्य की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। प्रधानाचार्य के नेतृत्व में शिक्षकों, ग्रामीणों व छात्रों ने विधायक पटेल का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सांखला, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, सामाजिक कार्यकर्ता शिक्षाविद् महावीर बडगुर्जर पूर्व सीबीईओ, देवीसहाय सैनी पूर्व डीडी, डूंगाराम कुम्हार, सुबेदार रघुवीर सिंह, करण सिंह, खैरातीलाल सैनी, प्रहलाद सैनी,हनुमान गुर्जर,नत्थू सिंह तंवर, रामस्वरूप पीटीआई,जगदीश डोई,गोदराज शर्मा, दाताराम गुर्जर,राजू मीणा,एसीबीईओ सुरेश कसाना, राजेन्द्र सिंह शेखावत , स्थानीय विद्यालय के सचिव कमोद सिंह, हरदान सिंह गुर्जर, प्रहलाद शर्मा, भवानी सिंह शेखावत, कैलाश चंद गुर्जर सहित स्थानीय विद्यालय व पीईईओ परिक्षेत्र का स्टाफ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।मंच संचालन सुभाष चंद सैनी व.अ.ने किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा महिलाओं का सम्मान

## पिंक परिधानों में नजर आएगी नारी शक्ति, गणेश वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगा कार्यक्रम का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा (रजि.) और नृत्यम सोशल व कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया जाएगा और समानता व जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यक्रम आयोजक काजल सैनी ने बताया कि पहली बार अन्तर राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजस्थान प्रदेश माली-सैनी महासभा (रजि.) और नृत्यम सोशल व कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन 8 मार्च को पिंकसिटी प्रेस क्लब नारायण सिंह सर्किल जयपुर में एक बजे से किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की थीम पिंक रखी गई है। जिसके तहत सभी महिलाओं को पिंक रंग के परिधानों में आना आवश्यक होगा। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रक्रिया में टीम की ओर से पोस्टर का विमोचन किया गया है।



### आयोजन का थीम गुलाबी नगरी की तर्ज पर गुलाबी रखा

कार्यक्रम से जुड़ी मीनाक्षी सैनी (टीना सैनी) ने बताया कि इस आयोजन का थीम फ्रगुलाबी नगरी की तर्ज पर गुलाबीफ्र रखा गया है। जो न केवल शहर की पहचान को दर्शाता है। बल्कि महिलाओं की शक्ति, सौंदर्य और आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में कई जानी मानी हस्तियाँ और विशिष्ट जन आमंत्रित हैं, जिनमें शहर सांसद मंजू शर्मा ,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड,जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, पद्मश्री गुलाबो सपेरा, पूर्व सचिव खेल बोर्ड एवं सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर डॉ. प्रीति शर्मा, किशनगढ़ विधानसभा विधायक प्रत्याशी और श्रीयादें शक्ति सेना युवा प्रदेश अध्यक्ष पुखराज प्रजापति सहित अन्य लोग शामिल है। जिससे यह कार्यक्रम और भी खास बन जाएगा।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कैम्प का आयोजन,190 बच्चे लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सोमवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दांतिल पर कैम्प का आयोजन किया गया। बीसीएमओ डॉ. गुर्जर व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. संदीप कुमार जोशी ने कैम्प का निरीक्षण किया। कैम्प में विभिन्न विद्यालयों से चिन्हित 190 बच्चों का विषय विशेषज्ञों द्वारा आबीएसके टीम के सहयोग से उपचार किया गया। इस दौरान त्वचा रोग के 75, नेत्र रोग के 40, दन्त रोग के 30, स्त्री रोग के 25 एवं नाक कान गला के 20 बच्चों का ईलाज किया गया। कैम्प के समापन पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर व बीपीएम विजय तिवाड़ी ने टीम सदस्यों एवं सहयोग करने वाले शिक्षकों को धन्यवाद दिया। इस दौरान डॉ. हवासिंह यादव, डॉ. सीमा मीना, डॉ. विक्रम यादव, डॉ. मन्जु मौर्य, डॉ. प्रकाश सैनी, डॉ. योगिता कुमावत, डॉ. रवि शंकर डीगवाल, फार्मासिस्ट सीताराम सैनी, राजेन्द्र स्वामी समेत अन्य मौजूद रहे।

# जलदाय विभाग व कॉलेज प्रशासन की लापरवाही आई सामने

## कॉलेज ग्राउण्ड में हजारों लीटर पानी बह रहा व्यर्थ

## रोजाना पानी बहने से ग्राउण्ड में बने गहरे व चौड़े गड्डे दे रहे हादसे को निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के खेल मैदान में विगत दस दिनों से पानी की बड़ी पाईप लाईन टूटी होने से प्रतिदिन लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। पानी बहने की वजह से ग्राउण्ड में गहरे व चौड़े गड्डे होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। खेल मैदान में करीब दस फिट गहरा गड्डा हो गया है, जिसमें मॉर्निग वॉक पर घूमने आने वाले बुजर्ग व खेलकूद करने वाले बच्चे व छात्र गहरे गड्डे में गिरकर हादसे का कभी भी शिकार हो सकते है। वहीं ग्राउण्ड में मवेश भी घुमते रहते है। लेकिन किसी का भी इस और कोई ध्यान नहीं जा रहा है। इसमें सबसे बड़ी लापरवाही पहले तो जलदाय विभाग की है। जिसमें पिछले दस दिनों से पीने का पानी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसको लेकर कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बल्कि अमृत समान पानी व्यर्थ बह रहा है, लोगों के घरों में पानी की सप्लाई तक नहीं पहुंच पा रही है। वहीं राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के ग्राउण्ड



में इतने दिनों से गहरा व चौड़ा गड्डा बना हुआ है।

जिसको लेकर एक बार भी महाविधालय प्रशासन ने उसे दुरूस्त करने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाये है। स्थानीय निवासी रामसिंह शर्मा ने बताया कि ग्राउण्ड में लाखों लीटर पानी रोजाना फैलने से खेलकूद व वॉकिंग नहीं की जा सकती एवं ग्राउण्ड खराब होने की कगार पर है। वहीं राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय व राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय की दीवार के पास गहरा गड्डा बना हुआ है। जिसके पास प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते जाते है।


## कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांकः- न.पा.नि./विकास/2024-25/10471

दिनांकः- 21.02.2025

### बोली सूचना

सभी संवेदको/व्यवसायदाताओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई द्वारा निम्न निर्माण कार्य करवाये जाने हेतु मोहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है। जिनकी बोली दिनांक 10.03.2025 को 12:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 10.03.2025 को 2:00 बजे से 4:00 बजे तक बंद लिफाफे मे प्राप्त की जाकर बोली इसी दिन सायंकाल 4:00 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी तथा उक्त बोली वेबसाईट **www.sppp.raj.nic.in** पर देखी जा सकती है तथा न0पा0 कार्यालय में निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाकर जमा बोली जमा कराई जा सकती है अथवा उपरोक्त वर्णित निर्धारित तिथि व समय तक शुल्क नगर पालिका कोष में जमा करवाकर रसीद प्रस्तुत करने पर ही अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया व जमा कराया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय (लाखों में) | अमानत राशि | | टेण्डर शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2% | ½% | | |
| 1 | श्याम मन्दिर के आगे ट्यूबवेल लगाने का कार्य। UBN No. :- DLB2425WSOB18441 | 2.97 | 5940 | 1485 | 200 | 2 Months |
| 2 | वार्ड नं 27 श्मशान घाट में ट्यूबवेल लगाने का कार्य। UBN No. :- DLB2425WSOB18446 | 2.97 | 5940 | 1485 | 200 | 2 Months |
| 3 | वार्ड नं 27 में कबीर आश्रम जिन्द बाबा मन्दिर के पास ट्यूबवेल लगाने का कार्य। UBN No. :- DLB2425WSOB18450 | 2.97 | 5940 | 1485 | 200 | 2 Months |
| 4 | 80 फिट स्थित सामुदायिक भवन में ए.सी. फिटिंग कार्य। UBN No. :- DLB2425WSOB18452 | 4.19 | 8380 | 2095 | 200 | 2 Months |
| 5 | जैन कॉलोनी आनन्द पारीक के आगे ट्यूबवेल लगाने का कार्य। UBN No. :- DLB2425WSOB18453 | 2.97 | 5940 | 1485 | 200 | 2 Months |

नोटः-
1. बिना कारण बताये बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई को होगा।
2. रजिस्ट्रेशन की प्रति, पेनकार्ड एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की प्रति बोली आवेदन के साथ प्रस्तुत करनी होगी। सशर्त बोली मान्य नही होगी।
3. बोली डाक द्वारा मान्य नही होगी केवल बोली प्रपत्र में व बन्द लिफाफे में ही मान्य होगी।

राज.संवाद/सी/24/12461

अध्यक्ष
नगर पालिका निवाई

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई

## सम्पादकीय

# आयकर सीमा में बढ़ोतरी लाभकारी साबित होगी

आगामी वित्तीय वर्ष के लिए मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के बाद अब हर तरफ चर्चाएं सिर्फ आयकर में दी गयी छूट के इर्द-गिर्द ही हैं। पर क्या सरकार का यह कदम आने वाले समय में आर्थिक विकास में तेजी दिखायेगा या इसे ऐसी आर्थिक नीतियों के तौर पर जाना जायेगा, जिसमें राजनीतिक दृष्टिकोण बड़ा रुख रखता था, यह अभी स्पष्ट नहीं है। प्रारंभिक तौर पर इसमें यह देखने को मिलता है कि आयकर की छूट से व्यक्तियों के पास वित्तीय तरलता में बढ़ोतरी होने के साथ ही प्रत्यक्ष रूप से दो लाभ भारतीय अर्थव्यवस्था में देखने को मिलेंगे। पहला, लोगों की क्रय क्षमता बढ़ेगी और दूसरा, उनकी बचत बढ़ेगी। तीसरा लाभ यह भी हो सकता है कि कुछ व्यक्तियों को इस वित्तीय बचत से अपने आर्थिक ऋण के भुगतान में भी सहायता मिले, जो पिछले कुछ अरसे से अपने पास कम वित्तीय तरलता से जूझ रहे थे। इस पक्ष को कुछ आंकड़ों से समझते हैं। आर्थिक सर्वेक्षण के अंतर्गत सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सामान्य विकास की दर को 10 प्रतिशत के आसपास प्रस्तावित किया है और महंगाई को पांच प्रतिशत से कम। इससे स्पष्ट है कि जीडीपी की वास्तविक विकास दर के छह से सात प्रतिशत के बीच ही रहने की संभावना है। इसलिए मोटे तौर पर यह बात समझ आती है कि अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास की दर को बनाये रखने के लिए क्रय क्षमता में तेजी रखना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उधर तस्वीर का दूसरा पक्ष बताता है कि भारत में आयकर देने वालों की संख्या मात्र आठ करोड़ के आसपास है जो कुल जनसंख्या का मात्र पांच प्रतिशत है। पूर्व में आयकर से कर मुक्त सीमा सात लाख रुपये थी जिसे सरकार ने इस बजट में बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया। परंतु इस आयकर सीमा के अंतर्गत आने वाले करदाता तीन करोड़ या उससे कम ही हैं। उन्हें ही इस कर मुक्त सीमा का लाभ मिलेगा। तो क्या 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले देश में आर्थिक विकास की जिम्मेदारी, चाहे क्रय क्षमता बढ़ाने के संदर्भ में हो या आर्थिक बचत के हिसाब से हो, इस छोटे से तबके पर देना तर्कसंगत है? भले ही भारत जीडीपी के हिसाब से विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, परंतु प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से विश्व में बहुत पीछे है। कर मुक्त सीमा में वृद्धि के प्रावधान 2025-26, जो अप्रैल से शुरू होगा, तब से लागू होंगे। आगामी वित्तीय वर्ष की पहली दो तिमाहियों तक इस प्रावधान के सकारात्मक असर देखने को नहीं मिलेंगे, क्योंकि दिवाली तीसरी तिमाही में आती है और भारत में क्रय क्षमता का असली शक्ति प्रदर्शन उसी दौरान होता है। यह भी जानना जरूरी है कि भारत में मध्यवर्गीय व्यक्ति जनसंख्या का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक है, जबकि आयकर की इस कर मुक्त सीमा में वृद्धि का लाभ मात्र तीन करोड़ परिवारों को ही होने वाला है। इसलिए इस कर मुक्त सीमा के प्रावधान को पूर्ण रूप से मध्यवर्गीय व्यक्ति के साथ जोड़ना गलत है, क्योंकि यह प्रावधान उच्च मध्यवर्गीय व्यक्ति को ही प्रभावित करते हैं। वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक वेतनभोगी व्यक्तियों की वित्तीय आय में छह प्रतिशत से अधिक की कमी देखी गयी है, जबकि स्व-नियोजित रोजगार वेतनभोगी व्यक्तियों की आय में नौ प्रतिशत से अधिक की। जिन आयकर दाताओं को इस आयकर सीमा के प्रावधानों से लाभ होगा, वे कुल वेतनभोगियों का मात्र 25 प्रतिशत हैं। बाकी बचा 75 प्रतिशत वह वेतनभोगी तबका है, जिसके वेतन में पिछले छह-सात वर्षों में बहुत अधिक वृद्धि दर्ज नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त, महंगाई की दर का चार से पांच प्रतिशत के बीच में बने रहना, तथा खाद्य पदार्थ की महंगाई का आठ प्रतिशत के स्तर पर पहुंचना कष्टदायक है, क्योंकि जीएसटी की दरों में परिवर्तन की कोई आशा अभी नहीं दिखती है। सरकार ने बजट प्रस्तुत करते समय आयकर की इस प्रमुख सीमा के प्रावधान में वृद्धि से तकरीबन एक लाख करोड़ रुपये के आर्थिक नुकसान को भी प्रस्तावित किया है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 4 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पश्चिम बंगाल में 1788 में कलकत्ता गजट का पहला प्रकाशन हुआ।
- सन 1930 में फ्रांस में आयी भयंकर बाढ़ से करीब 700 से ज्यादा लोगों की मौत हुई।
- ब्रिटिश वायसराय, गवरनोर-जनरल एडवर्ड फ्रेदेरिक्क लिन्द्ले वुड और मोहनदास करमचंद गाँधी जी (महात्मा गाँधी) में सन 1931 में भेंट राजनीतिक कैदियों की रिहाई और नमक के सर्वजन उपयोग की छूट को लेकर मंत्रणा और इकरारनामे की घोषणा।
- नयी दिल्ली में सन 1951 में पहले एशियाई खेलों का आयोजन किया गया।
- रोमानिया में 1977 में आये जबरदस्त भूकंप से लगभग 1541 लोगों की मौत हुई।
- संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों को अपनी परित्यक्ता पतनी एवं बच्चों को 1999 में जीवन निर्वाह भत्ता देने की घोषणा।
- तालिबान ने 2001 में मूर्तियों को ख़रीदने की ईरान की पेशकश ठुकराई।
- हिन्दी के प्रसिद्ध विद्वान् डॉ. मदन लाल मधु को 2008 में प्रतिष्ठित सम्मान मीडिया यूनियन ने स्वर्णाक्षर पुरस्कार से सम्मानित किया।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 2008 में ईरान के ख़िलाफ़ नई पाबंदियाँ लागू की।
- राजस्थान के पोखरन से 2009 में ब्रह्मोस मिसाइल के नये संस्करण का परीक्षण किया गया।
- व्लादिमिर पुतिन ने 2012 में रूस के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता।

### 4 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1856 में अंग्रेज़ी भाषा की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभासम्पन्न कवयित्री तोरु दत्त का जन्म।
- 1881 में प्राक्छायावादी युग के महत्त्वपूर्ण कवि रामनरेश त्रिपाठी का जन्म।
- 1886 में मद्रास के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी बलुसु संबमूर्ति का जन्म।
- हिंदी के लोकप्रिय साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु का 1921 में जन्म हुआ।
- 1922 में प्रसिद्ध गुजराती रंगमंच और फ़िल्म अभिनेत्री दीना पाठक का जन्म।
- 1980 में भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना का जन्म।
- 1980 में भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री कामालिनी मुखर्जी का जन्म।

### 4 मार्च को हुए निधन

- मध्य प्रदेश स्थित विजयराघवगढ़ के राजकुमार और प्रसिद्ध साहित्यकार ठाकुर जगमोहन सिंह का 1899 में निधन।
- प्रसिद्ध भारतीय अधिवक्ता और राजनेता सत्येन्द्र प्रसन्न सिन्हा का 1928 में निधन।
- भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का 1939 में निधन।
- भारतीय सांसद सुनील कुमार महतो का 2007 में निधन।

## विशेष आलेख

# दागी नेताओं के चुनाव लड़ने के मामले पर केंद्र का रवैया निराशाजनक



बलदेव राज भारतीय

**हमारे देश का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक है, जिसकी नींव संविधान और विधि के शासन पर टिकी हुई है। यह प्रणाली नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देती है। लेकिन जब अपराधी प्रवृत्ति के लोग राजनीति में प्रवेश करते हैं और कानून बनाने की शक्ति प्राप्त कर लेते हैं, तो यह व्यवस्था के मूल्यों पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न लगा देता है। हाल ही में, सर्वोच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी की कि दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाने की मांग पर विचार होना चाहिए, जबकि केंद्र सरकार ने इसका विरोध किया। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है–क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए? या उन्हें संसद और विधानसभाओं में भेजकर कानून बनाने की शक्ति दे देनी चाहिए?**

देश का प्रत्येक नागरिक स्वय को सच्चा देशभक्त मानता है। वह राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था से जुड़ी नीतियों पर बड़े ज्ञानवर्धक विचार प्रकट करता है और देश में फैले भ्रष्टाचार, अनैतिकता, बेईमानी व रिश्वतखोरी पर कठोर आक्रोश व्यक्त करता है, मानो उससे बड़ा राष्ट्रहितैषी कोई और नहीं। किन्तु, विडंबना यह है कि उसे ये सारी बुराइयाँ केवल दूसरों में ही दिखाई देती हैं, स्वयं में नहीं। वह अपने आपको ईमानदार, सत्यनिष्ठ, निष्कलंक और आदर्शवादी मानता है, जबकि उसके विचार और कर्म प्रायः इसके विपरीत होते हैं। ऐसे व्यक्तित्व के लोग अपने दोहरे मापदंडों के कारण राजनीति में बड़ी सफलता प्राप्त करते हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम जिस नैतिकता की अपेक्षा दूसरों से रखते हैं, उसी को अपने आचरण में अपनाने से कतराते हैं।

लोकतंत्र का आधार जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता की सरकार की अवधारणा पर टिका होता है। इसमें प्रत्येक नागरिक को मताधिकार और अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है। भारतीय संविधान में यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी नागरिक, जब तक वह कानूनी रूप से अयोग्य घोषित नहीं किया गया हो, चुनाव लड़ सकता है और जनता का प्रतिनिधित्व कर सकता है। हालांकि, यदि जनता के प्रतिनिधि स्वयं गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त हों, तो क्या वे समाज में कानून और न्याय की स्थापना कर सकते हैं? संविधान का उद्देश्य योग्य, ईमानदार और जनसेवा को समर्पित लोगों को शासन में शामिल करना है, न कि वे लोग जो स्वयं कानून तोड़ते हैं। आज चुनाव लड़ना गरीब व्यक्ति के लिए एक असंभव सपना बन गया है। गांव की सबसे निचली प्रशासनिक इकाई, पंचायत, में सरपंच बनने के लिए भी प्रत्याशी लाखों रुपये खर्च करते हैं, तो विधायक और सांसद बनने के लिए करोड़ों की जरूरत होती है। धन के अभाव में एक आम नागरिक चाहकर भी चुनावी राजनीति में प्रवेश नहीं कर सकता। इसके विपरीत, अपराधी प्रवृत्ति के लोग भ्रष्टाचार और अवैध साधनों से अर्जित धन के बल पर न केवल चुनाव लड़ते हैं, बल्कि जेल में रहते हुए भी जीत हासिल कर लेते हैं। विडंबना यह है कि गरीब और शोषित वर्ग, जो स्वयं व्यवस्था परिवर्तन का इच्छुक होता है, भय और दबाव में आकर ऐसे दागी प्रत्याशियों को ही अपना नेता चुन लेता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के मूल्यों को क्षीण कर रही है और चुनावी प्रक्रिया को धनबल एवं बाहुबल का खेल बना रही है। देश में कई ऐसे राजनेता हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप लगे हुए हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में लगभग 43त्न सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित थे, जिनमें से कई संगीन अपराधों से जुड़े थे, जैसे हत्या, बलात्कार, अपहरण और भ्रष्टाचार। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाता है, बल्कि जनता का विश्वास भी कम करता है। यदि कोई आम नागरिक मामूली अपराध में भी दोषी पाया जाता है, तो उसे सरकारी नौकरी से वंचित कर दिया जाता है। वहीं, जिन पर हत्या, दंगा और घोटालों के आरोप हैं, वे चुनाव लड़ सकते हैं और संसद या विधानसभा का हिस्सा बन सकते हैं। यह असमानता एक गंभीर चिंता का विषय है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनावी राजनीति में आपराधिक तत्वों की भागीदारी को रोकने के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए। इस पर केंद्र सरकार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि अगर दागी नेताओं पर आजीवन चुनाव लड़ने से प्रतिबंध लगाया गया, तो यह विधायिका को कमजोर कर देगा और कानून निर्माण की प्रक्रिया को प्रभावित करेगा। यह तर्क कुछ गले से नहीं उतरता। क्या अपराधी लोगों को राजनीति में रोकने से राजनीति गंदा होने से नहीं बचेगी? अपराधी प्रवृत्ति के लोग किस प्रकार के कानून का समर्थन करेंगे, यह जगजाहिर है। सत्य यही है कि केंद्र सरकार का यह तर्क लोकतंत्र की भावना के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। संसद और विधानसभा में बैठने वाले प्रतिनिधियों का नैतिक और कानूनी रूप से स्वच्छ होना आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति को गंभीर आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया है, तो उसे जनता की सेवा करने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। मिल भी कैसे सकता है, जो स्वयं अपराधी हो वह समाज सेवा कैसे कर सकता है। आजीवन प्रतिबंध लगाने का विरोध करने वाले यह तर्क देते हैं कि चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकारों का हिस्सा है और किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि यदि कोई व्यक्ति अपनी सजा पूरी कर चुका है, तो उसे पुनः समाज में योगदान देने का अवसर मिलना चाहिए। लेकिन, राजनीति कोई साधारण नौकरी नहीं है; यह देश और समाज की सेवा का एक पवित्र कार्य है। यदि सरकारी सेवाओं में नौकरी करने के लिए किसी व्यक्ति का चरित्र प्रमाणपत्र आवश्यक होता है, तो विधायिका में प्रवेश के लिए भी नैतिकता और कानूनी स्वच्छता की कसौटी होनी चाहिए। चुनाव आयोग को और अधिक शक्तियां दी जानी चाहिए, जिससे वह आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों पर सख्त निर्णय ले सके। ऐसे नेताओं पर चलने वाले मामलों को विशेष न्यायालयों में रखा जाए, ताकि फैसले शीघ्रता से हों और दोषी पाए जाने पर उन्हें तुरंत अयोग्य घोषित किया जा सके। नेताओं के लिए शिक्षा, ईमानदारी और नैतिकता को अनिवार्य किया जाए। जो नेता स्वयं ईमानदार और देश और संविधान के प्रति निष्ठावान नहीं होगा तो वह जनता के लिए कैसे और किस प्रकार आदर्श सिद्ध हो सकता है।

# पच्चास साल बाद होने वाली परिसीमन को लेकर चिंताएँ



डॉ सत्यवान सौरभ

**राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मज़बूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ मिलीजुली हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की ज़रूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है।**

उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुक़सान पहुँचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मज़बूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की ज़रूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से सम्बोधित कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है। बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आँकड़ों पर आधारित है, बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफ़ी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आँकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है।

## शख़्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज के कॉलम से स्टार हैं। 18 जुलाई 1977 को राजस्थान के अलवर में जन्मे महेंद्र कलरा जोकि केन्दीय विधालय में प्राचार्य हैं। इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अटूट लगन और नवोन्मेषी दृष्टिकोण से एक मिसाल कायम की है। उनके जीवन की कहानी यह दर्शाती है कि कैसे एक साधारण पृष्ठभूमि से उठकर उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अपना अलग मुकाम बनाया।

**शिक्षा की शुरुआती यात्रा** : महेंद्र जी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के लिए केन्द्रीय विद्यालय मोतीदूंगरी, अलवर में अध्ययन किया और 1994 में अपनी स्कूल शिक्षा पूरी की। तत्पश्चात् उन्होंने आर. आर. कॉलेज से रसायन विज्ञान में एम.एस.सी. की डिग्री प्राप्त की, जिससे उनके वैज्ञानिक सोच में और भी निखार आया।

**शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान** : शिक्षा के प्रति उनके जुनून ने उन्हें हैप्पी पब्लिक स्कूल, चिनार पब्लिक और सेंट एंसलम, अलवर में रसायन विज्ञान पढ़ाने का अवसर प्रदान किया। 2003 में केन्द्रीय विद्यालय संगठान में शामिल होकर, महेंद्र कलरा ने अंकेलश्वर, जामनागर (गुजरात), बारमेर, कोटा, जयपुर और अलवर समेत कई स्थानों पर अपनी शिक्षण प्रतिभा का परिचय दिया।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व** : 2012 से 2016 के बीच, महेंद्र जी को भारतीय दूतावास, मॉस्को द्वारा विदेशी छात्रों को रसायन विज्ञान पढ़ाने के लिए चुना गया। इस अनुभव ने उनके शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण में वैश्विकता की नई रोशनी डाली और उन्होंने भारतीय शिक्षा की गुणवत्ता का विश्व मंच पर प्रदर्शन किया। महेंद्र कलरा की शैक्षिक यात्रा हमें यह सिखाती है कि सच्ची लगन, निरंतर प्रयास और नवाचार के माध्यम से किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। उनके अद्वितीय शिक्षण शैली, उत्कृष्ट नेतृत्व और छात्रों के प्रति लगन ने उन्हें शिक्षा के क्षेत्र का एक चमकता सितारा बना दिया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।



महेंद्र कलरा
( शिक्षा विद )

रूपक शर्मा

## 2025_061
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 2 | | 9 | |
| | 9 | 4 | | 8 | | 2 | | |
| | 7 | 6 | | 3 | 9 | 4 | | |
| | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| 9 | 6 | 3 | | 7 | 1 | | 4 | 2 |
| | | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | | |
| | | | | 5 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 4 | 9 | | | | 8 | | 5 |

Ans_2025_060

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 4 | 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 1 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते हैं कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
भाइयों का सहयोग मिलेगा। पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**वृष**
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन**
वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है।

**कर्क**
मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। भय रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह**
आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। दूसरों के कार्य में दखल न दें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**तुला**
कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक**
दूसरों से अपेक्षा न करें। कुसंगति से हानि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**धनु**
आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**मकर**
चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है।

**कुंभ**
छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**मीन**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# शिक्षा बोर्ड से प्राप्त आदेशों की हो अक्षरशः पालना : जिला कलक्टर

- जिला कलक्टर ने पूर्ण सावधानी के साथ परीक्षा सम्पन्न करवाने के दिए निर्देश
- जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा एवं माध्यमिक परीक्षा 6 मार्च से शुरू होगी। बोर्ड परीक्षा के आयोजन में पारदर्शिता एवं सुचिता सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समिति की बैठक सोमवार को कलक्टर कक्ष में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि परीक्षा में प्रश्न पत्रों की सुरक्षा, गोपनीयता एवं पारदर्शिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बोर्ड से प्राप्त आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। प्रश्न-पत्र थाने या चौकी में डबल लॉक में रखे जाए। पुलिस के सहयोग से परीक्षा के दौरान सुरक्षा के पूरे इंतजाम रहेंगे। परीक्षा के दौरान मोबाइल पार्टियाँ लगातार निरीक्षण करेंगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता नहीं बरती जाये। कोई भी कार्मिक लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने कहा कि पेपर सहित अन्य सामग्री को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम से परीक्षा केन्द्र तक ले जाने तथा परीक्षा के बाद इन्हें संग्रहण केन्द्र पर जमा करने में अचूक सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा ने परीक्षा की तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी से जिला कलक्टर को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उच्च माध्यमिक परीक्षा 6 मार्च से 9 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगी। इसी तरह माध्यमिक परीक्षा 6 मार्च से 4 अप्रैल 2025 तक होगी। परीक्षाओं का आयोजन 6 मार्च से प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक होगा। जिले के 99 परीक्षा केन्द्रों पर 37 हजार 663 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। जिनमें उच्च माध्यमिक के 17 हजार 875 एवं माध्यमिक के 19 हजार 788 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 1 अतिसंवेदनशील, 5 संवेदनशील केन्द्र सहित 20 निजी केंद्रो पर सीसीटीवी एवं अन्य परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोग्राफी के माध्यम से भी निगरानी होगी। परीक्षा में निगरानी के लिए उड़न दस्ते, पर्यवेक्षक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर्स की पूरी टीम तैनात रहेगी। बोर्ड परीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 7976562418 एवं 9024116736 स्थापित किया गया है। यह 9 अप्रैल तक 24 घण्टे कार्यरत रहेगा। परीक्षा संबंधी किसी प्रकार की शिकायत के लिए दिए गए दूरभाष नंबरों पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, कोषाधिकारी कुलदीप मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीणा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मंजुलता जैन, एडीईओं एजाज अली सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# पालिका के 65 करोड़ 73 लाख रूपये के वार्षिक बजट का हुआ अनुमोदन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका सभा भवन में पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी की अध्यक्षता में आयोजित साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से पालिका के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित 65 करोड़ 73 लाख रूपये के बजट का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। सोमवार को आयोजित बैठक में उपखण्ड अधिकारी व पालिका के अधिशासी अघिकारी के पद का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे अमित कुमार चौधरी ने सदन के समक्ष बजट प्रस्ताव रखे।

जिसमें नगरीय विकास कर, चूंगी पुर्नभरण स्वीकृति एवं भूमि विक्रय विविध आय, अनुदान एवं अन्य आय से आगामी वित्तीय वर्ष में कुल 65 करोड़ 73 लाख 50 रूपये की आय का अनुमान लगाया गया। इन बजट प्रस्तावो में पिछली बकाया वसूली, भवन निर्माण, विज्ञापन, आटा चक्की, कच्ची बस्ती कृषि भूमि नियमन, पट्टा भमि, वार्षिक प्रिमियम, विकास शुल्क, टेण्डर फार्मो से आय रोट कटिंग, ठेको से आय सहित अन्य सभी प्रकार से होने वाली आय को शामिल किया गया है। ईओ चौधरी ने बजट में व्यय प्रस्तावो की जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार से विकास/निर्माण कार्य करवाए जाने के लिए दिए जाने वाले बजट, धरोहर, निक्षेपख तथा भत्तो वेतन, विद्युत व्यय, दूरभाष व्यय, समाचार एवं पुस्तके, स्टेशनरी, लेखन सामग्री, डीजल, विविध शुल्क, फिनाईल, आदि एवं अन्य सभी प्रकार के प्रशासनिक मदो के व्यय को शामिल किया गया है। साथ ही आगामी बजट प्रस्तावो में विकास कार्यो पर होने वाले विभिन्न प्रकार के व्ययो को भी शामिल किया गया है। पूर्व शेष राशि 580.98 लाख रूपये हैं। इस प्रकार आगामी वित्तीय वर्ष में कुल 65 करोड़ 73 लाख 50 रूपये व्यय होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि संभावनाओ के आधार पर बजट प्रावधान सदन के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। बैठक में पालिका के सभी पार्षद मौजुद रहे।

## अन्य मुद्दे पर जिन पर चर्चा हुई

नगरपालिका मालपुरा की साधारण सभा की बैठक में पार्षद डॉ. अकिंत जैन ने वार्डो में 10-10 लाख रूपये के विकास कार्य करवाने सहित शहर की जीण्र शीर्ण सड़को की मरम्मत करवाने की मांग रखी। साथ ही बैठक में पार्षद अतीक ने रमजान के शहर की बंद पड़ी लाईटो को शुरू करवाने की मांग रखी।

# मालपुरा पुलिस ने धोखाधड़ी मामले में एक को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा पुलिस ने समीपवर्ती घाटी बालाजी मन्दिर में सम्पन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा करने के मामले हुई धोखाधड़ी को लेकर एक जने को गिरफ्तार किया गया है। वृताधिकारी आशिष प्रजापत ने बताया कि 12 फरवरी को मालपुरा निवासी बादल सिंह निवासी मालपुरा ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई। वृताधिकारी प्रजापत ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान कें आदेशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम बेनीवाल के निर्देशानुसार थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर मामले की जांच शुरू की गई। टीम में सहायक उप निरीक्षक रामनारायण गुर्जर, कांस्टेबल अजय कुमार, जितेन्द ओलखा, सोमपाल व प्रहलाद को रखा गया। इस मामले की जांच एएसआई रामनारायण गुर्जर को सौंपी जाकर टीम को जालोर एवं अहमदाबाद क्षेत्र में आरोपी की तलाश करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। टीम ने इस मामले के एक मात्र आरोपी प्रभूदयाल राव पुत्र मोटाराम राव निवासी भीनमाल जिला जालोर हाल निवासी डभालथाना सांचौर जिला जालौर को डिटेन कर इसके कब्जे से 1 लाख 44 हजार रूपये भी बरामद कर मालपुरा लाया गया। यहां गहन पूछताछ के बाद मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अदालत में पेश किया गया। वृताधिकारी आशिष प्रजापत ने आम जन से अपील करते हुए बताया कि भविष्य में हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा अथवा अन्य इसी प्रकार अन्य प्रयोजनो के लिए हेलीकाप्टर किराए पर लेने से पूर्व हेलीकाप्टर उपलब्ध करवाने वाली कम्पनी एवं दलाल के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करें। साथ ही हेलीकाप्टर की लेडिंग और टेक आफ की प्रक्रिया के संबंध में पुलिस थाना व नागरिक उड्डयन विभाग की बेवसाइट से आवश्यक जानकारी प्राप्त करें। हेलीकाप्टर सेवा उपलब्ध ककराने के नाम से ठगी करने वाले ठगो एवं ठग गिरोह के बारे में समय पर पुलिस प्रशासन को जानकारी देकर इस प्रकार के अपराधो को रोकने में मदद करें।

# पुलिस ने पीछा कर देवास से दुल्हन को किया दस्तयाब, पांच बदमाश गिरफ्तार, दो फरार

## फिल्मी स्टाइल में दूल्हे को पीटा, दुल्हन का अपहरण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** मध्य प्रदेश में अशोकनगर से शादी के बाद विदाई होकर अपने ससुराल सवाईमाधोपुर के पचीपल्या गांव जाते समय दुल्हन का गुना के रूठियाई के पास बदमाशों ने अपहरण कर लिया। इस दौरान दूल्हा विक्रम ने विरोध किया तो उससे बदमाशों ने मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने बदमाशों की कार का पीछा किया और देवास के पास पकड़ लिया। बदमाशों ने यह अपहरण प्रेम-प्रसंग के चलते किया था। बदमाश अलग-अलग जिले के बताए गए हैं। पांच बदमाशों को फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दो फरार हैं। वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है।

**दूल्हन आकाश का ले रही थी नाम :** विक्रम के अनुसार कार से सात-आठ लोग उतरे और उन्होंने चाकू से गाड़ी के विंडो ग्लास तोड़ दिए। उन लोगों ने मुझे कार से उतारा और मारपीट की। पिटाई करने में आकाश नाम का एक युवक शामिल था। यह नाम दुल्हन लेकर कह रही थी कि आकाश इसे मत मारो। इसके बाद दुल्हन को अपनी कार में बैठाकर भाग निकले। इतना ही नहीं, बदमाशों ने गाड़ी के टायर भी पंचर कर दिए थे। इसके बाद हमने रूठियाई पुलिस चौकी पहुंचकर सूचना दी।

**एसपी ने टीम गठित कर तलाश में लगाया :** पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा के अनुसार जैसे ही इस घटना की सूचना मिली, इसके बाद धरनावदा पुलिस थाना प्रभारी प्रभात कटारे के नेतृत्व में एक टीम को इनकी तलाश में लगाया। टोल प्लाजा पर स्कार्पियो के निकलने की खबर के आधार पर पीछे किया और बदमाश देवास तक पहुंच पाए, वहां पकड़ लिए गए। इन बदमाशों में दो बदमाश खातेगांव देवास के भी हैं, इनके अलावा दूसरे बदमाश अन्य जगहों से हैं। बदमाशों के अलावा दुल्हन से भी पूछताछ की जा रही है।

### ये है मामला

जानकारी के अनुसार सवाईमाधोपुर के पचीपल्या गांव निवासी विक्रम नायक की शादी शनिवार को अशोकनगर के रातीखेड़ा गांव की युवती से हुई थी। शनिवार को रात शादी की रस्में हुईं। रविवार सुबह विक्रम दुल्हन को विदा कराकर निकले थे। इस कार में दुल्हन की मौसी और दादी भी बैठे हुए थे। कार जैसे ही अशोकनगर से आगे बढ़ी, वैसे ही बदमाशों की कार भी इस कार के पीछे लग गई। बीच रास्ते में कई बार दुल्हन की कार को रोकने का प्रयास किया। रूठियाई के पास दुल्हन को अगवा कर लिया था। इसके बाद बदमाश दुल्हन को देवास की ओर ले भागे। जिनको पुलिस ने टोंक खुर्द के पास गिरफ्त में ले लिया और दुल्हन को मुक्त कराया।

# मरु उड़ान कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** महिला अधिकारिता विभाग, टोंक द्वारा मरु उड़ान कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उड़ान कार्यक्रम में टोंक जिले में 9 जनवरी 2025 से ही विविध कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है। जिनमें, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, सर्वाइकल कैंसर तथा ब्रेस्ट कैंसर, वित्तीय साक्षरता कैसे विषय प्रमुख रहे। इसी श्रृंखला में आज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मरु उड़ान की कार्यशाला में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक मैरिंगटन सोनी ने बताया कि मातृ शक्ति को समर्पित मरु उड़ान कार्यक्रम प्रकृति के संरक्षण की वार्ता के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन और निर्मल भारत मिशन जैसी सरकारी योजनाएं प्रशंसनीय तो हैं, परंतु पर्याप्त नहीं है। स्वच्छता, और पर्यावरण संरक्षण का कार्य एक व्यक्तिगत प्रयास के रूप में ही फलीभूत हो सकती हैं। आईसीडीएस की एलएस शगुफ्ता खान ने ठोस कचरा, प्लास्टिक रैपर, प्लास्टिक बॉटल्स, पॉलीथिन इत्यादि का सही प्रबंधन से निस्तारण के इको फ्रेंडली तरीकों पर बातचीत की। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग पर्यवेक्षक सुमित्रा चौधरी, मीरा चौधरी, प्रज्ञा मोटवानी, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से काउंसलर्स अरुणा शर्मा, आशा शास्त्री, सविता गुर्जर, मीनाक्षी पारीक समेत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम साथिन मौजूद रही।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी बुड़ानिया ग्राम विकास अधिकारियों से हुए रूबरू



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सोमवार को जिला परिषद के जिला परिषद सीईओ आईएएस गौरव बुड़ानिया ने जिला परिषद सभागार में पंचायत समिति खण्डार एवं चौथ के बरवाड़ा के ग्राम विकास अधिकारी/ तकनीकी सहायकों से संवाद कर आवास योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिये। सीईओ बुड़ानिया ने ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए आमजन को सरकार द्वारा संचालित पंचायती राज ग्रामीण विकास योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए आवास सर्वे को आवंटित लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए कम प्रगति वाले ग्राम विकास अधिकारियों को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह को नोटिस जारी करने एवं प्रतिदिन पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

# वाल्मीकी समाज की बारात का सर्व हिन्दू समाज ने किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में एक हरिजन दूल्हे की बारात का सर्व समाज की ओर से भव्य स्वागत करने का प्रशंसनीय उदाहरण सामने आया है। क्षेत्र के गम्भीरा ( भाडौती )से बाबूलाल बाल्मिकी के पुत्र बिष्णु की बारात करौली जिले की सपोटरा तहसील के गाँव रानीपुरा जाखौदा में कालू हरिजन की बेटी शिवानी की बारात का सर्व समाज के लोगों ने रानीपुरा में स्वागत किया, जिसमें सभी बारातियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं अल्पाहार करवाया गया। अन्त में प्रत्येक बाराती को श्रीफल भेंट किया गया। श्रीफल को हिन्दू संस्कृति के अनुसार अशोक के पत्ते ,आम के पते कलावा से बाँधकर संस्कृति का परिचय दिया गया। बारात के स्वागत में लगभग 15 समाजों के 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। कार्यक्रम में दूसरे गाँवो से भी काफी मात्रा में स्वागत करने हेतु समाज सेवक पधारे। उल्लेखनीय है कि इसके बाद ग्राम के पंच पटैलों एवं सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने मिलकर दूल्हे को बग्गी( रथ) पर बिठाकर धूमधाम से , वन्देमातरम् -जय श्री राम के नारों के साथ निकासी निकाली । बारात में पधारे वाल्मीकि समाज के 75 वर्षीय बुजुर्ग ने बताया कि ऐसा सम्मान पाकर हमारा जीवन धन्य हो गया है। समस्त ग्रामीणों को ऐसा दृश्य देखकर प्रसन्नता हुई। क्रार्यक्रम में कृष्णवल्लभ शर्मा ,पवन कुमार गुप्ता , बाबूलाल सेवानिवृत्त रेल्वे, पप्पू लाल मीना मुनेश चंद मीना, चिरंजी पटेल,रामभरोसी डीलर,जनमेद पटेल शिवकुमार गुप्ता ,रामधन डाबिर, अमृतलाल जाखौदा,लक्ष्मी पटेल, श्याम सुंदर इनायती, बजरंगालाल पटेल, रामनिवास मीना,मनकेश,सुरज्ञानी, मुकेश,बाबूलाल सैनी , राजेन्द्र मीणा , मदनमोहन कांवटी, भरतलाल रानीपुरा एवं सभी ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# अन्तर राज्य भ्रमण के लिए किसानो का दल हुआ रवाना

## उपखण्ड अधिकारी व एडी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत अंतर राज्य भ्रमण के लिए रवाना हुए किसानो के दल को उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने विभागीय एडी की मौजुदगी में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सोमवार को कृषि विभाग के सामने से किसानो का दल रवाना हुआ। विभागीय आईटी सेल सह संयोजक जुगराज सिंह ने बताया कि इस मौके पर विभागीय सहायक निदेशक महेश कुमावत सहित विभागीय अन्य अधिकारी कर्मचारी व भ्रमण पर जाने वाला किसानो का दल मौजुद रहा। सिंह ने बताया कि चालीस किसानो के दल में मालपुरा टोडारायसिंह व देवली के किसान शामिल है। यह दल अजमेर, चित्तोड़गढ़, उदयपुर का दौरा करने के बाद अविकानगर पहुंच कर भ्रमण कार्यक्रम समाप्त होगा।

# 111 किलो वजनी नाल उठाकर ग्वालियर के जसवन्त बने दंगल सरताज

## छाण में नाल प्रतियोगिता, पहलवानों ने दिखाया दमखम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** खण्डार क्षेत्र में ग्राम पंचायत छाण में रविवार को भगवान देवनारायण मंदिर प्रांगण में देव नवयुवक मण्डल की ओर से पद दंगल, नाल दंगल व होली मिलन समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष बैरवा रहे। अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष गिर्राज गुर्जर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान देवनारायण मन्दिर में पूजा अर्चना के साथ हुई। इस दौरान ग्राम बाढपुर की मण्डली ने कन्हैया पद दंगल में विभिन्न प्रस्तुतियां दी।

**जसवन्त गुर्जर बने दंगल के सरताज :** होली मिलन समरोह के बाद नाल दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्रीय व राजस्थान, मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश के अनेक पहलवानों ने शक्ति का प्रदर्शन किया। जिसमें 80 किलो वजन पर 21 पहलवान विजेता रहे। 90 किलो पर 12 पहलवान, 100 किलो वजन पर 8 पहलवान, 105 किलो पर एक पहलवान विजेता रहा। 111 किलो वजन पर 7 पहलवान विजेता रहे।

जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मध्यप्रदेश के ग्वालियर निवासी जसवन्त गुर्जर ने किया। दंगल के सरताज का खिताब अपने नाम किया।आयोजन समिति ने अतिथि और विजेता पहलवानों का माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान रामजीलाल गुर्जर, ऐलान ख़ान, हेमराज पटेल, रामलाल मेडिया, बीएल मीणा, रामोतार डीलर, दीपक बड़ौदिया, विष्णु चौधरी, हरकेश गुर्जर, कपिल तिलकर, रामकेश गुर्जर, जितेन्द्र बैरवा, देवीशंकर बैरवा, विनोद कोंडरवाल, निर्मल लोदवाल, हनुमान राठौड़, रामोतार सुआ हजारों लोग मौजूद रहे।

# त्रिलोक जैन व रमाकान्त पाठक संयोजक

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** हिन्दु समरसता मंच की आयोजित बैठक में आगामी दिनो में होली आयोजन के लिए त्रिलोकचन्द जैन तथा भारतीय नववर्ष के लिए रमाकान्त पाठक को संयोजक मनोनीत किया गया। मंच के एडवोकेट कृष्णकांत जैन ने बताया कि बैंठक में रंगो का पर्व होली व भारतीय नववर्ष को धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से होली आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमें संयोजक पद पर त्रिलोक चन्द जैन को मनोनीत किया गया। साथ ही भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के संयोजक पद पर रमाकान्त पाठक को मनोनीत किया गया।

# बदलाव की ब्यार

## अब राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का निर्णय नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्स में नीट यूजी के स्कोर से मिलेगा एडमिशन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अब राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश नीट यूजी-2025 के प्राप्तांगों के आधार पर दिया जाएगा। बदलाव भले ही विद्यार्थियों के हित में है लेकिन नीट यूजी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि महज 6 दिन पहले लिया गया निर्णय दूर दराज में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए खासी परेशानी खड़ी कर सकता है। जयपुर में शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा सचिव के अध्यक्षता में हुई विश्वविद्यालय विद्या परिषद की बैठक में बदलाव की जानकारी दी गई, बताया गया कि स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी नर्सिंग, बीएससी एमएलडी, बीआरटी टेक्निक्स एवं फिजियोथैरेपी पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025 26 के लिए प्रवेश नीट यूजी-2025 के प्राप्तांगों के आधार पर दिया जाएगा। इससे विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन की बोझिल प्रक्रियाओं से बचा जा सकेगा वहीं विद्यार्थियों पर वित्तीय भार भी कम होगा। विद्या परिषद ने दी सहमति विद्या परिषद ने भी सहमति देते हुए पैरामेडिकल संकाय के बी ऑप्थ टेक्निक्स पाठ्यक्रम के प्रवेश के संदर्भ में सुझाव दिए बताया कि विश्व विद्यालय की ओर से फार्मेसी बी फार्मा डी फार्मा के लिए परीक्षा से ही पैरामेडिकल पाठ्यक्रम बीऑप्थ टेक्निक्स में प्रवेश दिया जाए इस संदर्भ में विश्वविद्यालय स्तर से कार्यवाही का निर्णय लिया गया है।

### क्या कहना है नर्सिंग से जुड़े लोगों का-



आरयूएचएस की ओर से संचालित बीएससी नर्सिंग, पैरामेडिकल, बीएससी एमएलटी आरबीटी और फिजियोथेरेपी (बीपीटी) पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश केवल नीट- 2025 के प्राप्तांगों के आधार पर होगा ऐसे में इच्छुक विद्यार्थी नीट- 2025 के फॉर्म 7 मार्च तक आवश्यक रूप से भरें और परीक्षा में शामिल हों, ताकि नए निर्णय के अनुसार प्रवेश ले सकें नीट- 2025 नहीं देने वाले विद्यार्थियों के लिए इन पाठ्यक्रमों के लिए पात्र नहीं होंगे इस चीज का विशेष ध्यान रखा जाए माना कि निर्णय थोड़ा जल्दी हुआ है लेकिन कहीं ने कहीं छात्र हित में है और इसकी जागरूकता बेहद जरूरी है ताकि युवाओं का भविष्य अंधकार में ना हो इसलिए इसे खबर के रूप में नहीं बल्कि जागरूकता के रूप में लेकर समझा जाए।

**विकास गुप्ता( डायरेक्टर )**
**कॉलेज ऑफ नर्सिंग हरीश हॉस्पिटल**
**होपवेल फार्मेसी कॉलेज**



इस वर्ष सत्र 2025-26 मे आरयुएचएस द्वारा संचालित विभिन्न कोर्स जैसे बीएससी नर्सिंग, फिजियो थेरेपी, बीएससी एमएलटी, बीआरटी आदि मे प्रवेश लेने के लिए इच्छुक अभ्यार्थियों को नीट-2025 की परीक्षा मे बैठना अनिवार्य होगा। इसके फर्म 7 मार्च 2025 तक भरे जा रहे है। जो विद्यार्थी इस अवधी तक नीट परीक्षा के फार्म नही भरेगे वो इस तरह के कोर्सेस मे प्रवेश लेने से वंचित रह जायेंगे।

**प्रोफेसर डॉ.मनोज कुमार शर्मा**
**प्रिंसिपल, कॉलेज ऑफनर्सिंग**
**हरीश हॉस्पिटल अलवर**

## अपने पिता के नक्शे कदम पर डॉ. फरान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** गाँव की माटी से एक गरीब किसान परिवार से उन ऊंचाईयों के सपनों को साकार करने और आमजन में एक बेहतरीन चिकित्सक के रूप में अपने आप को स्थापि करने वाले सानिया हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.तैयब खान के पुत्र डॉ.फरान की डाक्टर की डिग्री पूर्ण हो गई हैं। पुत्र अपने पिता के नक्शेकदम पर चलने के लिए तैयार है। डॉ.तैयब को एक बेहतरीन चिकित्सक के साथ समाजसेवी के रूप में भी जाना जाता है। डॉ.फरान अपने पिता के कंधे से कंधा मिलाकर उन पीड़ित लोगों की मदद में सहायक सिद्ध होंगे जिन्हे चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता हैं। सोशल मीड़िया पर उन्हें शुभकामनाए प्रेषित की जा रही है ताकि वे भी आगे चलकर समाज के हित में अपने पिता सा नाम रोशन करें। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

## होली मिलन समारोह में सम्मान के लिए आवेदन कल तक, समारोह का स्थान बदला

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** श्री महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति की ओर से होली मिलन एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। समिति की ओर से इस बार समारोह स्थल में बदलाव किया गया है। सेवा समिति के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता ने बताया कि इस बार होली मिलन समारोह मोती डूंगरी स्थित होटल स्वरूप विलास में आयोजित किया जाएगा। समारोह में सम्मानित होने के लिए आवेदन 5 मार्च तक जमा किए जाएंगे। सम्मान समारोह में 10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत, स्नातक, अधिस्नातक, बीटेक, एमटेक, बीएड में 85 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण, एमबीबीएस व पीएचडी, सीए फाइनल पास एवं सरकारी नौकरी 2024 में चयनित होने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 5 मार्च 2025 रखी गई है। आवेदन फॉर्म मिलने व जमा कराने का स्थान श्री महावर वैश्य सेवा संघ नंगली सर्किल, श्रीगोविंददेव जी मंदिर, बजाजा बाजार, कमलदीप विमल शोरूम, होपसर्कस अलवर निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समाज के भामाशाहों का सम्मान समारोह रहेगा। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए संयोजक सुरेंद्र गागल व सुनील गुप्ता, हितेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, ईश्वर गुप्ता आदि कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## जिले के 40 प्रगतिशील किसानों का दल पशुपालन व डेयरी तकनीक के प्रशिक्षण के लिए मथुरा रवाना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** किसानों को नई तकनीक सिखाने के उद्देश्य से आज जिले के 40 प्रगतिशील किसानों का दल पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान मथुरा (उत्तर प्रदेश) में सात दिवसीय अंतर राज्यीय कृषक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रवाना हुआ। प्रशिक्षण दल को कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी मीना एवं उप निदेशक आत्मा डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी मीना ने किसानों से कहा कि संस्थान के विषय विशेषज्ञों से अच्छी तरह संवाद कर कृषि में नवाचार करें तथा प्रशिक्षण में सीखी गई पशुपालन व डेयरी तकनीकी का स्वयं प्रयोग करने के साथ ही अपने गांवों में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें ।उप निदेशक आत्मा डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2024-25 में राजस्थान कौशल एवं क्षमता संवर्धन घोषणा के तहत आत्मा योजनान्तर्गत जिले की अलग-अलग पंचायत समितियों से चयनित 40 प्रगतिशील किसानों के दल को 9 मार्च तक पशुपालन व डेयरी तकनीकी विषय के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु मथुरा भेजा गया है। दल के प्रभारी सहायक कृषि अधिकारी श्री राकेश कुमार बैरवा हैं ।इस अवसर पर कृषि अधिकारी श्री विजेन्द्र कुमार गोयम, कृषि पर्यवेक्षक श्री घनश्याम बैरवा सहित विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

## साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी।



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** पुलिस थाना बास दयाल में आयोजित मीटिंग में साइबर ठगी और महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा के संबंधित जानकारी दी गई। इस मीटिंग में थानाधिकारी श्री प्रदीप सिंह जी शेखावत, अमर सिंह मीणा हेड कांस्टेबल, शंकर लाल स्वामी कांस्टेबल, अरविंद कांस्टेबल और सुरक्षा सखी सीएलजी सदस्य पुलिस पुलिस मित्र उपस्थित रहे।

इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को साइबर ठगी और अन्य अपराधों से बचाने के लिए जागरूक करना था। इसके अलावा, सुरक्षा सखी योजना के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को एक ही स्थान पर सहायता प्रदान करना है। सुरक्षा सखी योजना के तहत, महिलाओं और बच्चियों को चिकित्सा, कानूनी और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा, उन्हें साइबर ठगी और अन्य अपराधों से बचने के लिए जागरूक भी किया जाता है। इस मीटिंग के दौरान, सुरक्षा सखी के कार्य और जिम्मेदारी के प्रति भी जानकारी दी गई। सुरक्षा सखी योजना के तहत महिलाओं और बच्चियों को सहायता प्रदान की जा रही है।

## मिशन प्यास का हुआ शुभारंभ

### विश्व वन्य जीव दिवस के उपलक्ष्य में लगाए परिण्डें

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** विश्व वन्य जीव दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को डॉक्टर संजय कुमार उप निदेशक शूकर फॉर्म अलवर व डब्लूआरआरसी टीम द्वारा मिशन प्यास के तहत जीव जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था हेतु परिंडे लगाए गए । ये परिंडे पशु पालक प्रशिक्षण केंद्र,शूकर फॉर्म अलवर के प्रांगण में लगाए गए। इस प्रांगण में अनेकों वृक्ष है, जिन्हें विभाग द्वारा व डब्लूआरआरसी टीम द्वारा मिशन सांस के तहत पिछले कई वर्षों में अनेकों दिवसों पर लगाए गए थे ।

## अयोध्या धाम आश्रम में मनाया गया फागोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर के चेतन एनक्लेव के पास जयपुर रोड पर स्थित अयोध्या धाम आश्रम में फागोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

कार्यक्रम संयोजक अरविंद खंडेलवाल ने बताया कि आश्रम के महांत पूज्य गंगादास वेदांती जी महाराज के पावन सानिध्य में संगीतमय रामचरितमानस पाठ आरंभ हुआ और समापन के पश्चात आरती हवन पूजा हुई। युवा समाजसेवी पदम जोशी इसमें यजमान की भूमिका में रहे।

शाम को बृज क्षेत्र से पधारे भजन प्रवाहक और अलवर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा फाग के गीत प्रस्तुत किए गए। सभी श्रद्धालु फागुन के गीतों पर झूमने लगे। शिव विवाह की और राधा कृष्ण की झांकियां ने भी सबका मन मोहा। महाराज जी द्वारा गया हुआ फाग सरयू तट आज मची होली सरयू तट ने सबको भाव विभोर कर दिया और आश्रम में बृज और अयोध्या जी के दर्शन को साकार कर दिया।। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी हुआ कार्यक्रम में श्रीराम शर्मा ओमप्रकाश, क्षितिज माथुर, सुधीर माथुर,श्याम खंडेलवाल कपिल शर्मा, दीपक पंडित, जय शिव गुप्ता, अशोक उपाध्याय, पंकज कुमार, बी एम शुक्ला,महेश मुद्गल, विवेकानंद गुरु, राहुल,लक्ष्मीनारायण वैष्णव, नवीन मोदी, राजू दिल्ली वाले मनीषा अग्रवाल,अलका खंडेलवाल,सुमन खंडेलवाल निशा शर्मा, नीतू शर्मा असीमा माथुर लोकेश्वरी देवी, लक्ष्मी कंवर, सीमा देवी, अनीता जोशी, ललिता देवी, रीटा नकडा, अंजना यादव, डॉ गोपाल शास्त्री, श्वेता शर्मा, विजय सारस्वत, आशीष, मोनू पंडित, सुभाष अग्रवाल अमित भाल, हिमांशु शर्मा अविनाश कुमार,विनोद खंडेलवाल, महेंद्र गोयल, गौरव कुमार, ऋषिराज शर्मा, अनिल सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आनंद लिया।

## अस्थाई अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो होगी कार्यवाही:यादव

### अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का पीला पंजा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र की बानसूर नगर पालिका का चला पीला पंजा!नगर पालिका क्षेत्र सहित विधानसभा क्षेत्र में विधायक देवीसिंह शेखावत की जय -जयकार हो रही है।आमजन का मानना है कि जब बानसूर जाया जाता था तो कस्बे में ही जाम के चलते 5से 6किलोमीटर का पेट्रोल वैसे ही खत्म हो जाता था। किसानों ने बताया कि डीजल महँगा होने के कारण आधा बीघा जमीन जोतने का डीजल जाम के कारण खत्म हो जाता था. वहीं मरीजों ने बताया कि अस्पताल तक मरीजों को लाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता था, जिसके चलते पूर्व में एक बार मरीज को चारपाई पर लाना पड़ा उसके बाद क्या हुआ यह पूरी दुनियां जानती है। हम तो नेताओं के कहने पर विधायक देवीसिंह को मांटी मानते थे लेकिन यह तो हीरा है मांटी तो वे नेता हैं जो शेखावत को मांटी बता रहे थे।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा टावर लगाने के विरोध में उठाया मुद्दा

### मोबाइल टावर हटाने के संदर्भ में लिया संज्ञान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन प्रदेश अध्यक्ष गोपाल जायसवाल बताया गया 60 रोड रामनगर शनि मंदिर वाली गली कॉलोनी में स्थानीय लोगों द्वारा टावर लगाए जाने के विरोध में कई बार ज्ञापन देने के बाद मिनी सचिवालय नगर परिषद के बाद नगर विकास न्यास सचिव महोदया एवं अधिकारी यूआईटी तहसीलदार को हमारे संगठन के पदाधिकारी सहित कॉलोनी निवासियों ने ज्ञापन सौंपा गया।

टावर नहीं लगने के विरोध प्रदर्शन किया गया इसमें तुरंत प्रभाव से करवाई हो जिसमें सभी कॉलोनी निवासी इस मौके पर उपस्थित रहे संगठन की जिला अध्यक्ष तुलसी सोनी,शहर अध्यक्ष संगीता सिंह, जिला सचिव ज्योति अलग ,कॉलोनी निवासी माया देवी, लक्ष्मी देवी, सरोज देवी ,विमला,जीतू जायसवाल, राधाकृष्ण शर्मा,सुगना बाई, आशा देवी काफी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।



## वर्ष पर्यन्त चल रहे महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ में 65 वें यज्ञ की पूर्णाहुति

### रामनवमी पर भव्य कार्यक्रम के साथ होगा महायज्ञ का समापन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** बाबा बालनाथ आश्रम बाबडी में बाबा बस्ती नाथ महाराज के सानिध्य में वर्ष पर्यन्त चल रहे 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ के 72 यज्ञों की महा श्रृंखला में 65 वें यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। जहाँ यजमानों ने प्रकृति प्रकोप एवं महामारी से विश्व कल्याण हेतु भगवान महामृत्युंजय शिव नामावली के साथ आहुतियां दी। बाबा बस्ती नाथ आश्रम से जुड़े कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष पर्यन्त चल रहे इस महायज्ञ का शुभारंभ 11 अप्रैल 2024 को श्री रामनवमी के पावन अवसर पर विशाल कलश यात्रा के साथ किया गया था। जिसमें राजस्थान सहित सम्पूर्ण देश के श्रध्दालु सहित विदेशी श्रद्धालुओं ने भी बडी़ संख्या में भाग लिया ।कलश यात्रा में हजारों की संख्या में माता- बहिनों एवं भक्तगणों ने भाग लिया ।इस वर्ष रामनवमी पर इस वर्ष पर्यन्त चल रहे महायज्ञ की पूर्णाहुति पर भव्य कार्यक्रम होगा ।कार्यक्रम को ले आश्रम से जुड़े सभी कार्यकर्ता तैयारियों में लगे हैं ।कार्यकर्ताओं ने बताया कि समापन कार्यक्रम में देश और विदेश की कई महान हस्तियों सहित लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के जुडने की सम्भावना है ।कार्यकर्ताओं ने बताया कि पूर्व में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहनराव भागवत, राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम, प्रान्त प्रचारक बाबूलाल, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव सहित राजस्थान सरकार के कई मंत्री एवं विधायकों ने आश्रम में पहुँच कर यज्ञशाला के दर्शन कर यज्ञ में आहुतियां दी है।



## राजगढ़ में आज निकलेगी खाटू श्यामजी की निशान यात्रा

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित धार्मिक आस्था के केंद्र श्री जगन्नाथ मंदिर में विराजमान श्री खाटूश्यामजी की नगर परिक्रमा व विशाल निशान यात्रा सुबह 9.15 बजे निकलेगी। हारे का सहारा मित्र मंडल के मनीष गुप्ता व मुकुल बड़ाया ने बताया कि 4 मार्च मंगलवार को प्रात: 9.15 बजे गणेश पोल स्थित रिद्धि सिद्धि मंदिर से विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ बाबा श्याम की रथयात्रा व निशान यात्रा का शुभारंभ होगा।



## राजगढ़ से खाटूश्यामजी की 23वीं पदयात्रा हुई रवाना, जगह-जगह हुआ स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** गोवर्धन-खाटूश्यामजी मित्र मंडल राजगढ़ की ओर से सोमवार को 23वीं पदयात्रा सुबह 8 बजे ख्वास जी बाग स्थित देवी जी के मंदिर से विधि विधान से पूजा अर्चना व महाआरती के साथ प्रारंभ हुई। पदयात्रा ख्वास जी का बाग से प्रारंभ होते हुए रेलवे स्टेशन, मेला का चौराहा, पटायरी की डूंगरी, बस स्टैंड होते हुए गणेश पोल पहुंची। वहां से चौपड़ बाजार खाटूश्यामजी मंदिर में महंत पूर्ण दास ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। यात्रा गोल सर्किल होते हुए खाटूश्यामजी जी के लिए रवाना हुई। इस दौरान बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया।

### पदयात्रियों का किया जगह-जगह स्वागत

खाटूश्यामजी की 23वीं पदयात्रा का कस्बे में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पदयात्रा में जाने वाले श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। महिला श्रद्धालु भजनों पर नाचते गाते हुए चल रही थी। श्री श्याम मित्र मंडल की अध्यक्ष विमला देवी ने बताया कि समिति की ओर से 23वीं पदयात्रा निकाली गई है जो सोमवार को सांवरिया धाम पहुंचेगी। उसके बाद धर्मपुरा, आंधी, गुर्जर का बास, गोविंदगढ़, मठ मंदिर रिंगस होते हुए 10 मार्च को खाटूश्यामजी पहुंचेगी। जहां खाटूश्यामजी का दर्शन कर पदयात्री वापस राजगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मेजबान राजस्थान का पावर लिफ्टिंग में रहा दबदबा दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीता

## जयपुर डिस्कॉम अलवर के कनिष्ठ अभियन्ता हरीश मीना और भिवाड़ी के अजीत को स्वर्ण मिला

**पहली बार टीम चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रहा मेजबान राजस्थान, उत्तराखंड के रमन पटेल को विद्युतश्री और मध्यप्रदेश के शैलेन्द्र श्रीवास को पावरमैन खिताब**







बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा थर्मल में अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में 46 वीं पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबले रविवार देर रात तक जारी रहे। इसके बाद विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता में बॉडी बिल्डिंग का विद्युतश्री खिताब उत्तराखंड के रमन पटेल को व पावरमैन का खिताब शैलेन्द्र श्रीवास को मिला। इस मौके पर मुख्य अतिथि केएल मीना ने पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के आयोजन को खेल विकास में सराहनीय कदम बताया। उन्होंने अखिल भारतीय विद्युत स्तर की प्रतियोगिता पहली बार राजस्थान में कराए जाने पर और राजस्थान की पावर लिफ्टिंग टीम के शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम बार चैम्पियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी।

**पहली बार मेजबानी पर जताया आभार :** प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनीत जैन ने पहली बार मेजबानी मिलने पर फेडरेशन का आभार जताया। साथ ही प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर विशेषकर अधीक्षण अभियन्ता मलकीत सिंह, बलजीत सिंह अधिशाषी अभियन्ता, महेन्द्र सिंह सोलंकी, क्षमा कटारा, एनके शर्मा, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पवन शर्मा, सहायक अभियंता निशांत शर्मा व अरविन्द स्वामी सहित पूरी आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। समिति के सदस्य एवं थर्मल के संयुक्त निदेशक हेमन्त मदान ने खेल की महत्ता के बारे बताया और युवा पीढ़ी को खेलों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

**प्रतियोगिता के ये रहे सभी परिणाम :** उपमुख्य अभियंता एके चालाना ने राजस्थान बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन और कोटा जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अशोक औदिच्य और रेफरी चंद्रेश सोनी, एम्पायर अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी मनीषा प्रजापति, शहजाद, आशीष जैमन, सैफी रिजवी व जितेन्द्र की सहमति के बाद प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की। पावरलिफ्टिंग टूर्नामेंट में पंजाब को प्रथम, राजस्थान को द्वितीय और मध्यप्रदेश का तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता के अंतिम दिन हुए रोमांचक मुकाबलों में 93 किग्रा भार वर्ग के पावर लिफ्टिंग में राजस्थान के अजीत सिंह ने स्वर्ण, विशाल वर्मा (मप्र) ने रजत व अमनदीप सिंह (पंजाब) ने कांस्य पदक जीता। 105 किग्रा भार वर्ग के पावर लिफ्टिंग में राजस्थान के हरीश कुमार मीना ने स्वर्ण, सुरेन्द्र सिंह (पंजाब) ने रजत व अतुल समाधिया (मप्र) ने कांस्य पदक जीता। 120 किग्रा भार वर्ग के पावर लिफ्टिंग में किशन सिंह (पंजाब) ने स्वर्ण, राजस्थान के जोधपुर डिस्कॉम नन्दारी के नरेश कुमार गोयल ने रजत व प्रसाद सुरेश (महाराष्ट्र) ने कांस्य पदक जीता। 120 किग्रा से अधिक भार वर्ग के पावर लिफ्टिंग में गगन सिंह (पंजाब) ने स्वर्ण राजस्थान के जयपुर डिस्कॅम धौलपुर के रूपसिंह ने रजत व अफजल खान (मप्र) ने कांस्य पदक जीता। समारोह के विशिष्ट अतिथि वाईएस कटियार ने बॉडी बिल्डिंग टूर्नामेंट परिणामों की घोषणा की। बॉडी बिल्डिंग टूर्नामेंट में महाराष्ट्र को प्रथम, हरियाणा को द्वितीय व उत्तराखंड को तृतीय स्थान मिला। बॉडी बिल्डिंग में 162 सेमी हाईट वर्ग में महाराष्ट्र के सुनील सेवन्त ने स्वर्ण, शीनू सिंह (हरियाणा) ने रजत व नरेन्द्र कश्यप (उत्तराखंड) ने कांस्य पदक जीता। 167 सेमी हाईट वर्ग में उत्तराखंड के रमन पटेल ने स्वर्ण, विजय सिंह (हरियाणा) ने रजत व नामदेव शिन्दे (महाराष्ट्र) ने कांस्य पदक जीता।

172 सेमी हाईट वर्ग में महाराष्ट्र के राहुल काम्बले ने स्वर्ण, नरेन्द्र सिंह (पंजाब) ने रजत व जयपुर डिस्कॉम झालावाड़ के शाकिर हुसैन (राजस्थान) ने कांस्य पदक जीता। 172 सेमी से अधिक हाईट वर्ग में महाराष्ट्र के अमित पटेल ने स्वर्ण, बिजेन्द्र हुड्डा (हरियाणा) ने रजत व जसप्रीत सिंह (पंजाब) ने कांस्य पदक जीता।

# पावर बाइक पर सवार तीन बदमाश राहगीर के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हुए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में लूटपाट-राहजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी क्रम में रविवार दस बजे करीब तलवंडी इलाके में एक राहगीर से मोबाइल लूट की घटन हो गई। पावर बाइक पर सवार तीन बदमाश पैदल जा रहे राहगीर के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने इन बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन पकड़ने में कामयाब नहीं हुए। जवाहर नगर से तलवंडी चौराहे वाले रास्ते के बीच की यह घटना है।

प्रत्यक्षदर्शी समाजसेवी भुवनेश गुप्ता ने बताया कि वह खुद रात को मोबाइल पर बात करते हुए पैदल घर लौट रहे थे। उनसे करीब 50 मीटर की दूरी पर एक युवक भी पैदल जा रहा था। उसी दौरान एक पावर बाइक पर सवार तीन बदमाश वहां से तेज गति गुजरे और झपट्टा मारकर युवक के हाथ से मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए।सामने आया है कि इस वारदात से कुछ मिनट पहले ही इन बदमाशों ने उत्तर प्रदेश निवासी छात्र ऋषि राज से भी मोबाइल छीनने की कोशिश की थी, लेकिन वो सफल नहीं हो सके थे। गुप्ता ने बताया कि मोबाइल छीन लेने के बाद युवक के शोर करने पर उन्होंने पीछे मुड़कर देखा और उस युवक के साथ बदमाशों के पीछे दौड़ा। मदर तब तक वे काफी आगे निकल चुके थे। मौके पर अन्य लोग भी एकत्र हो गए।

### झपट्टा मारने से नीचे गिर गया था मोबाइल

बदमाश जिस ऋषि राज का मोबाइल छीनने में असफल हुए, उसने बताया कि वह नीट की तैयारी कर रहा है। लाइब्रेरी से लौट रहा था। गली से बाहर निकलकर परिजनों को कॉल लगाने के लिए फोन निकाला। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मार दिया। इससे फोन नीचे गिर गया और बाइक सवार बदमाश तेजी से आगे निकल गए। उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। बड़ी बात यह है कि उनकी बाइक पर नम्बर भी लिखे हुए नहीं थे।

# बाल विवाह मुक्त बूंदी अभियान : जिला कलक्टर ने बाल विवाह रोकथाम जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने सोमवार को बाल विवाह रोकथाम जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। इस रथ का उद्देश्य जिले के दूरदराज इलाकों में बाल विवाह के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना है और समाज में इसकी रोकथाम के लिए लोगों को प्रेरित करना है।



बाल विवाह मुक्त बूंदी अभियान जिला प्रशासन एवं बाल अधिकारिता द्वारा बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन व एक्शन एड-यूनिसेफ के समन्वय से चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह के खिलाफ जन जागरूकता फैलाना और समाज में इसे रोकने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए एक गंभीर समस्या है और इसे रोकने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जागरूकता रथ के माध्यम से जिला प्रशासन बाल विवाह की बुराई के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगा और उन्हें इस मुद्दे पर संवेदनशील बनाएगा। जिला कलक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की हैं कि वे बाल विवाह के खिलाफ अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और समाज में जागरूकता फैलाने में मदद करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने कहा कि बाल विवाह समाज में अनेक समस्याओं को जन्म देता है जिसके गंभीर परिणाम होते हैं। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम इस कुरीति को जड़ से समाप्त करें। जागरूकता रथ इस अभियान का अहम हिस्सा है, जो लोगों को बाल विवाह के खतरों से अवगत कराएगा और कानूनी प्रावधानों के बारे में बताएगा। इस मौके पर उपखंड अधिकारी हरविंदर डी सिंह ने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाएं और इस कुरीति को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है, और बाल विवाह को रोकने के लिए समाज में एकजुटता और जागरूकता की आवश्यकता है। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता हुकुमचंद जाजोरिया व बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रथ जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों में जाएगा, जहां लोगों को बाल विवाह के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य घनश्याम दुबे, छुट्टन लाल शर्मा, रोहित गुदड़ावत, मीनाक्षी मेवाड़ा, बाल अधिकारिता से सरफराज आलम, गोविंद कुमार गौतम, दीपिका विशिष्ट, एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक जहीर आलम, चाईल्ड हेल्पलाईन से रामनारायण, पारिता शर्मा, मुकेश गोस्वामी, पिंकी राठौर, बुद्धि प्रकाश, रवि प्रजावत अंकिता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कोटा मंडल के 5 स्टेशनों पर किलाबंदी टिकट चेकिंग : 638 यात्री पकड़े गए

- पाँच दिवसीय सघन टिकट चेकिंग अभियान से रेलवे को 2.65 लाख रूपए का राजस्व अर्जित
- कोटा, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, गंगापुर सिटी एवं बयाना स्टेशनों पर चलाया अभियान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के निर्देशन में कोटा मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने तथा रेल राजस्व में वृद्धि करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कोटा मंडल के 5 स्टेशनों कोटा, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, गंगापुर सिटी एवं बयाना स्टेशनों पर एक साथ दिनांक 24 फरवरी से 28 फरवरी तक वाणिज्य विभाग के 37 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सके। इस किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों पर आने-जाने वाली गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 626 यात्री पकड़े गए, जिनसे 2 लाख 63 हजार 9 सौ 30 रूपए बतौर किराया व जुर्माना वसूला किया



गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे 12 यात्री पाए गए, जिनसे 1,600 रूपए बतौर जुर्माना व किराया वसूला गया। पाँच दिवसीय सघन टिकट चेकिंग अभियान के दौरान सर्वाधिक सवाई माधोपुर में 208 मामलें, कोटा में 168 मामलें, गंगापुर सिटी में 137 मामलें, बयाना में 84 एवं भरतपुर में 41 मामलें पकड़े गए। इस प्रकार सभी 5 स्टेशनों पर एक साथ चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के कुल 638 मामलों से कुल 2.65 लाख रूपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ जैन नें बताया कि यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें।

अनियमित यात्राओं को रोकने से जहां रेल राजस्व में वृद्धि होती है, वहीं यह यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करता है। साथ ही उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्रतीक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्री आईआरसीटीसी वेबसाइट/ऐप एवं यूटीएस का उपयोग कर स्वयं भी टिकट बुक कर सकते हैं।

# 240 लीटर जेएमडी सरस घी, 45 लीटर मधुसूदन घी व 120 लीटर गोकुल मूंगफली तेल सीज

## होली के मद्देनजर मिलावटियों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** खाद्य सुरक्षा दल ने सोमवार को गांधी चौक स्थित एक तेल घी विक्रेता फर्म के यहां से जेएमडी सरस घी के 16 कार्टून में रखे 240 लीटर घी, तीन टिन में रखे 45 लीटर मधुसूदन घी, 8 टिन में रखे 120 लीटर गोकुल मूंगफली तेल व लाइफ ओके सरसों तेल के नमूने लेकर शक के आधार पर सीज किया। उल्लेखनीय है कि इस समय मूंगफली तेल का बाजार भाव 2700-2800 प्रति 15 किलो पीपा है, जबकि इस फर्म पर यह तेल 2100 रुपए प्रति पीपा बेचा जा रहा था। साथ ही विभिन्न ब्रांड के घी का बाजार में 500 रुपए प्रति लीटर से ऊपर का भाव है, जबकि जेएमडी सरस 355 रुपए प्रति लीटर के भाव से बेचा जा रहा था। इस फर्म से तेल घी के 7 नमूने लिए।

**कोचिंग क्षेत्र के मैस का भी निरीक्षण :** इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा दल ने लेंडमार्क क्षेत्र में विभिन्न होस्टल व मैस का निरीक्षण करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के 15 नमूने लिए। लेंडमार्क सिटी में श्री नारायण रेजिडेंसी का निरीक्षण किया गया। यहां मैस बिना फूड लाइसेंस के संचालित की जा रही थी। हॉस्टल संचालक को लाइसेंस प्राप्त नहीं कर लेने तक मैस को बंद करवाया गया।



**कार्रवाई करने वाली टीम में ये रहे शामिल :** वहीं, लिए गए कुल 22 नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला कोटा भिजवाया जा रहा है। जहां से प्राप्त होने वाली रिपोर्ट के आधार पर आगे नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना, चंद्रवीर सिंह जादोन व मोजी लाल कुम्भकार तथा सहायक चेतराम शामिल रहे। यह कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे कामयाब कोटा व राज्य में चलाए जा रहे शुद्ध आहार- मिलावट पर वार होली स्पेशल अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे के मार्गदर्शन, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन एवं अभिहित अधिकारी एवं सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर के नेतृत्व में की गई।

# रोजगार सहायता शिविर 11 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 11 मार्च, मंगलवार को प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक सूचना केन्द्र नयापुरा में आयोजित किया जाएगा जिसमें युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं रोजगार परक प्रशिक्षण के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। उप निदेशक उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शिविर के भाग लेने के लिए आशार्थियों द्वारा क्यू-आर कोड के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है।

# क्रिकेट मैच : कोटा शहर पुलिस ने ग्रामीण पुलिस को 16 ओवर में ही दे दी शिकस्त



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा शहर और ग्रामीण पुलिस के बीच हुआ क्रिकेट मुकाबला शहर पुलिस की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से जीत लिया। यह क्रिकेट मैच आरएसी ग्राउंड पर हुआ। यहां पहली बार पुलिस अधिकारियों और जवानों ने मिलकर 20-20 ओवर का मैत्री मैच खेला। इसमें कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर, एएसपी राम कल्याण मीणा व शहर एएसपी संजय शर्मा ने टॉस किया। ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने एक ओवर खेल कर मैच की शुरुआत की। शहर पुलिस की ओर से डीएसपी मनीष शर्मा ने कप्तानी की। वहीं ग्रामीण पुलिस की टीम के कप्तान डीएसपी इटावा शिवम जोशी रहे। कोटा ग्रामीण टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इस टीम ने पूरे 20 ओवर खेल कर 145 रन बनाए। वहीं, कोटा शहर पुलिस की टीम ने इस लक्ष्य को 16 ओवर में ही हासिल कर लिया। कोटा ग्रामीण एएसपी राम कल्याण मीणा ने बताया कि इस मैच में ग्रामीण एसपी ऑफिस के हेड कॉन्स्टेबल लालचंद ने सर्वाधिक 45, वहीं, उम्मेद सिंह ने 42 रन बनाए। कोटा ग्रामीण की टीम 20 ओवर में कुल 145 रन बना सकी। कोटा शहर पुलिस को कप्तान डीएसपी मनीष शर्मा ने बताया कि उनकी टीम ने 16 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। इसमें उनके 56 रन का प्रमुख योगदान रहा।

**कोटा ग्रामीण टीम :** डीएसपी शिवम जोशी, इंस्पेक्टर शौकत खान, सब इंस्पेक्टर श्यामाराम, मंशी राम, रेवती रमण, हेड कॉन्स्टेबल उम्मेद सिंह, अर्जुन व चेनाराम ।

**शहर पुलिस टीम :** एएसपी संजय शर्मा, डीएसपी मनीष शर्मा, योगेश, आरआई राम सिंह मीणा, एसएचओ भूपेंद्र सिंह, रमेश कविया, राम किशन, महावीर, शैलेंद्र, राकेश, जीतू व राकेश।

# बजट घोषणाओं के कार्यों को दें गति करें समय पर पूरा : डॉ. अमित यादव

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें सभी विभागों को बजट घोषणाओं के कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को गति देते हुये नवीन कार्यों की डीपीआर टैंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करते हुये विकास कार्यों को समय पर पूरा करें जिससे विकास कार्यों का लाभ आमजन को मिल सके। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों के अनुरूप सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करते हुये जिले को अग्रणी पायदान पर रखें। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में पात्र लोगों को लाभान्वित करते हुये विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बजट घोषणाओं के ऐसे कार्य जो अभी तक शुरू नहीं किये गये हैं, ऐसे कार्यों पर त्वरित कार्यवाही करते हुये शीघ्र शुरू करायें तथा प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने सड़क, बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं से सम्बंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे आमजन को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने निर्देशित किया कि बयाना रोड के स्वीकृत कार्य को संबंधित विभाग आरएसआरडीसी से समन्वय कर शीघ्र प्रारम्भ करें। उन्होंने घना गेट से बीनारायन गेट तक के सडक व नाली निर्माण कार्य को समय से पूरा कराने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने भवनपुरा रोड पर हो रहे अतिक्रमण हटवाने, बिजलीघर चौराहे के पास खुले नाले के निर्माण कार्य को शीघ्र करवाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास के पास हो रहे जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान करने के साथ ही रणजीत नगर में ड्रेन व्यवस्था व नालों के निर्माण कार्य को, शहर में ड्रैनेज सिस्टम में सुधार के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने गोपालगढ से जघीना गेट तक नाला कार्य, रैडक्रॉस पुलिया, चांदपोल गेट के आसपास के नाला निर्माण कार्य को प्राथमिकता देते हुये शीघ्र कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित कच्ची खाई के निर्माण कार्य, गोलमोल की बगीची के पीछे की तरफ हो रहे जलभराव को कार्यवाही करते हुये खाली कर मिट्टी भराव की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने किले में बबूल के पेड हटवाने की कार्यवाही में गति लाने के लाने एवं आवारा गायों को पकडकर गौशाला पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही जिससे मच्छर एवं मच्छरजनित बीमारियां पैदा न हों। उन्होंने आरएसआरडीसी अधिकारी को लोहागढ़ स्टेडियम में स्वीकृत कार्यों की वर्क ऑर्डर प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुये जिले व शहर की निर्बाध पेयजल व्यवस्था को सुदृढ रखें जिससे आमजन को पेयजल की परेशानी न हो। इस अवसर पर बीडीए आयुक्त प्रतीक जुइकर , अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सीओ सिटी पंकज यादव, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सामान के पैसे मांगने पर दुकानदार पर सरियों से हमला, आरोपी मौके से फरार

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** दुकानदार से उधार सामान लेने के बाद पैसे मांगने पर दो युवकों ने सरियों से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी भागते समय दोबारा लौटकर देख लुंगा की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली थाना पुलिस में प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगला भगोरी निवासी शशि जाट और भूरा जाट एक दुकान पर खड़े होकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान उन्होंने नमकीन ली, लेकिन जब दुकानदार ने पैसे मांगे, तो दोनों भड़क गए और बहस करने लगे। दुकानदार ने जब आरोपी से सामान के पैसे मांगे तो आरोपी गाली गलौज पर आ गए बात बढ़ने पर आरोपियों ने सरियों से दुकानदार पर हमला कर दिया, जिससे लालबाग निवासी विजय सिंह गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। हमलावरों का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना को अंजाम देने के बाद शशि और भूरा मौके से फरार हो गए, लेकिन जाते-जाते फिर से लौटकर देख लेने की धमकी भी दे गए। दुकानदार विजय सिंह ने कोतवाली थाना पर लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। दुकानदार विजय सिंह का इलाज जारी है, और पुलिस जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।



**पुलिस की निष्क्रियता से हो रहे हैं अपराधियों के हौसले बुलन्द :** व्यापारिक संगठनों का आरोप है कि पुलिस गश्त में कमी के चलते अपराधी किस्म के लोग शराब के ठेकों के आसपास की दुकानों पर बैठक खुलेआम शराब पीकर उत्पात मचाते हैं। शाम के समय तो ऐसे लोग महिलाओं व बच्चियों पर अश्लील फब्तियाँ कसते हैं, जिसके चलते उनका निकलना दूभर हो रहा है। कस्बा निवासी एक युवक बबलू ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने शराब ठेकेदारों से मिलीभगत के चलते ठेकों पर या ठेकों के आसपास की दुकानों पर बैठकर खुलेआम शराब पीने वाले ऐसे लोगों को खली छूट दे रखी है। इसके चलते आपराधिक छवि वाले लोगों के हौसले बुलन्द हैं एवं आमजन सहमा हुआ है।

# थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 51 यूनिट हुआ रक्तदान

## थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार रोग है : डॉक्टर बृजेश कुमारी

बढ़ता राजस्थान






**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। किरोड़ीलाल मित्तल स्मृति न्यास की ओर से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन डॉक्टर दीपक शर्मा ने किया। शिविर संयोजक अरविंद मित्तल ने बताया कि भुसावर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान में भाग लिया। राजकीय कृषि महाविद्यालय के एक दर्जन से अधिक छात्रों ने भी रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में योगदान दिया।

**एक वर्ष का शिशु ,परन्तु थैलेसीमिया चिकित्सक ने किया रक्तदान :** कस्बे के पाण्डेय् केहरी सिह सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रतिस्थापित थैलेसीमिया चिकित्सा डॉक्टर बृजेश कुमारी ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ बृजेश कुमारी ने बतलाया कि उनका मात्र एक साल का शिशु है उसके उपरांत भी उन्होंने ऐसे बच्चों के लिए जिनमें यह रोग पाया जाता है एवं रक्तदान उद्देश्य को आमजन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने रक्तदान किया है। यह एक अनुवांशिक रक्त विकार है इसमें रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो जाता है थैलेसीमिया के अलग-अलग प्रकार होते हैं हर तरह के लक्षण अलग-अलग होते हैं जैसे थकान और कमजोरी सांस लेने में दिक्कत त्वचा का पीला पादना शारीरिक विकास में कमी हड्डियों से जुड़ी समस्याएं चेहरे की बनावट में बदलाव लगातार सिर दर्द पैरों में ऐंठन वजन कम होना हमेशा बीमार रहना। थैलेसीमिया मेजर बीटा थैलेसीमिया मेजर अल्फा थैलासीमिया माइनर हीमोग्लोबिन हा रोग साइलेंट अल्फा थैलासीमिया करियर इसके अलग-अलग प्रकार हैं

**थैलेसीमिया का निदान कैसे हो :** थैलेसीमिया के निदान को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर उर्फ सोनू पाण्डेय ने बताया कि रक्त का नमूना लेकर एनीमिया और असामान्य हीमोग्लोबिन के परीक्षण से थैलेसीमिया का पता चलता है। लाल रक्त कोशिकाओं को माइक्रोस्कोप से देखकर भी पता चलता है कि वह असामान्य आकार की है या नहीं एवं हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफॉरेसिस नमक परीक्षण से भी थैलेसीमिया का पता चलता है।

आर बी एम हॉस्पिटल से आई मेडिकल टीम ने डॉक्टर नरेश के नेतृत्व में रक्त एकत्रीकरण किया। टीम ने सभी रक्तदाताओं को आश्वस्त किया कि उनके रक्त का उपयोग केवल थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों सहित गंभीर मरीजों के इलाज में ही किया जाएगा। शिविर में सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा।

# 75 महिलाएं यमुना जी को 375 मीटर लंबी चुनरी उढ़ाकर करेंगी नोका विहार



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** बयाना के अग्रवाल पंचायती मंदिर से महिला भक्त मंडल की 75 सदस्याएं सोमवार को मथुरा पहुंचीं। महिला भक्त मंडल ने यमुना जी को अर्पण करने के लिए 375 मीटर लंबी चुनरी तैयार की है। इस चुनरी को नौका विहार के दौरान धार्मिक रीति-रिवाज के साथ यमुना जी को समर्पित किया जाएगा। पौराणिक परंपरा के पीछे कथा यह भी है कि भगवान कृष्ण की बहन सुभद्रा ने यमुना जी में स्नान किया था और भगवान कृष्ण ने भी उनके साथ स्नान किया था इस प्रकार यमुना जी में भाई-बहन की स्नान को एक पवित्र और धार्मिक कार्य माना जाता है।

**यमराज और यमुना जी के बीच संबंध :** यमराज और यमुना जी के बीच एक पौराणिक संबंध है यमुना जी को यमराज की बहन माना जाता है। यह संबंध हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। और यह दोनों के बीच में प्रेम और समर्थन को दर्शाता है। कहते हैं दीपावली की दूज को भाई-बहन यमुना जी में एक साथ स्नान करते हैं तो यम की फांस से छुटकारा मिल जाता है। भक्त मंडल की सदस्य रजनी गुप्ता के अनुसार चुनरी मनोरथ ठाकुर और यमुना महारानी का जुगल श्रृंगार माना जाता है। उन्होंने बताया कि मथुरा-वृंदावन में यह आयोजन सुख-शांति और वैभव की प्राप्ति का माध्यम है। यह शनि की कृपा प्राप्त करने और यमराज की फांस से मुक्ति पाने में सहायक माना जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने यमुना जी की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि यमुना जी भगवान श्रीकृष्ण की प्रथम पटरानी हैं। श्रद्धालुओं ने यमुना को उसके पुराने दिव्य स्वरूप में लाने के लिए प्रशासन और जनता से सहयोग की अपील की। इस धार्मिक आयोजन में राधा अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, लता अग्रवाल, सुनीता, राज कुमारी, सुधा बंसल सहित कई महिला श्रद्धालुओं के साथ अशोक नावली, विजयमोहन बंसल, भगवानस्वरूप अग्रवाल, मुरारीलाल, महेश बंसल और विशेष चंद्र गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# बयाना-ब्रह्मबाद टोल नाके पर नगद टोल कटवाने के बाद फास्ट ट्रैक ने भी काटा टोल, टोलकर्मी का जवाब-कभी काम कर जाते हैं फास्ट्रेक

बढ़ता राजस्थान


BARHMBAD TOLL PLAZA
R S R D C TOLL
RECEIPT NO : 34978
REC. DATE : 03-03-2025
REC. TIME : 07:21:37
SHIFT NO : 2
MACHINE NO : SmartPos10
VEH. TYPE :
TRUCK ABOVE 5 TON
JOURNEY : RETURN JOURNEY
AMOUNT : 360.00
VEHICLE NO: 3975
THANK YOU FOR VISIT

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** बयाना कस्बे के टोल नाके पर आने जाने वाले वाहनों से टोल के नाम पर ड्राइवरों से डबल टोल टैक्स लेने का मामला सामने आया है। बयाना के रहने वाले बुलबुल धाकड़ ने बताया कि मेरी गाड़ी आरजे 05 जीए 3975 सुबह रुदावल गई थी। ड्राइवर ने कहा फास्ट ट्रैक से टोल काट लो, जवाब में टोल कर्मी ने कहा हमारे यहां फास्ट ट्रैक काम नहीं कर रहे हैं। लोट-सोट के 360 रुपए नगद देने होंगे। ड्राइवर ने ?360 नगद देकर पर्ची कटवा ली। कुछ ही घंटों बाद जब गाड़ी रूदावल से वापस बयाना के लिए आई तो उसी टोल प्लाजा पर फास्ट ट्रैक से 145 रुपए दोबारा कट गए। गाड़ी मालिक ने जब बयाना आकर अपना मोबाइल देखा तो वह भोचक्का सा रह गया। उसके मोबाइल से 145 रुपए ब्रह्मबाद के टोल प्लाजा पर उसी गाड़ी के दुबारा कट गए। बुलबुल ने बताया उसने तुरंत टोल नाके पर संपर्क किया। टोल नाके से जवाब मिला आपके फास्ट्रेक वाले पैसे आकर वापस ले जाओ। धाकड़ ने टोल नाके वाले से कहा आपने कहा था कि हमारे यहां फास्ट ट्रैक काम नहीं करता है तो फिर पैसे कैसे कट गए। जवाब में टोलकर्मी ने कहा कि कभी-कभी पैसे कट जाते हैं। बुलबुल धाकड़ ने कहा सभी जगह फास्ट ट्रैक से पैसे काटे जाते हैं इस ब्रह्मबाद के टोल वालों ने टोल के नाम पर जबरन लूट मचा रखी है। और कहा अगर हमारे पैसे फास्ट ट्रैक से कटते हैं तो हमको दोनों तरफ से 60 रुपए का फायदा भी होता है। लेकिन अधिक पैसा कमाने के लालच में तोल कर में जानबूझकर गड़बड़ी कर रहे हैं और फास्ट्रेक के बजाय कैश में टोल वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं कैश लेने के बाद फास्ट्रेक से भी वाहन चालकों का पैसा कट रहा है। इससे वाहन चालकों पर दोहरी मार पड़ रही है। धाकड़ ने कहा मैं तो लोकल बयाना का था जो टोल प्लाजा पर जाकर 145 वापस ले आया। अगर मेरी जगह कोई गाड़ी वाला बाहर का होता और उसकी गाड़ी 100 किलोमीटर आगे पहुंचने के बाद मालूम पड़ता कि उसके मोबाइल से भी फास्ट ट्रैक के द्वारा टोल कट गया है तो वह अपने पैसे लेने वापस नहीं आता। बुलबुल ने बताया ब्रह्मबाद टोल प्लाजा वाले इसी चीज का फायदा उठाकर केश में टोल काटते हैं जिससे उनको डबल पैसे मिल जाए।

**इनका कहना है**

संभावित विभाग से बात कर ब्रह्मबाद टोल प्लाजा पर कार्रवाई की जाएगी ।

**कृष्णराज जांगिड़ बयाना वृताधिकारी**

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** कृषि एवं परियोजना निदेशक कार्यालय के सभागार में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में पॉस्को, बालको के सम्बन्ध में कानूनी प्रावधानों की जानकारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के तीनों स्तर, सीडब्ल्यूसी, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट एवं घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार ने विभाग द्वारा संचालित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र, सखी वन स्टाप सेन्टर, महिला सुरक्षा सलाह केन्द्र आदि योजनाओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। काउन्सलर महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र उमा जैमिनी ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन व जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर घरेलू हिंसा से पीडित महिलाओं, बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया एवं वन स्टॉप सेन्टर की केन्द्र प्रशासक सृजना चौधरी ने सेन्टर पर आने वाली पीडित महिलाओं को एक छत के नीचे दी जाने वाली 5 सुविधाएँ (परामर्श, मेडीकल, पुलिस सहायता, आश्रय एवं विधिक सहायता) के बारे में जानकारी प्रदान की। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास सिकरा राम चोयल ने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला अग्रणी प्रबंधक प्रशान्त कुमार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण से संबंधित बैंक की स्कीम्स के बारे में जानकारी प्रदान की। सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता के रामरतन ने पालनहार, नारी निकेतन एवं दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सी.एम. गुप्ता ने ऋण प्रदान करने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन सुरेन्द्र कुमार, एस के शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्थान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिशा फाउन्डेशन से शालू हेम्ब्रोन, सीडीपीओं नदबई महेन्द्र प्रताप सिंह, में एनजीओ प्रतिनिधि, वन स्टॉप सेन्टर, एमएसएसके, पीएसएसके के केन्द्र प्रबन्धक, काउन्सलर, कार्यकर्ता, मीडियाकर्मी, श्रम विभाग, जिला उद्योग विभाग, सामाजिक एवं न्याय अधिकरिता विभाग के अधिकारी एवं प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# शेष रहे खातेदार अथवा हितधारियों को आरक्षण पत्र किये जायेंगे जारी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. ) ।** खातेदार अथवा हितधारियों को आरक्षण पत्र जारी किये जाने की कार्यवाही भरतपुर विकास प्राधिकरण परिसर में सम्पादित की जायेगी। भरतपुर विकास प्राधिकरण सचिव नीलिमा तक्षक ने बताया कि प्राधिकरण की योजना संख्या 13 एवं व्यावसायिक योजना संख्या 10 में खातेदार, हितधारियों को अवाप्त भूमि के बदले विकसित भूमि दिये जाने हेतु विकल्प आरक्षण पत्र जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तुत विकल्प अनुसार आरक्षण पत्र से शेष रहे खातेदार अथवा हितधारियों को आरक्षण पत्र जारी किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आरक्षण पत्र जारी करने हेतु योजना संख्या 10 व 13 के लिये 6 व 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से सांय 5 बजे तक भरतपुर विकास प्राधिकरण परिसर में कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

# विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए 9 मार्च तक आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. ) ।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष के युवा 9 मार्च तक माय भारत पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र सुनील राणा ने बताया कि कार्यक्रम माय भारत इनिशिएटिव के तहत नोडल जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन के बाद दिए गए विषय पर 1 मिनट का वीडियो माय भारत पोर्टल पर अपलोड करना होगा, इनमें से 150 वीडियो का चयन किया जाएगा।

# ओलावृष्टि से खराब फसल मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**वैर/ भरतपुर( गौपाल पाठक )।** गत दिनहुई अति वृष्टि एवं ओलावृष्टि की वजह से क्षेत्र में बर्बाद हुई किसानों की सरसों और गेहूं की फसल के मुआवजे की मांग को लेकर वैर उपखंड क्षेत्र के हलैना उप तहसील में किसान नेता इन्दल सिंह जाट के नेतृत्व मे किसानों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौपा । किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने नायव तहसीलदार लक्ष्मन गुप्ता को ज्ञापन में बताया है कि ओलावृष्टि की वजह से किसानों के सपने टूटे हैं किसने की सरसों व गेहूं की पक्की तैयार फसल खराब हो गई है।

किसने की फसल का सर्वे कराए जाने एवं नुकसान का वाजिब मुआवजा दिलाया जाने की मांग की है। इस अवसर पर बलदेब सिंह नगला धरसौनी , चन्द्रप्रकाश सौलंकी हलैना,वासुदेव गुप्ता पूर्व सरपंच , गोविन्द गुप्ता , बहादुर पटैल इरनिया , हीरा तिलचिवी , ध्रुव मेम्बर सरसैना, जगन जाटव जहानपुर , रामकिशन सुवेदार नगला कसान, चेतराम खटीक , नरेन्द्र शर्मा ,नवीन जाटव , सहित अनेक किसानों ने हिस्सा लिया ।

## भीलवाड़ा में शिव महापुराण कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ हुई शुभ शुरुआत





बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर के विवेकानंद नगर, संतोष कॉलोनी में आध्यात्मिक और धार्मिक माहौल के बीच श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा प्रसिद्ध कथावाचक पंडित श्री देवकिशन जी शास्त्री द्वारा 1 मार्च से 7 मार्च तक संचालित की जा रही है। शास्त्री जी ने बताया कि इस कथा में शिवमहिमा, भक्ति और जीवन के आध्यात्मिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यह यात्रा हठीले हनुमान मंदिर से शुरू होकर कथा स्थल तक पहुंची। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाते हुए आगे बढ़े, जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस सात दिवसीय आयोजन में शिव महापुराण के विभिन्न प्रसंगों, शिव की महिमा, सृष्टि के रहस्य और जीवन में धर्म की भूमिका पर व्याख्यान दिया जाएगा। कथा के दौरान भगवान शिव की स्तुति, भजन-कीर्तन और विशेष अनुष्ठान भी होंगे, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति प्राप्त होगी। कथा का आयोजन भक्त सुनीता जोशी एवं अशोक जोशी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य कथा का लाभ उठाने और शिव भक्ति में लीन होने का आह्वान किया है। कथा को लेकर गहरी आस्था और उत्साह देखा जा रहा है, और प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंच की रहे है।

# जजावर वन क्षेत्र में आरटीआर सवाईमाधोपुर की टीम ने किया रेस्क्यू

## करीब दो माह से नैनवां क्षेत्र में विचरण कर रहा था पेंथर, लोगो में पैदा हुई दहशत

बढ़ता राजस्थान




**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** जजावर गांव के वन क्षेत्र में पेंथर होने की सुचना पर गांव में दहशत का माहौल पैदा हो गया। पेंथर होने की सूचना आस पास के गांव में आग की तरह फैल गई। लोगो ने अपने अपने कुए पर स्वंम को सुरक्षित किया गया। ग्रांमीणो ने नैनवां क्षेत्रिय वन अधिकारी को सुचना दी गई कि एक वन्य जीव जो जजावर खुणेश्वर महादेव से आगे वन क्षेत्र में मौजूद है। ग्रांमीणो की सूचना पर नैनवां से आनन फानन में नैनवां रेंजर कविता जाट,जजावर नाका प्रभारी भॅवर सिंह शेखावत,फूलेता नाका प्रभारी रामराय यादव सहित रेंज का पूरा स्टॉफ मौके पर पहूँचे। उन्होने कुछ समय के लिए पेंथर का मुमेंट पर निगाहे रखी। उप वन संरक्षक बून्दी,सहायक वन संरक्षक सहित उच्चाधिकारियो को अवगत करवाया गया। मौके पर मौजूद वनकर्मियो द्वारा सरसो के खेत के पास जाकर देखा कि एक पेंथर सरसो के खेत की सुरक्षा के लिए लगाई गई जॉली में उलझा हुआ है। क्षेत्रिय रेजर द्वारा फिर उच्चाधिकारियो को अवगत करवाया गया। अधिकारियो के निर्देश पर आरटीआर सवाईमाधोपुर की टीम को रेस्क्यू के लिए बुलाया गया। रेस्क्यू टीम आने के बाद पशु चिकित्सक मदन मोहन मीणा बांसी की मौजूदगी में सवाईमाधोपुर से आई टीम द्वारा ट्रेकूलाईज किया गया। इसके बाद सुरक्षित तरिके से पेंथर को रेस्क्यू किया गया। इस दौरान रेंज नैनवां स्टॉफ,गश्तीदल बून्दी सहित स्टॉफ मौजूद रहे। रेस्क्यू नर पेंथर को सुरक्षित एंव स्वस्थ रूप से रामगढ़ विषधारी अभ्यारण में छोड़ा गया।

**ग्रांमीणो का दावा,कई दिनो से था पेंथर का मुमेंट :** जजावर वन क्षेत्र में वैसे तो हिरण,खरगोश,नील गाय काफी तादाद में है। पेंथर इस वन क्षेत्र में पहली बार देखा गया है। ग्रांमीणो ने बताया कि कई बार लोगो की निगाह में पेंथर आया गया था लेकिन पेंथर ने कभी भी गाय,बकरी का शिकार नहीं किया जिससे लोगो में भय तो था लेकिन इतना खौफ नहीं था कि वन क्षेत्र में कोई पेंथर मौजूद है। सोमवार को कुछ ग्रांमीणजन पास में ही सरसो की कटाई कर रहे थे। उन्होने एकाएक देखा कि पेंथर के पीछे के पैर कोई तार जैसी फंदी में फंसा हुआ था। ग्रांमीणो ने यह भी बताया कि इस वन क्षेत्र में हिरण एंव खरगोश होने से कभी कभार शिकारी भी शिकार करने आते है। वे शिकारी फंदी लगा कर वन्य जीवो का शिकार करते है। हालाकि क्षेत्रिय वन अधिकारी कविता जाट से जानकारी लेने पर बताया कि पेंथर किसी शिकारी फंदी में नहीं सरसो के खेत की सुरक्षा के लिए लगाई गई तारो की जॉली में फंसा हुआ था। फिलहाल वन्य जीवो का शिकार किया जाने जैसे मामले अभी फिलहाल उनकी जानकारी में नहीं आये है।

**वन विभाग का दावा देवली वन क्षेत्र से आया पेंथर :** जजावर वन क्षेत्र में पेंथर होने की जानकारी वन विभाग को करीब दो माह पूर्व भी दी गई थी। तत्कालीन समय में मौजूद रेंजर सहित गश्ती टीम ने प्रशासनिक अधिकारियो की मौजूदगी में ड्रोन केमरो से निगरानी करवाई गई थी लेकिन वन विभाग को सफलता नहीं मिलने पर वन्य जीव होने का दावा किया गया था। इसी प्रकार रजलावता, बम्बूली के सरसो के खेत में भी वन्य जीव होने की सुचना पर वन विभाग की टीम ने वन्य जीव होने की लोकेशन पर जाजया लिया गया था लेकिन वन विभाग ने उस समय जंगली बिल्ली होने की पुष्टी की गई थी।

## भीलवाड़ा पुलिस ने किया अपराधियों को गिरफ्तार चाकूबाजी की घटना का खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ( आई.पी.एस. ) के आदेशानुसार एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारस जैन के निर्देशन में तथा वृत्ताधिकारी वृत्त शहर मनीष बडगुर्जर के सुपरविजन में थाना प्रतापनगर पुलिस ने एक संगठित अपराध का पर्दाफाश किया। घटना 24 जनवरी 2025 की रात हुई, जब शाहपुरा निवासी चांद खां के बेटे इरशाद और उसके साथी एसटेक स्कूल के पास बैठक कर रहे थे। इसी दौरान लोकेश बलाई और बाबू उर्फ विश्वजीत सिंह के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ते-बढ़ते देर रात नुक्कड़ कैफे तक जा पहुंचा, जहां बातचीत झगड़े में बदल गई। झगड़े के दौरान इरशाद ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन भरत जयसवाल ने जेब से चाकू निकालकर इरशाद पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हमले में लोकेश, कमल और सूरज नायक ने भी भरत का साथ दिया। इस घटना की रिपोर्ट प्रतापनगर थाने में दर्ज होने के बाद पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान शुरू किया। मुखबिरों की सूचना के आधार पर 2 मार्च 2025 को पुर बाईपास से तीन मुख्य आरोपियों—लोकेश बलाई, कमलेश सिंह रावत और भरत जयसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल, बाजारों में गंदगी का अम्बार



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में सफाई कर्मियों को पिछले 2 माह से वेतन नहीं मिलने से सभी सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य का किया बहिष्कार कर दिया। दो दिन से बाजार में सफाई नहीं होने से जगह जगह गंदगी के ढेर लग रहे है। सफाई कर्मचारियों व ग्राम पंचायत की शनिवार को बैठक भी हुई लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका।दो माह का बकाया वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मचारियों ने शनिवार से सफाई कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल कर दी।शनिवार रविवार को कस्बे में सफाई नही होने से जगह जगह गन्दगी हो रही है तथा मुख्य बाजारों में कचरा पड़ा हुआ है,बाजार की सड़कों पर गन्दगी ही गन्दगी नजर आ रही है। सफाई कर्मचारीयो ने बताया कि पिछले 2 महीनों से हमें हमारी तनख्वाह नहीं मिली जब तक हमें हमारी तनख्वाह नहीं मिलती हम कस्बे में सफाई कार्य नहीं करेंगे हर माह हमें इस प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है उन्होंने ग्राम पंचायत से हर महीने वेतन देने की मांग भी की। सफाई नहीं होने के कारण चौमहला कस्बे के गली मोहल्ले चौक चौराहों में कचरे के ढेर लग गए तथा नालियों से बदबू आने लगे जिससे कस्बे वासी परेशान हो रहे हैं।

**इनका कहना**

सफाई कर्मचारियों से वार्ता की जा रही है,इनका भुगतान 8 मार्च कर दिया जाएगा,यह लोग मनमानी करते है यदि काम पर नहीं लौटे तो दूसरी व्यवस्था की जाएगी

**प्रेमलता अशोक भंडारी**
**प्रशासक ग्राम पंचायत कोलवी उर्फ मंडी राजेंद्रपुर चौमहला**

## 8 साल के शैख शाबान पिता मोहसिन खान ने रखा अपनी जिन्दगी का पहला रोजा

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान शुरु हो गया है।रमजान माह के दुसरे दिन बड़ों के साथ साथ मासूम बच्चों ने भी रखा।यहा इनकी जिंदगी का यह पहला रोजा है। तपती धूप की परवाह किए बिना नन्हे बच्चो ने रोजा रखा।अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त की।कस्बे के 8 साल के शैख शाबान पिता मोहसिन खाँन ने रखा पहला रोजा।पहला रोजा रखने पर घर में खुशी का माहौल रहा। शाम को रोजा इफ्तार के दौरान अपने मनपसंद के लजीज खाने का मजा भी लिया परिजनों रिश्तेदारों ने दिली मुबारकबाद दी थी।

## हिन्दू धर्म के लिए आतंक का पर्याय बना चेयरमैन पति मनीष चांदवाड

# आधा दर्जन से ज्यादा हिन्दू संगठन व समाज के लोगों ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन, चेयरमैन चोर के नारे लगे नगर की सड़कों पर

बढ़ता राजस्थान




**झालरापाटन ( सुरेश मोमिया )।** ना कोई नेता हैं ना कोई किसी पार्टी का जनप्रतिनिधि है पिता कामरेड थे ,यह कांग्रेस से है जो मौका देखकर भाजपा में शामिल हो गया और विगत नगरपालिका चुनाव में भाजपा से पत्नी को पालिका अध्यक्ष बनाने में सफल हो गया। लेकिन पत्नी के अधिकारो का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघते सारे रिकॉर्ड तोड दिए गए। जिसकी जानकारी क्षैत्रिय विधायक वसुंधरा राजे सिंधिया को भी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के यह डी कम्पनी संरक्षक मान कर चल रही है।अब तो यह आलम हो गया है कि आज नगर के हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रैली के दौरान गली गली में शोर है चैयरमेन चोर के नारों से नगर को गुंजायमान कर दिया। अब इसका आतंक इतना बड़ गया की यह हिन्दू धर्म द्वारा संचालित व्यायाम शालाओं बन्द करवाने व पूजा स्थलों अर्चना करने पर पूलिस में मामला दर्ज करवाने पर उतारू है। इसी को लेकर हिन्दू समाज में रोष है। सोमवार को आधा दर्जन से ज्यादा हिन्दू संगठनों व हिन्दू धर्म के समाज के लोगों ने रोष जाहिर करते हुए स्थानीय तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित कर बताया कि दादाबाड़ी वर्षों से हिन्दू समाज का आस्था का केन्द्र रहा है यहां बालाजी व चतुर्मुखी महादेव का मन्दिर है जहां नगर के हिन्दू समाज के लोग पूजा अर्चना करने जाते हैं। ज्ञापन में बताया की दादाबाड़ी प्रांगण में पिछले पच्चीस सालो से बाल हनुमान व्यायाम शाला का संचालन किया जा रहा है , परन्तु विगत कुछ समय से नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा जैन का पति मनीष चादवाड कांग्रेस के नेता राजेन्द्र शर्मा व एक समाज विशेष के साथ मिलकर हिन्दू समाज के विरुद्ध सुनियोजित साज़िश करते हुए हिन्दू समाज की आस्था को निरन्तर ठेस पहुंचा रहा है । धार्मिक स्थलों पर व्यायाम शालाओं बन्द करने पर उतारू है । हिन्दू समाज का विरोध कर यह यह व्यक्ति अपनी साख राजनीति में आजमा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के राज्य पाल को अवगत करवाते हुए कांग्रेस नेता राजेन्द्र शर्मा व चेयरमैन पति मनीष चादवाड झालरापाटन में अराजकता का माहौल पैदा कर रहा है। जिससे अशांति का माहौल पैदा हो रहा है इनके विरुद्ध उपयुक्त कारवाई की जावे। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय बंजरग दल ,भील समाज विकास संस्थान, परशुराम सेना, कायस्थ सभा, राष्ट्रीय मोदी सेवा समिति, राष्ट्रीय छात्र परिषद्,जय भवानी राष्ट्रीय राजपूत महासभा,फूल माली समाज,विप्र सेना,कश्यप समाज सेवा समिति,आदी नगर के हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

## कबड्डी के खिलाड़ियों को ट्रायल के आधार पर ही चयनित कर आगे भेजा जाए : विधायक कोठारी

### लव जिहाद व खिलाड़ियों का मुद्दा सदन में छाया

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को विधायक अशोक कोठारी ने लव जिहाद के मामलो में लिप्त दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग सदन के समक्ष रखी। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, विजयनगर ब्लैकमेल प्रकरण के समान ही शहर में हिन्दू समाज की बेटी के साथ समाज विशेष के युवकों द्वारा गैंगरेप कर ब्लैकमेल किया गया, मामले में लिप्त दोषियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही की मांग विधायक कोठारी ने विधानसभा में की, शहर में इन दिनों लगभग 10 लव जिहाद के मामले सामने आए है। जिनमें करीब 65 प्रतिशत मामलों में नाबालिग बच्चियां होती है। वहीं भीलवाड़ा जिले में कबड्डी फेडरेशन के द्वारा चयन प्रक्रिया में पक्षपात तरीके से खिलाड़ियों का चयन किया जा रहा है। खिलाड़ी पिछले सात दिनों से जिला कलेक्ट्रेट के बाहर अनशन पर बैठे है, उनकी एक ही मुख्य मांग है ट्रायल के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जाए, कबड्डी फेडरेशन भीलवाड़ा द्वारा अनियमितता है, सेक्रेटरी राजकीय सेवा में भी है, योग्यता के आधार पर खिलाड़ियों का चयन नही करते है। इसके अलावा खेल संबंधी कई अनियमितताएं है। खिलाड़ियों के साथ न्याय हो, फेडरेशन एक स्वायत्तशासी संस्था है, उनकी चयन प्रकिया पारदर्शिता पूर्ण होनी चाहिए।

# ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा जीवन में उत्साह का संचार करती है : जिलाध्यक्ष त्रिपाठी

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा जीवन में उत्साह का संचार करती है। भीलवाड़ा कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने ये विचार त्रिवेणी संगम एवं मेनाल की यात्रा के बाद जोगनिया माता शक्तिपीठ पहुंचने पर कहे। चन्द्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष त्रिपाठी के नेतृत्व में 55 सदस्यों का ऐतिहासिक स्थलों का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया जिसमें त्रिवेणी संगम , माण्डलगढ़ , मेनाल , जोगनिया माता शक्तिपीठ एवं सिंगोली क्षेत्र के ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा का कार्यक्रम रखा गया। पीसीसी सचिव एवं भीलवाड़ा जिला प्रभारी रंजना शर्मा चेयरमेन नगरपालिका बेगूं ने भी मेनाल से यात्रा में सम्मिलित होकर कांग्रेस जनों का उत्साहवर्धन किया। संगम स्थल पर माण्डलगढ़ क्षेत्र के कांग्रेसजनों द्वारा रफीक टांक मगनलाल जाट ,रामेश्वर धाकड़, गोपाल गुर्जर, अलका लढा तथा कय्यूम लुहार एवं मेनाल में जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी एवं रामफूल धाकड़ के नेतृत्व में बिजौलियां क्षेत्र के कांग्रेस जनों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।

सिंगोली में पूर्व विधायक कुं. प्रदीप सिंह से उनके आवास पर सभी ने मुलाकात कर उनके भाई के निधन पर शोक संवेदनाए व्यक्त की। बड़लियास में यात्रा कोटड़ी पूर्व प्रधान विजयसिंह राणावत के फार्म हाउस पर पहुंची जहाँ उपस्थित कांग्रेसजनों ने यात्रियों का जोरदार स्वागत किया। फार्म हाउस पर उपस्थित कांग्रेस जनों से क्षेत्र की संगठनात्मक चर्चा भी की गयी। यात्रा में कैलाश सेन,विनोद पुरोहित , मुन्ना राम मीणा ,रामदयाल बलाई , कलीम काजी , अविनाश शर्मा ,अरुण देराश्री ,रामेश्वर सोलंकी , अनिता शक्तावत , अकरम अली , आनन्द तिवाड़ी, शिवराज सुराणा , राजेश शर्मा , हरक चन्द कोठारी , सुनील दत्त , संदीप टेलर , कस्तूरी जाट , करिश्मा धोलपूरिया, मुकेश घुसर ,दिनेश बैरवा , एस के मीज़ान सहित लगभग सभी विधानसभाओं के कांग्रेसजन सम्मिलित हुऐ ।

## विश्व हियरिंग डे पर निकाली जन जागरूकता रैली जिले में हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान




**बूँदी ( अनन्त दाधीच )।** विश्व हियरिंग डे के अवसर पर सोमवार को, सीएमएचओ ऑफिस एवं जिला अस्पताल के ईएनटी अनुभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग के स्टूडेंट्स की ओर से रैली के जरिए जागरूकता पैदा की गई। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर , डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कमलेश शर्मा एवं पीएमओ डॉ प्रभाकर विजय एवं डॉ रघुवीर मीणा मौजूद रहे। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने जिले वासियो को संदेश देते हुए कहा की स्वास्थ्य के संबंध मै जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कॉक्लियर इंप्लांट के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि सुनने की समस्या बेहद गंभीर है, जिसके लिए व्यापक जागरूकता जरूरी है। बचपन में यदि कोई लापरवाही हो तो उसे गंभीरता से लेना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम लगातार जारी रहने चाहिए। डा सामर ने बताया की कॉक्लियर इम्प्लांट एक चिकित्सीय उपकरण है जो गंभीर श्रवण हानि वाले लोगों के लिए ध्वनि लोटा सकता है। यह श्रवण यंत्रों से अलग है, जो केवल ध्वनि को बढ़ाते हैं। कॉक्लियर इम्प्लांट क्षतिग्रस्त आंतरिक कान को बायपास करता है और श्रवण तंत्रिका को सीधे उत्तेजित करता है, जिससे मस्तिष्क को ध्वनि संकेत मिलते हैं। इसमें दो मुख्य भाग होते हैं, एक बाहरी हिस्सा जो कान के पीछे पहना जाता है और एक अंदरूनी हिस्सा जिसे शल्य चिकित्सा द्वारा कान में प्रत्यारोपित किया जाता है। कॉक्लियर इम्प्लांट से आसानी से सुनाई देने लगता है, शोरगुल वाले वातावरण में सुनने की क्षमता में सुधार आता है, संगीत का आनंद ले सकते हैं। वहीं सामाजिक अलगाव की भावनाओं में कमी आती है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार आता है। जिला स्तरीय जनचेतना रैली के दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. कमलेश शर्मा, पीएमओ डॉ. प्रभाकर विजय, ईएनटी अनुभाग के डॉ.रघुवीर मीणा , सहित जिला अस्पताल स्टॉफ एवं सीएमएचओ विभाग के कार्मिक मौजूद रहे। डिप्टी सीएमएचओ डॉ कमलेश शर्मा ने बताया की आगामी 9 मार्च तक जिले मै विविध गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को जगरूक किया जायेगा ।

## जन्मदिन पर लिया अंगदान का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** कहा जाता है इंसान को जीवन में ऐसा काम करना चाहिए ताकि उसे मरणोपरांत भी सम्मान मिलता रहे। अंगदान व नेत्रदान कुछ ऐसे दान है मरणोपरांत भी दानदाता को किसी न किसी अंग के रूप में जीवित रखता है। पिछले एक वर्ष से झालावाड़ जिला अंगदान के क्षेत्र में भारत वर्ष में अपना परचम लहरा रहा है, जिले के मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ रामसेवक योगी द्वारा जिले में अंगदान के लिए जागरुकता लाने हेतु सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर भरपूर प्रयास किए जा रहे है , लोग विशेष उपलक्ष्य पर अंगदान का संकल्प ले रहे है।

डीजे कोर्ट की मांग को लेकर रोड़ शो आज

# लगातार 11 वें दिन भी अधिवक्ता बैठे क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल पर, 20 दिनों से पेन डाउन हड़ताल जारी

- 05 मार्च को कोटपूतली बंद का आह्वान, कस्बे के अग्रसेन तिराहा पर आयोजित होगी विशाल जनसभा
- विभिन्न व्यापार संघों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं ने दिया कोटपूतली बंद को समर्थन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर आन्दोलन अब बड़ा रूप लेता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली के तत्वाधान में अधिवक्ता विगत 20 दिनों से निरन्तर धरना प्रदर्शन के साथ-साथ पेन डाउन हड़ताल एवं क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल तक कर रहे है। इस दौरान यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में 15 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है। पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है।

सोमवार को संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में कन्हैया लाल गुर्जर, भोजराज यादव, रामौतार नाहर, संजय यादव, योगेश सैनी ने क्रमिक अनशन किया। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। वहीं न्यायालय परिसर पहुँचे भाजपा नेता मुकेश गोयल, जिला पार्षद मंजू रावत व किताब देवी, सरपंच सुबेदार जयसिंह रावत, पार्षद मनोज देवी, प्रेम जांगिड़, प्रमोद गुरूजी, राकेश सैनी, सोनू आर्य, शांति देवी, विष्णु सिंह, हीरालाल पायला आदि ने अपना समर्थन डीजे कोर्ट की मांग को दिया। वहीं प्रधान नेहा रावत, अमाई सरपंच लीलाराम गुर्जर, कंवरपुरा सरपंच जगदीश यादव, नारेहड़ा सरपंच संजू कंवर, सरपंच संघ विराटनगर के अध्यक्ष शीशराम दायमा, सरपंच संघ जयपुर जिला की ओर से मेहरसिंह धनकड़ व ओमकार लाम्बा ने भी अपना समर्थन अधिवक्ताओं को दिया। साथ ही अशोका कोचिंग संस्थान, फल-सब्जी मण्डी समिति, डाबला रोड़ मार्केट, टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ मार्केट, शरण मार्केट, एलबीएस मार्केट, श्री जयसिंह गौशाला, गहलोत मार्केट आदि ने भी बंद को अपना समर्थन दिया। उल्लेखनीय है कि डीजे कोर्ट की माँग को लेकर निरन्तर सम्पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। इसको लेकर अब अभिभाषक संघ आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहा है। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का कहना है कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी। इस दौरान समस्त सैशन, सिविल व रेवन्यू कोर्ट में पेन डाउन हड़ताल के साथ-साथ न्यायिक कार्यो का बहिष्कार रहेगा। साथ ही एसडीएम, तहसील न्यायालय व सब रजिस्ट्रार कार्यालय में भी हड़ताल रखी जायेगी एवं समस्त स्टाम्प वेंडर, डीडराईटर भी हड़ताल में शामिल रहेगें। इस दौरान अध्यक्ष उदयसिंह तंवर, उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, सचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रवक्ता मुकेश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल सिंह चौधरी, जितेन्द्र रावत, दयाराम खटाना, राजेन्द्र रहीसा, चेतराम रावत, हजारी लाल यादव, राजेन्द्र चौधरी, सागरमल शर्मा, बजरंग लाल शर्मा, नवीन जैफ, अरविन्द गुर्जर, ओमप्रकाश सैनी, विकास मीणा, विजय सैनी, सुदेश मीणा, हरिश चंद चतुर्वेदी, मधुसुदन अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, अमरसिंह पूनियां, अनिल गौड़, नीशू सैनी,प्रेमचंद गुर्जर, सुभाष गुर्जर समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

**रोड़ शो का आयोजन मंगलवार को :** कोटपूतली में डीजे कोर्ट की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में रोड़ शो का आयोजन मंगलवार को किया जायेगा। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने बताया कि अधिवक्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर से रवाना होकर अग्रसेन तिराहा पहुंचेगें। जहाँ सभी व्यापार संगठनों के साथ रोड़ शो निकाला जायेगा। वहीं बुधवार 05 मार्च को कोटपूतली बंद का आह्वान भी किया गया है। बुधवार को इस मांग के समर्थन में प्रातः 11 बजे अग्रसेन तिराहे पर विशाल धरना प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें व्यापारियों के साथ-साथ क्षेत्र के अधिवक्ता, आमजन व जनप्रतिनिधिगण भी भाग लेगें।

### 15 हजार मुकदमों में सुनवाई लम्बित

विगत 20 दिनों से लगातार जारी पेन डाउन हड़ताल के चलते यहाँ के सिविल व राजस्व न्यायालयों को मिलाकर 15 हजार से अधिक मुकदमों में सुनवाई लम्बित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि कोटपूतली में 04 एडीजे, 02 एसीजेएम, 01 एमजेएम व 01 एएमजेएम आदि सिविल न्यायालय एवं जिला कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम, एसीएम, तहसीलदार आदि रेवन्यू कोर्ट है। जिनमें किसी भी मामलों में सुनवाई नहीं हो पा रही है। पक्षकारों को बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्टाम्प की मारामारी हो रही है। साथ ही नोटेरी, डीडराईटर, ऑथ कमिश्नर, स्टॉम्प वेंडर, कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि भी डीजे कोर्ट खोले जाने की मांग को लेकर हड़ताल पर है। उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री नहीं होने के चलते भी सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।



# ग्राम स्वराज अभियान के तहत दिया गया एएनएम को प्रशिक्षण

## पांच दिन तक ग्राम पंचायत विभाग से जुड़े कार्मिको को दिया जायेगा प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पर तैनात एएनएम को पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाड़ी पंचायत समिति की 35 ग्राम पंचायत की एएनएम के साथ बसेड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर,निधारा और धीमरी की एएनएम भी मौजूद रही।

बाड़ी पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत यह प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन ए सोमनाथ के निर्देश पर प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम आंच दिन चलेगा। जिसमे अलग अलग प्रतिभागी भाग लेंगे। आज सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पंचायत समिति की 35 ग्राम पंचायत की एएनएम और बसेड़ी की तीन ग्राम पंचायत की एएनएम मौजूद रही।

प्रशिक्षण का उद्देश्य बाल हितेषी और महिला हितेषी ग्राम पंचायत बनाने के लिए सभी एएनएम को ट्रेंड किया गया है। और उन्हें निर्देश दिए हैं कि वे स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी ऐसी क्या योजनाएं हैं या काम हो सकते है जिनको ग्राम पंचायत पर लागू करने से ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के जीवन में विकास हो सके। इसको लेकर उन्हें जानकारी दी है। जिसे वे आने वाले दिनों में ग्राम पंचायत पर आयोजित होने वाली ग्राम सभा में रख सकेगी। जिसे ग्राम विकास योजना में लिया जा सकेगा। इसी प्रकार मंगलवार को यानि सभी ग्राम पंचायतों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को,बुधवार को ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्क सहायकों को,गुरुवार को आशा सहयोगिनियों को और शुक्रवार को कनिष्क तकनीकी सहायकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में सहायक ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार शर्मा और फिरोज खान भी मौजूद रहे।

# कूटरचित दस्तावेज बनाने के मामले में आईएएस अधिकारी मृदुलसिंह व नगर परिषद के कर्मचारियों सहित सभी छह आरोपियों को कोर्ट ने किया तलब

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** आवासीय क्षेत्र में वाणिज्यिक गतिविधियां संचालित करने और फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन पर जाली हस्ताक्षर करने के गंभीर मामले में ब्यावर कोर्ट ने आईएएस अधिकारी मृदुल सिंह समेत अन्य दोषियों को तलब किया है।

तेजा चौक, तंबाकू गली, ब्यावर निवासी कन्हैयालाल साहू ने इस संबंध में कोर्ट में इस्तगासा दायर किया था। मामला तब सामने आया जब कन्हैयालाल साहू ने अपने पड़ोसी रमेश कुमार सोनी द्वारा नगर परिषद से आवासीय निर्माण की स्वीकृति लेकर उसमें वाणिज्यिक गतिविधियां संचालित करने की जानकारी सूचना के अधिकार कानून 2005 के तहत मांगी। सूचना न मिलने पर उन्हें राजस्थान राज्य सूचना आयोग, जयपुर में द्वितीय अपील करनी पड़ी। आयोग ने नगर परिषद, ब्यावर को 15 दिनों के भीतर नि:शुल्क सूचना देने के आदेश दिए थे। तत्कालीन नगर परिषद आयुक्त एवं लोक सूचना अधिकारी आईएएस मृदुल सिंह के कार्यकाल में नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अवैध निर्माणकर्ता रमेश कुमार सोनी व अन्य से मिलीभगत कर न केवल कन्हैयालाल साहू के नाम से कूटरचित संतुष्टि पत्र तैयार किया, बल्कि उस पर उनके फर्जी हस्ताक्षर भी कर दिए। यह फर्जी दस्तावेज राजस्थान राज्य सूचना आयोग, जयपुर को भेज दिया गया। जब कन्हैयालाल साहू को इस कूटरचना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तत्कालीन आयुक्त आईएएस मृदुल सिंह को लिखित में सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद जिला कलेक्टर, ब्यावर और निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर को भी शिकायत भेजी गई, लेकिन वहां भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस पर मजबूर होकर कन्हैयालाल साहू ने अपने अधिवक्ता नीलेश बुरड़ के माध्यम से कोर्ट में इस्तगासा दायर किया। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को तलब किया है।

### कोर्ट द्वारा तलब किए गए दोषी

1. मृदुल सिंह (आईएएस) - तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर; वर्तमान पदस्थापन - CHIEF EXECUTIVE OFFICER, ZILA PARISHAD-CUM-A.D.PC., EGS & EX-OFFICIO CHIEF PROJECT OFFICER (MADA), BHARATPUR
2. रमेश कुमार सोनी - तंबाकू गली, ब्यावर
3. दीपक सोनी - तंबाकू गली, ब्यावर
4. महेश सोनी - तंबाकू गली, ब्यावर
5. मनीष सोनी - तंबाकू गली, ब्यावर
6. नगर परिषद, ब्यावर के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी ब्यावर कोर्ट ने सभी दोषियों को भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत नोटिस जारी कर 09 अप्रैल 2025 को पेश होने के आदेश दिए हैं।

# जेडीए की बड़ी कार्रवाई : तीस बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-11 में निजी खातेदारी की करीब 30 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियो को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम ऊटी, बगरू, जिला जयपुर में करीब 20 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''जगन्नाथ सिटी'' के नाम से मिट्टी-ग्रेवल व सीमेन्ट के ब्लॉक(टाईल्स) की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, साईन बोर्ड पोल लगाकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रामपुरा झांग रोड़ ऊटी बगरू, जिला जयपुर में ही करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''जगदीश विहार'' के नाम से डामर की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रामपुरा झांग रोड ऊटी बगरू, जिला जयपुर में ही करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''शीतला वाटिका'' के नाम से मिट्टी-ग्रेवल, डामर की सड़कें, सीमेन्ट के ब्लॉक की बाउण्ड्रीवाल, टीनशेडनुमा कमरा व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 76 आज तक कुल 459 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।



# डीएलसी दर को लेकर बाड़ी के किसानो का धौलपुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## बड़ी रेल लाइन को लेकर रेलवे विभाग दे रहा पुरानी दर से किसानो को मुआवजा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों काश्तकारों ने सोमवार को धौलपुर पहुंच किसान यूनियन के बैनर तले एक ज्ञापन धौलपुर कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को सौपा है। जिसमे धौलपुर से गंगापुर तक बनने बाली बड़ी रेल लाइन परियोजना में किसानों की भूमि अर्जन के बाद मुआवजा में डीएलसी की पुरानी रेट से दिए जाने का आरोप लगाते हुए नई डीएलसी रेट से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है। काश्तकार और मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सैफ सईद खां ने बताया की कलेक्टर को ज्ञापन देने से पहले सभी किसानो ने भू अर्जन अधिकारी एस.डी.एम धौलपुर साधना शर्मा के कार्यालय पहुच उनको मामले से अवगत कराया,इसके बाद धौलपुर तहसीलदार राकेश गिरी को रेलवे विभाग द्वारा किसानों की भूमि को अर्जन किए जाने को मामले में अपनी व्यक्तिगत आपत्तियां दी। किसान यूनियन के माध्यम से जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में किसानों की मांग है कि बाड़ी में डेढ़ साल पहले बाईपास रिंग रोड निकलने के बाद उनकी जमीन मौजूदा डी.एल.सी रेट से 10 गुना महंगी हो गई है। ऐसे में सभी किसानों को डीएलसी का 10 गुना मुआवजा दिया जाए व कुछ ग्रामीण इलाके किसानों के नगर पालिका क्षेत्र में आ गए हैं। मगर वह अभी भी रिकॉर्ड में ग्रामीण क्षेत्रों में दर्ज हैं। जिनकी डीएलसी बहुत कम है। उनको नगर पालिका क्षेत्र में दर्ज करके डी.एल.सी का 10 गुना मुआवजा किसानों को रेलवे विभाग द्वारा मुहैया कराया जाए। ज्ञापन के दौरान सीताराम कुशवाहा (उपाध्यक्ष) किसान यूनियन धौलपुर,शकील कुरेशी अध्यक्ष वक्फ बोर्ड कमेटी बाड़ी,सैफ सईद खान अध्यक्ष मुस्लिम समाज बाड़ी,सलमान सईद खान, रामनिवास भगत,लल्लू राम भगत,रामेश्वर कुशवाहा,ईश्वरी प्रसाद,मांगीलाल कुशवाह,नेनुआ कुशवाहा,रामजीलाल कुशवाह,जनडेल कुशवाहा,राकेश कुशवाहा,खुशी लाल, सुखवीर, ताराचंद,नंदन,राम अवतार,चंदन,मनीषा,विमलेश, ओमवती,अनार देई,रामस्वरूप के साथ दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# शिवप्रकाश गुर्जर ने किया सचिन पायलट का स्वागत

बढ़ता राजस्थान




**परबतसर ( नि.स. )।** सोमवार को कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं जनप्रिय नेता सचिन पायलट का पाली जाते समय मांगलियावास, नसीराबाद आगमन पर कांग्रेस नेता शिवप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में स्वागत किया । इस मोके पर पीसांगन ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चौहान ,श्रीनगर ब्लॉक अध्यक्ष संपत सिंह राठौड़, नसीराबाद शहर पूर्व अध्यक्ष अजय गौड नागेलाव सरपंच सुवालाल चौहान बुधवाड़ा सरपंच जगदीश गुर्जर, मकरेड़ा सरपंच हनुमान वैष्णव बिठूर पूर्व सरपंच बीरा जी काठात, सरपंच भेरूलाल गुर्जर करनोस सरपंच मोतीलाल गुर्जर श्रीनगर उप प्रधान चमन चीता अलीपूरा पूर्व सरपंच याकूब अली डॉक्टर जमाल अली , पूर्व सरपंच रामलाल डोडियाना लीडी पूर्व सरपंच लक्ष्मण सगीर अहमद रवि कुमावत पेमाराम दिलीप जाखड़ योगेश परिहार सोनू जाटोलिया अनिल जेठाना टिल्लू जेठाना इब्राहिम चंदेल रतन बोहरा मोहसिन खान पंचायत समिति सदस्यगण व सरपंचगण और सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकना सभी विभागों की जिम्मेदारी : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. ) ।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों को आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोकने में विभागीय दायित्व निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि आकस्मिक दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सभी विभाग पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# संसदीय राजभाषा की उपसमिति सदस्यों ने की डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से भेंट

## इतिहास, संस्कृति, पर्यटन एवं समसामयिक विषयों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर,( दिनेश गोठवाल )।** संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति के सदस्यों ने सोमवार को अपनी उदयपुर यात्रा के दूसरे दिन सिटी पैलेस का भ्रमण किया। पूर्व राजपरिवार सदस्य डॉ लक्ष्यराज सिहं मेवाड़ से उपसमिति सदस्यों ने भेंट की। मेवाड़ और सदस्यों के बीच विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। डॉ लक्ष्यराज सिंह ने मेवाड़ के समृद्ध इतिहास, यहां की संस्कृति, सिटी पैलेस व अन्य पर्यटन स्थलों के महत्व आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। समसामयिक विषयों पर भी व्यापक विचार-विमर्श हुआ। उपसमिति सदस्य मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास-परम्परा से अभिभूत हुए और उदयपुर शहर की सुंदरता की प्रशंसा की। गौरतलब है कि संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति के सदस्य तीन दिवसीय उदयपुर यात्रा पर है।

उपसमिति में लोकसभा सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बलकर, राज्यसभा सदस्य इराना कदादी, नीरज डांगी व संगीता यादव शामिल हैं।

# उषा मित्तल बनी अपना घर महिला इकाई की अध्यक्ष नीलम मंगल को सचिव और रोशनी को मीडिया की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड़ स्थित अपना घर में महिला इकाई का निर्विरोध निर्वाचन किया गया है। जिसमें ऊषा मित्तल को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सचिव पद की जिम्मेदारी नीलम मंगल को सौंपी है। दो वर्षों तक उषा मित्तल और उनकी टीम संगठन की जिम्मेदारी संभालेगी। अपना घर मे भर्ती मरीजों की सेवा में घर सेवा समिति महिला इकाई की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव आर्य समाज मंदिर बाड़ी में सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से उषा मित्तल को अध्यक्ष चुना गया,सचिव नीलम मंगल,कोषाध्यक्ष लता मंगल को बनाया गया।

# महाकुंभ वाले आईआईटीएन बाबा को जयपुर पुलिस ने पकड़ा

## सुसाइड की धमकी दी थी; उसके पास गांजा मिला, कुछ देर में जमानत पर छोड़ा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** महाकुंभ से चर्चा में आए आईआईटीएन बाबा अभय सिंह जयपुर पुलिस ने हिरासत में लिया। हालांकि कुछ देर बाद उसको जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस को उसके पास से गांजा मिला है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, अभय सिंह ने सोशल मीडिया पर सुसाइड करने की धमकी दी थी। पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस करके जयपुर के एक होटल से उसे पकड़ा और पूछताछ की। इस दौरान उसने नशे में फोन करने की बात कही।

### मेरे पास थोड़ा सा प्रसाद (गांजा) मिला है

पूरे मामले पर आईआईटीएन बाबा ने कहा- थोड़ा सा प्रसाद (गांजा) मिला है। किसी ने बोल दिया था बाबा सुसाइड करने वाले हैं। कोई अजीब से केस का बहाना लेकर आए थे। मैंने उनसे कहा अब इस प्रसाद पर केस करोगे तो कुंभ में इतने सारे लोग पीते हैं, सभी को गिरफ्तार करो। भारत के अंदर तो ये अंडरस्टुड है। एनडीपीएस की एफआईआर दर्ज की है।

### कंट्रोल रूम पर मिली थी सुसाइड की सूचना

पुलिस उपायुक्त दक्षिण जयपुर दिगंत आनंद ने बताया- शिप्रापथ थाना पुलिस को पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि होटल पार्क क्लासिक में अभय सिंह नाम का एक व्यक्ति सुसाइड करने का प्रयास कर रहा है। इस पर जांच के लिए थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा टीम के साथ होटल पहुंचे। उन्होंने बताया- होटल में अभय सिंह (35) पुत्र करण सिंह से कंट्रोल रूम से मिली सूचना का कारण पूछा तो अपने कब्जे से एक गांजे की पुड़िया निकालकर बताया कि मैंने गांजे का नशा किया था। नशे में मैंने कोई सूचना दी हो तो मेरे को जानकारी नहीं है। इस पर अभय सिंह के कब्जे से मिली गांजे की पुड़िया (1.50 ग्राम) को मौके पर ही एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किया। अभय सिंह के कब्जे से मिला गांजा की मात्रा कम होने के कारण जमानत पर रिहा कर दिया। अभय सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नोएडा में हुई थी बदसलूकी और मारपीट

आईआईटीएन बाबा अभय सिंह के साथ नोएडा में मारपीट हुई थी। वह एक निजी चैनल के कार्यक्रम में गए थे। वहां उनके साथ बदसलूकी और मारपीट हुई। इसके बाद वह नोएडा सेक्टर-26 पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। हालांकि बाद में पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर का वापस भेज दिया।

# यूएई में यूपी की महिला को फांसी

## केंद्र ने हाईकोर्ट में कहा- हमें 13 दिन बाद पता चला; 4 महीने के बच्चे की हत्या का आरोप था

बढ़ता राजस्थान

**दुबई।** यूएई में उत्तर प्रदेश के बांदा की महिला शहजादी खान को 15 फरवरी को फांसी दी गई। 33 साल की शहजादी पर 4 महीने के बच्चे की हत्या का आरोप था। वह 2 साल से दुबई की जेल में बंद थी। कोर्ट ने 4 महीने पहले उसे फांसी की सजा सुनाई थी। यूएई में भारतीय दूतावास को 28 फरवरी 2025 को यूएई सरकार से इसकी सूचना मिली थी। विदेश मंत्रालय ने आज (3 मार्च) इसकी जानकारी दिल्ली हाईकोर्ट को दी। विदेश मंत्रालय ने कोर्ट को बताया कि शहजादी का अंतिम संस्कार 5 मार्च को होगा। मंत्रालय और अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास अंतिम संस्कार के लिए शहजादी परिवार की अबू धाबी जाने में मदद करेगा। शहजादी के पिता ने दो दिन पहले इस मामले में विदेश मंत्रालय से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

### शहजादी के पिता बोले- बेटी ने कॉल पर बताया था फांसी दी जाएगी

शहजादी के पिता ने कोर्ट में दायर याचिका में दावा किया था कि 14 फरवरी को उनकी बेटी ने उन्हें कॉल पर बताया था कि उसे जेल से हॉस्पिटल ट्रांसफर किया गया है और उसे फांसी की सजा दी जाएगी। उन्होंने अबू धाबी कानून के मुताबिक शहजादी को क्षमादान दिए जाने के लिए अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास को एक लेटर भी लिखा था, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

### आगरा के रहने वाले उजैर ने शहजादी को दुबई में बेच दिया

शहजादी बांदा के मटौंध थाना क्षेत्र के गांव गोयरा मुगली की रहने वाली थी। दुबई जाने से पहले शहजादी सामाजिक संस्था रोटी बैंक में काम करती थी। उसका चेहरा एक साइड से बचपन में झुलस गया था। साल 2021 में उसका फेसबुक के जरिए आगरा के रहने वाले उजैर से संपर्क हुआ। उजैर ने झूठ बोल कर शहजादी को अपने जाल में फंसा लिया। उजैर ने चेहरा सही करवाने के लिए शहजादी को आगरा बुला लिया। इसके बाद उसे इलाज करवाने के नाम पर नवंबर, 2021 में दुबई में रहने वाले दंपती फैज और नादिया के हाथों बेच दिया।



# राम मंदिर पर ग्रेनेड अटैक की साजिश

## हरियाणा-गुजरात पुलिस ने आईएसआई आतंकी पकड़ा

## अयोध्या का रहने वाला, दिल्ली के हैंडलर के टच में था

बढ़ता राजस्थान

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** हरियाणा में फरीदाबाद से पकड़ा गया आतंकी अब्दुल रहमान (19) अयोध्या स्थित राम मंदिर पर हैंड ग्रेनेड से हमला करने की साजिश को अंजाम देने वाला था। वह फैजाबाद से फरीदाबाद हैंड ग्रेनेड लेने ही आया था। वापस लौटकर उसे अटैक करना था। ये सारा काम वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर कर रहा था। हैंड ग्रेनेड भी इसे आईएसआई के हैंडलर ने ही दिए थे। फरीदाबाद में वह नाम बदलकर छुपा हुआ था। हालांकि इससे पहले ही रविवार शाम को डीआईजी सुनील जोशी और डीएसपी एसएल चौधरी की अगुआई में गुजरात ञ्जस् और फरीदाबाद एसटीएफ की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो का इनपुट भी उनके काम आया। जब उसे पकड़ा गया तो उसके पास 2 हैंड ग्रेनेड भी थे। जिन्हें डिफ्यूज कर दिया गया।

# सुप्रीम कोर्ट की अलाहबादिया को शो शुरू करने की इजाजत

## कहा- शो में केस पर टिप्पणी न हो, सभ्यता और नैतिकता बनाए रखें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया को अपने पॉडकास्ट द रणवीर शो को दोबारा शुरू करने की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने शर्त रखी कि वो अपने शो में कुछ भी अश्लील नहीं दिखाएंगे।

यूट्यूबर ने कोर्ट में एक आवेदन दायर कर कोर्ट के आदेश के उस हिस्से को हटाने की मांग की थी, जिसमें शो को प्रसारित करने से रोक दिया गया था।

दरअसल, समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में माता-पिता पर अभद्र टिप्पणी के विवाद के बाद देश के कई शहरों में उन पर स्नद्धक्र हुई थीं। इसके बाद अलाहबादिया के पॉडकास्ट द रणवीर शो में सेलिब्रिटीज ने आने से इनकार कर दिया था।

अलाहबादिया ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी कि जिसमें मांग की थी कि उनके खिलाफ दर्ज हो रही स्नद्धक्र और



गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने 18 फरवरी को रणवीर की याचिका पर अंतरिम आदेश देते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी और कहा था कि रणवीर और उनके साथी अगले आदेश तक कोई भी शो नहीं करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने 3 शर्तें रखीं

- जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा, शो के दौरान अलाहबादिया कोर्ट में चल रहे इस केस के बारे में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे।
- फिलहाल वे देश छोड़कर नहीं जा सकेंगे। जांच में शामिल होने के बाद ही अनुमति दी जा सकती है।
- सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए शो बनाएंगे। इसके लिए उन्हें अंडरटेकिंग देनी होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आप में से कोई एक कनाडा गया था और इस केस के बारे में बात की। इन युवाओं को लगता है कि वे कुछ यादा ही जानते हैं। हमें पता है कि इन्हें कैसे ठीक करना है।

कोर्ट की इस टिप्पणी पर अलाहबादिया के वकील ने कहा, जिन लोगों ने ऐसे कमेंट किए हैं, उनका मेरे मुवक्किल (क्लाइंट) से कोई कनेक्शन नहीं है। अलाहबादिया कोई भी अभद्र टिप्पणी नहीं करेंगे। एक भी अमर्यादित शब्द नहीं कहेंगे।

# उमर अब्दुल्ला बोले- भाजपा से गठबंधन का सवाल ही नहीं, हमारा नजरिया बिल्कुल अलग

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन की संभावनाओं से इनकार किया। उन्होंने कहा- भाजपा के साथ गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता।

मारी राजनीतिक विचारधारा और प्राथमिकताएं बिल्कुल अलग हैं, विशेषकर जम्मू-कश्मीर को लेकर। साझेदारी की न कोई संभावना है और न ही जरूरत।

विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए पहुंचे अब्दुल्ला ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही। दरअसल भाजपा विधायक आरएस पठानिया ने जम्मू-कश्मीर गठबंधन के संकेत दिए थे।

उन्होंने कहा था कि हम जम्मू-कश्मीर के हितों और विकास के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं। भविष्य में समय सब बताएगा।



गठबंधन के बावजूद कांग्रेस सरकार में नहीं 90 सीटों की विधानसभा में एनसी के 42 और कांग्रेस के 6 विधायक हैं। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हैं। चुनाव के नतीजे आने के बाद चार निर्दलीय विधायकों ने एनसी को समर्थन का ऐलान किया था। इसके बाद उमर ने कहा था कि अब हमारी संख्या 46 हो गई है। इसके बाद कांग्रेस ने सरकार में शामिल न होकर बाहर से समर्थन देने का फैसला किया था।

# जयपुर में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन की कॉपी लेना हुआ महंगा

## अब 50 रुपए देने होंगे, रिकॉर्ड जांच की फीस भी 10 गुना तक बढ़ाई

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना महंगा हो गया है। नगर निगम आयुक्त ने एक आदेश जारी करके जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की रजिस्ट्रेशन की अतिरिक्त कॉपी का शुल्क बढ़ाकर 50 रुपए कर दिया है। इसके साथ ही रिकॉर्ड की जांच अगर कोई करवाता है तो उसे 20 रुपए देने होंगे। नगर निगम से जारी आदेश के मुताबिक अब अगर कोई व्यक्ति जन्म या मृत्यु रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र की अतिरिक्त कॉपी नगर निगम से लेता है तो उसे प्रति कॉपी 50 रुपए का शुल्क देना होगा। अभी तक ये शुल्क नगर निगम में 10 रुपए प्रति कॉपी लिया जाता है। इसके अलावा कोई आवेदन अपने रिकॉर्ड की जांच करवाता है तो उसे 2 रुपए के बजाए 20 रुपए जांच शुल्क देना होगा।

# स्टालिन बोले- तमिलनाडु के लोग जल्द बच्चा पैदा करें

## वरना हमारे 8 सांसद कम होंगे, फैमिली प्लानिंग पॉलिसी राज्य के लिए नुकसानदायक

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्य के लोगों से जल्द से जल्द बच्चे पैदा करने की अपील की है। उन्होंने कहा- पहले हम कहते थे, आराम से बच्चे पैदा करो, लेकिन अब हालात बदल गए हैं, इसलिए तुरंत बच्चे पैदा करने की जरूरत है। राज्य में जनसंख्या के आधारित परिसीमन होने से राज्य की लोकसभा सीटें घट सकती हैं, जिससे राज्य का पॉलिटिकल रिप्रेजेंटेशन कम हो जाएगा। तमिलनाडु की सफल फैमिली प्लानिंग पॉलिसी अब राज्य के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। स्टालिन ने तमिलनाडु के भविष्य पर चर्चा करने के लिए 5 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने सभी विपक्षी दलों से इसमें शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर हमें एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी। दरअसल, स्टालिन सोमवार को नागपट्टिनम जिले के पार्टी सेक्रेटरी की वेडिंग एनिवर्सरी में शामिल होने पहुंचे थे।

यहीं पर उन्होंने राज्य की जनता से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की। फैमिली प्लानिंग पॉलिसी से राज्य को नुकसान 25 फरवरी को कैबिनेट बैठक के बाद बोलते हुए भी स्टालिन ने इस बात पर जोर दिया था कि तमिलनाडु में फैमिली प्लानिंग पॉलिसी को सफलतापूर्वक लागू करने से राज्य अब नुकसान की स्थिति में है। अगर जनसंख्या जनगणना के आधार पर परिसीमन लागू होता है तो तमिलनाडु को आठ सांसद खोने पड़ेंगे।

# आरयूएचएच के नए कुलपति बने डॉ. प्रमोद येवले

## इंटरव्यू के एक माह बाद राज्यपाल ने जारी किए आदेश; मौजूदा कार्यवाहक वीसी को इंटरव्यू के लिए भी नहीं माना था योग्य

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने एक आदेश जारी करके राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज के कुलपति की नियुक्ति की है। महाराष्ट्र से इंटरव्यू देने आए डॉ. प्रमोद येवले को क्रा।स् का नया कुलपति बनाया है। करीब एक माह पहले कुलपति के लिए इंटरव्यू हुए थे, जिसके बाद से ये रिजल्ट रुका हुआ था।

कार्यवाहक कुलपति डॉ. धनंजय अग्रवाल को इंटरव्यू के लिए गठित कमेटी ने अयोग्य घोषित कर दिया था। इसके बाद से लगातार विरोध शुरू हो गया था। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राजस्थान ब्रांच ने एक पत्र राज्यपाल को लिखकर डॉ. येवले को कुलपति नहीं बनाने की मांग करते हुए बाहरी का विरोध जताया था।

आपको बता दें डॉ. येवले महाराष्ट्र में सीनियर फार्मासिस्ट रह चुके हैं और महाराष्ट्र की डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के कुलपति भी रह चुके है।

### इंटरव्यू निरस्त करवाने की चर्चा

आईएमए के इस पत्र के बाद मेडिकल सेक्टर से जुड़े लोगों में ये चर्चा शुरू हो गई थी कि इस इंटरव्यू को निरस्त करवाया जा सकता है। इसे लेकर उच्च स्तर पर कुछ लोगों ने प्रयास भी किए थे, लेकिन आखिरी एक माह बाद इंटरव्यू का रिजल्ट जारी किया गया। प्रो. प्रमोद येवले के कार्यभार संभालने की तिथि से 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की नियुक्ति की गई।

# स्टूडेंट्स को स्कूल में स्मार्टफोन लाने से नहीं रोक सकते

## दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- गाइडलाइन फॉलो करें, पॉलिसी बनाएं; ऑर्डर कॉपी शिक्षा निदेशालय भेजी गई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूलों में स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने बैन नहीं लगा सकते हैं। लेकिन स्कूल स्मार्टफोन को लेकर पॉलिसी बनाए और उसकी निगरानी करे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने पर नियम तय किए। जज अनूप जयराम भंभानी ने कहा- वर्तमान में एजुकेशन के लिए टेक्नोलॉजी जरूरी हिस्सा बन गई है। स्मार्टफोन पर पूरी तरह से पाबंदी लगाना सही नहीं है। स्मार्टफोन से बच्चे अपने माता-पिता से जुड़े रहते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी बनी रहती है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि स्कूलों में स्मार्टफोन यूज के नियमों को तोड़ने पर सजा तय हो, लेकिन यह बहुत सख्त भी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सुझाव दिया कि स्कूल जरूरत पड़ने पर सजा के तौर पर स्मार्टफोन जब्त कर सकते हैं।

# काम नहीं होने से सत्ताधारी विधायक छाती पीट रहे : पायलट

## केंद्र सरकार कुछ लोगों को फायदा पहुंचा रही, जनता के साथ मजाक हो रहा

बढ़ता राजस्थान

**पाली।** एआईसीसी महासचिव और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा- प्रदेश की सरकार का अभी तक का सवा साल कार्यकाल मेरी नजर में निराशाजनक है। सत्ताधारी पार्टी के विधायक भी काम नहीं होने से छाती पीट रहे है। प्रशासन पर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है।

किरोड़ीलाल मीणा मंत्री है या नहीं यह पता ही नहीं चल रहा। वे इस्तीफा देना चाहते है, लेकिन सरकार स्वीकार नहीं कर रही है। उनके विभाग में काम नहीं हो रहे। यह प्रदेश की जनता के साथ मजाक हो रहा है। मंत्री मीणा ने जो मुद्दे उठाए, उसका प्रदेश की भाजपा सरकार को जवाब देना चाहिए।

सचिन पायलट सोमवार को पाली में हृस्द्ब की नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो यात्रा में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह बात कही।

### नकल रोकने के लिए भाजपा ने बड़े- बड़े दावे किए

रीट परीक्षा में अभ्यर्थियों की जनेऊ उतारे जाने के सवाल पर पायलट ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए बड़े-बड़े दावे किए। लेकिन उस पर उन्हें पर्याप्त कामयाबी नहीं मिली। अभी भी कई विसंगतियां है, जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने पर काम कर रही है। शेयर मार्केट हो, बैंक से लोन देने का काम हो, कुछ लोगों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। आर्थिक अपराध हो रहे है। जिनकी परतें अब खुल रही है। भाजपा नेताओं को जनता के बीच आकर उनका जवाब देना होगा। राहुल गांधी भी जेपीसी की मांग को लेकर मुद्दा उठा चुके है। उन्होंने कहा- प्रदेश में किसानों की फसल खरीद समय पर नहीं हो रही। कांग्रेस सरकार के समय जो जिले



बनाएं गए, उन्हें भाजपा सरकार मनमर्जी से खत्म कर रही है। प्रदेश में कांग्रेस के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस मजबूत है। विधानसभा में जनता के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा रहे है। भाजपा सरकार के मंत्री ढंग से जवाब तक नहीं दे पा रहे।

### वोट नहीं मांग रहे, सामाजिक सरोकार निभा रहे

पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट ने कहा- एनएसयूआई की ओर से यह जो नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो साइकिल यात्रा जैसलमेर से जयपुर तक निकाली जा रही है। यह कोई चुनावी यात्रा नहीं है और न ही वोट मांगने के लिए निकाली जा रही है। कांग्रेस और हृस्द्ब अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए समाज कल्याण को लेकर यह रैली निकाल रही है।

# तेलंगाना टनल हादसा, 8 मजदूरों के रेस्क्यू का 10वां दिन

## रडार सर्वे में सिर्फ मेटल दिखा; वैज्ञानिकों का सुझाव- बचाव कार्य के लिए नई जगह तलाशें

बढ़ता राजस्थान

**तेलंगाना।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में सुरंग ढहने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन का आज (3 मार्च) 10वां दिन है। वैज्ञानिकों का सुझाव था कि अंदर फंसे हुए 8 लोगों को निकालने के लिए नई जगह तलाशनी चाहिए। लिहाजा रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए खुदाई के लिए नई जगह ढूंढी जा रही है।

हैदराबाद स्थित नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने सुरंग के अंदर लोगों का पता लगाने के लिए ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार सर्वे किया था। इसमें सिर्फ मेटल का पता चला।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने रविवार को सुरंग स्थल का दौरा किया और बचाव अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा- 8 फंसे हुए मजदूरों का सही स्थान अभी तक पता नहीं चल पाया है



लेकिन सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है, ताकि बचाव कार्य में तेजी लाई जा सके। जैसे ही कन्वेयर बेल्ट की मरम्मत पूरी हो जाएगी बचाव कार्य में तेजी आएगी। कन्वेयर बेल्ट सिल्ट निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसकी मरम्मत सोमवार तक पूरी हो जाने की उम्मीद है। भारत राष्ट्र समिति की एमएलसी के कविता ने सोमवार को तेलंगाना सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि एसएलबीसी टनल हादसे में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए सरकार ने पूरी कोशिश नहीं की। उन्होंने यह भी कहा-यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि कई राज्यों के मजदूर कई दिनों से फंसे हैं। बचाव कार्य और बेहतर समन्वय के साथ किया जा सकता था। मुझे लगता है कि राज्य सरकार ने अपनी पूरी ताकत नहीं लगाई। मुख्यमंत्री घटना के सात दिन बाद पहुंचे और वहां भी उन्होंने राजनीतिक भाषण दिया।



# सर्कुलर इकोनॉमी के लिए योजनाएं लागू की जा रही : सीएम

# 326 एकड़ जमीन को दोबारा उपयोग के लिए तैयार किया गया, पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए विकास करेंगे : भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए नई पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम को संबोधित करते हुए कहा- राज्य में कचरा प्रोसेसिंग की क्षमता 21 लाख मैट्रिक टन से बढ़ाकर 45 लाख मैट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, ग्रीन बजट के तहत 27,854 करोड़ रुपए की परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। इससे सतत विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा- पुराने वाहनों के निष्पादन, आरडीएफ और जैविक उर्वरक के उपयोग, ई-वेस्ट के निस्तारण और ट्रीटेड वॉटर की नीति पर राज्य सरकार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया- राजस्थान में सर्कुलर इकोनॉमी को सशक्त करने के लिए कई नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। सरकार निजी क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग को भी प्रोत्साहित करेगी, ताकि संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सके। 250 करोड़ रुपए की लागत से सर्कुलर इकोनॉमी पार्क और स्वच्छ और हरित केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, ग्रीन बजट में 27,854 करोड़ रुपए की ग्रीन परियोजनाएं शामिल हैं, जिससे पर्यावरण को संरक्षित रखते हुए विकास को गति दी जाएगी।

### लैंडफिल साइट्स से 88 लाख क्यूबिक मीटर कचरे का निष्पादन

राजस्थान में लैंडफिल साइट्स से 88 लाख क्यूबिक मीटर कचरे का निष्पादन किया जा चुका है। 326 एकड़ भूमि को दोबारा उपयोग के लिए तैयार किया गया है। एमआरएफ प्लांट्स के जरिए प्लास्टिक और ई-वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था की जा रही है। वेस्ट टू एनर्जी योजना के तहत आरडीएफ (रिफ्यूज डेराइव्ड फ्यूल) और जैविक उर्वरक के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अलावा, पानी के पुनः उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए ट्रीटेड वॉटर नीति बनाई जा रही है।

### सद्भावना केंद्रों से नागरिकों को पुनः उपयोग की सुविधा

मुख्यमंत्री ने बताया- मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को अनुपयोगी वस्तुओं को दान करने और पुन उपयोग की सुविधा दी जा रही है। इससे संसाधनों की बर्बादी कम होगी। जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलेगा। राजस्थान में सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने की दिशा में ये कदम महत्वपूर्ण साबित होंगे। सरकार ने इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और नीति निर्माण के लिए शहरों, उद्योगों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई है।



### खट्टर बोले- सर्कुलर इकोनॉमी आज की जरूरत, वेस्ट मेटेरियल का सही उपयोग जरूरी

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- वेस्ट के भंडार को रिसाइकल और रीयूज करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने राजस्थान सरकार की पहल की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में अपशिष्ट प्रबंधन और सर्कुलर इकोनॉमी की दिशा में बेहतरीन कार्य हो रहा है।

### प्रदर्शनी को बताया- सर्कुलर इकोनॉमी का उदाहरण

खट्टर ने फोरम में लगी वेस्ट मेटेरियल से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी को सर्कुलर इकोनॉमी का खूबसूरत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास अपशिष्ट को मूल्यवान संसाधन में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

## देशभक्त नरेन्द्र कौशिक और मंथरी श्रीनिवासुलु के बीच हुई ऐतिहासिक बैठक

### देशद्रोहियों और दुश्मनों के खिलाफ निडर आवाज



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (शिवशंकर)।** पंजाब और चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन महामंत्री मंथरी श्रीनिवासुलु ने हाल ही में कनाडा के मशहूर व्यवसायी नरेन्द्र कौशिक से मुलाकात की। नरेन्द्र कौशिक, जो कनाडा में शराब के कारोबार की एक बड़ी श्रृंखला और अन्य व्यवसायों के मालिक हैं, उन्होंने अपने जीवन की नई दिशा तय करते हुए अपने व्यवसाय बच्चों को सौंप दिया है। नरेन्द्र कौशिक, जो हमेशा देशद्रोहियों और देश के दुश्मनों के खिलाफ निडरता से अपनी आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने मंथरी श्रीनिवासुलु से अपनी मातृभूमि भारत के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। उनकी इस निडरता और देशभक्ति के कारण उन्हें कई बार धमकियों मिली है। इस ऐतिहासिक बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर गहन चर्चा की। कौशिक ने कहा कि वे अब अपने शेष जीवन को भारत की सेवा और विकास कार्यों में समर्पित करना चाहते हैं। मंथरी श्रीनिवासुलु ने कौशिक के इस निर्णय की सराहना की और कहा कि ऐसे समर्पित और अनुभवी व्यक्तित्व का भारत के विकास में योगदान अमूल्य होगा। बैठक को सफल बताते हुए दोनों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति जताई और भविष्य में साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। यह मुलाकात सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नरेन्द्र कौशिक का यह निर्णय देशभक्ति और समर्पण का प्रतीक है, जो अन्य प्रवासी भारतीयों को भी अपनी मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करेगा।

## राजस्थान में आज बारिश का अलर्ट

### गिरेगा पारा, जयपुर और बीकानेर संभाग में बढ़ेगी सर्दी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश-ओलावृष्टि के बाद ठंडक बढ़ गई है। प्रदेश में आज नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होगा। इसके असर से श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के आसपास बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 4-5 मार्च से बीकानेर और जयपुर संभाग में तापमान में गिरावट होने और सर्दी बढ़ने की संभावना जताई है। शेखावाटी इलाके में इस दौरान न्यूनतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो सकता है।

**श्रीगंगानगर में रहा सबसे कम तापमान**-उत्तर-पूर्वी जिलों में रविवार को दिनभर हल्के बादल छाए रहे। सीकर, जयपुर, अलवर, पिलानी, अजमेर, टोंक, उदयपुर, बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, धौलपुर, नागौर, सिरोही समेत कई शहरों में कल अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस भीलवाड़ा में दर्ज हुआ। कल सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर में दर्ज हुआ। चूरू, माउंट आबू, झुंझुनूं, दौसा, फतेहपुर, सिरोही, बारां और पिलानी में भी न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

**जयपुर में छाए बादल, दिन में रही हल्की ठंडक**-राजधानी जयपुर में रविवार सुबह आसमान साफ रहा, लेकिन दोपहर में कुछ जगह बादल छा गए। देर शाम तक आसमान आंशिक तौर पर बादलों से ढका रहा। जयपुर में अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो औसत से थोड़ा नीचे रहा। बादल छाने से जयपुर में कल दिन में भी हल्की ठंडक रही।

## सीबीआई ने बजरी माफिया के खिलाफ जांच में असमर्थता जताई

### हाईकोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर को पेश होने के लिए कहा; कोई प्रगति क्यों नहीं हुई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर को तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने सीबीआई डायरेक्टर को 17 मार्च को व्यक्तिगत रूप से अथवा वीसी के जरिए कोर्ट में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने यह आदेश प्रदेश में बजरी माफियाओं के खिलाफ अलग-अलग थानों में दर्ज मुकदमों में सीबीआई द्वारा जांच करने में असमर्थता जताने पर दिया।

अदालत ने अपने आदेश में कहा- सीबीआई डायरेक्टर पेश होकर कोर्ट को बताएं कि अदालती आदेश की पालना में इतना समय बीत जाने के बाद भी कोई प्रगति क्यों नहीं हुई। दरअसल, हाईकोर्ट ने पिछले साल 16 अप्रैल को बूंदी सदर थाने में दर्ज मामले की जांच सीबीआई को ट्रांसफर करते हुए कहा था कि सीबीआई इस मामले के अलावा चंबल और बनास नदी क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े अन्य मामलों की संयुक्त जांच करें।

### प्रदेश में अवैध बजरी के 416 मामले दर्ज

मामले में न्यायमित्र अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने कहा कि जब अदालत इस मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया था। उसके बाद अदालत के सामने आया कि प्रदेश के अलग-अलग थानों में बजरी माफिया और अवैध बजरी खनन के करीब 416 मामले दर्ज हैं। सीबीआई ने इतने सारे मामलों में जांच करने में असमर्थता जता दी थी। इस पर कोर्ट ने मौखिक रूप से सीबीआई को कुछ मामलों की संयुक्त जांच करने के लिए कहा था। कोर्ट के सामने आया कि सीबीआई ने फरवरी 2025 तक केवल बूंदी सदर थाने में दर्ज मामले के अलावा किसी अन्य मामले में कोई जांच नहीं की।





### सीबीआई ने कहा- संसाधनों की कमी

इस पर कोर्ट ने जब नाराजगी जताई तो सीबीआई की ओर से कहा गया कि इन मामलों की संयुक्त जांच के लिए सीबीआई के पास पर्याप्त संसाधन नहीं है। इसके अलावा राज्य सरकार से भी उसे अपेक्षित सहयोग नहीं मिला है। ऐसे में वह इन मामलों की संतोषजनक जांच करने में असमर्थ हैं। सीबीआई की ओर से कहा गया कि किसी भी जांच के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता होती है कि स्थानीय पुलिस से उसे नफरी उपलब्ध करवाई जाए। स्थानीय पुलिस से भी हमें कोई सहयोग नहीं मिला।

### पुलिस, खान विभाग और बजरी माफिया की मिलीभगत

कोर्ट ने मामला सीबीआई को ट्रांसफर करते हुए कहा था कि राजस्थान में बजरी माफिया, पुलिस और खान विभाग की मिलीभगत से अवैध खनन हो रहा है। ऐसे में इन मामलों पर सरकार लगाम नहीं लगा सकती। इसलिए इस मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाना चाहिए।

## फडणवीस बोले- अमित शाह से मेरी कोई शिकायत नहीं हुई

### शिंदे से विवाद की खबरें गलत; संजय राउत कहानी लिखने में सलीम-जावेद से कंपटीशन कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से विवाद की खबरों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने अमित शाह से मेरी कोई शिकायत नहीं की है। शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत कहानी लिखने में बॉलीवुड के मशहूर लेखक सलीम-जावेद से कंपटीशन कर रहे हैं।

फडणवीस सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र से पहले डिप्टी सीएम शिंदे और अजित पवार के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा- कोई युद्ध नहीं है। जो लोग हम दोनों को जानते हैं, वे जानते होंगे कि जब हम साथ होते हैं तो क्या करते हैं। हमलोग एकजुट होकर काम कर रहे हैं।

शिवसेना प्रमुख शिंदे ने कहा कि बस इतना हुआ है कि फडणवीस और मैंने अपनी कुर्सियां बदली हैं। केवल अजित पवार की कुर्सी वही है। इस पर अजित पवार ने शिंदे से मजाकिया लहजे में कहा- अगर आप अपनी कुर्सी नहीं बचा पाए तो मैं क्या कर सकता हूं।

## हाईटेंशन लाइन से युवक को लगा करंट, मौत

### छत के ऊपर से जा रहे है तार, कपड़े उतरते समय झुलसकर गिरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से सोमवार सुबह एक युवक की मौत हो गई। वह छत के ऊपर सुख रहे कपड़े उतरने के लिए गया था। बगरू थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। बगरू मोती लाल शर्मा ने बताया- करंट लगने से रविशंकर (30) पुत्र रामनारायण निवासी बकानी झालावाड़ की मौत हो गई। वह बगरु की पूनियां कॉलोनी में किराए से रहता था। सुबह 10 बजे वह छत पर कपड़े उतारने गया था। बंदरों के छत पर सुख रहे कपड़े को ऊपर लगे जाल पर पटक कर चले गए।

## सतीश पूनिया बोले- कांग्रेस नेताओं आचरण चुगलखोर पड़ोसन जैसा

### सदन में हल्ला ज्यादा कर रहे, तर्क नहीं; पेपर लीक में सभी पर कार्रवाई होगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पिछले दिनों विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चले गतिरोध को लेकर बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है कि मुझे कांग्रेस की विपक्ष की भूमिका को लेकर भी शंका होती है। मैं पिछले कुछ दिनों से देख रहा हूं। विरोध हम भी करते थे, हल्ला हम भी करते थे। लेकिन हमारा विरोध तार्किक आधार पर होता था। कांग्रेस की स्थिति हल्ला करने की ज्यादा है, तर्क नहीं है। उसके पीछे तैयारी नहीं है, कोई वेदना नहीं है। केवल उनके पुराने मुद्दे उखड़कर सामने नहीं आ जाए, इसकी फिक्र उनको ज्यादा है। इसलिए कांग्रेस के नेताओं के आचरण को देखकर लगता है कि जैसे चुगलखोर पड़ोसन होती है, उसका काम मोहल्ले में अशांति फैलाना होता है। उस किस्म का सा काम है। विपक्ष में रहने के दौरान बीजेपी ने कांग्रेस के बड़े नेताओं पर पेपर लीक में शामिल होने के गंभीर आरोप लगाए थे।



आज बीजेपी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सतीश पूनिया ने कहा कि हमें विरासत में इतनी पेचीदा व्यवस्था मिली है।

# ट्रम्प ने रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन रोके

## कार्रवाइयों का रिव्यू भी करेगा अमेरिका, यूक्रेन जंग पर साथ लाने की कोशिश

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन पर रोक लगा दी है। रक्षामंत्री पीट हेगसेथ इसके लिए अमेरिकी साइबर कमांड को आदेश दिए है। पेंटागन से जुड़े एक खुफिया अधिकारी के मुताबिक, ये आदेश ट्रम्प और जेलेंस्की की मुलाकात से पहले ही दे दिए गए थे।

इसका मकसद यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए, रूस को बातचीत में शामिल करना था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन रूस के खिलाफ की जाने वाली सभी कार्रवाइयों का रिव्यू कर रहा है। हालांकि इस बारे में सार्वजनिक तौर पर जानकारी नहीं दी गई है।

विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को कहा कि यूक्रेन के मुद्दे पर रूस को बातचीत की टेबल पर लाना जरूरी है। मार्को ने कहा कि अगर पुतिन के प्रति विरोधी रवैया अपनाया जाता है, तो उन्हें टेबल पर नहीं ला पाएंगे।

मिशन पर रोक लगाना आम बात दो पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, दो देशों के बीच कूटनीतिक और संवेदनशील बातचीत से पहले इस तरह के मिशन पर रोक लगाना आम बात है। लेकिन रूस के खिलाफ इस तरह के ऑपरेशन से पीछे हटना एक बड़ा दाव है।

अधिकारियों के मुताबिक रूस की तरफ से अमेरिकी खुफिया नेटवर्क में घुसने की कोशिश लगातार जारी है। ट्रम्प प्रशासन के पहल हफ्ते में भी रूस ने इस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया। रूस की ये कोशिशें, उसके लंबे समय से चले आ रहे मिशन का हिस्सा हैं। अमेरिका में रूस के साइबर हमले बढ़ें पिछले कई सालों में अमेरिकी अस्पतालों और बुनियादी ढांचे पर रैनसमवेयर (साइबर) हमले लगातार बढ़े हैं। इनमें ज्यादातर साइबर हमले रूस से हुए हैं। खुफिया अधिकारियों के मुताबिक इन आपराधिक हमलों को रूसी एजेंसियों की तरफ से मंजूरी दी गई थी।



यूरोप में भी इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। इनमें कम्युनिकेशन केबल को काटने की कोशिश और जर्मनी की हथियार कंपनी के ष्टश्वह्र की हत्या की साजिश शामिल हैं। पिछले साल इनमें तेजी भी देखने को मिली।

अमेरिका अब तक इन मामलों में यूरोप की मदद करता आ रहा है। लेकिन रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन को रोकने से यूरोपीय देशों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी चुनाव में रूस का दखल बढ़ा बाइडेन प्रशासन के दौरान अमेरिकी खुफिया विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव में रूस का दखल बढ़ हैं।

रूस ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में भी एक बड़ा अभियान चलाकर नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश की थी।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com